वर्ष- 12 अंक - 84
लखनऊ, सोमवार 11 नवंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



महाकुंभ के कैनवास पर रंग चढ़ाने उतरे यूपी के युवा 03

व्यापारी समुदाय सम्मान का पात्र : जगदीप धनखड़ 12

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी उप चुनाव को लेकर मीरजापुर से भरी जीत की हुंकार, कहा

# किसी के नहीं है माफिया व अपराधी

**सीएम योगी ने कांग्रेस व सपा पर जमकर साधा निशाना**

समृद्धि न्यूज

**मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी के स्टार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश से सपा-कांग्रेस को उखाड़ फेंकने की तैयारी में हैं। रविवार को आगामी उप चुनाव में जीत की हुंकार भरने मीरजापुर आए मुख्यमंत्री योगी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में भी कमल खिलाने के लिए जमीन तैयार कर गए। शक्ति-भक्ति से लबरेज मुख्यमंत्री योगी समाजवादी पार्टी पर जमकर गरजे और उनके कारनामे लोगों को याद दिलाए।

कछवां के गांधी इंटर कॉलेज के मैदान पर जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी को देख सपाई, बिटिया घबराई जैसे स्लोगन से नवाजा। उन्होंने याद दिलाया कि अयोध्या में एक बिटिया के साथ इन सपा के लोगों ने क्या व्यवहार किया था। क्या इसमें कार्रवाई नहीं होनी चाहिए थी? जब हम लोगों ने कार्रवाई की तो ऐसा लगा सपा के लोग जमीन-आसमान एक कर देंगे। कन्नौज में एक बेटी के साथ सपा के नेता ने गलत काम किया। इसीलिए मैं कह रहा हूं देख सपाई बिटिया घबराई। योगी ने कहा कि ये सपा एक प्रोडक्शन हाउस है माफिया-अपराधियों को पालने का। तभी मैं आपसे कहता हूं ये माफिया-अपराधी किसी के नहीं हैं। ये सपा माफिया-अपराधियों का गढ़ बनकर किस तरह की अराजकता फैला रही है। कृष्णानंद राय की हत्या, भाजपा विधायक की हत्या, गाजीपुर के अंदर की गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबने बदलते भारत को देखा है। पिछले 10 वर्ष के अंदर बदलते विंध्य क्षेत्र को देखा है। एक तरफ भाजपा, निषाद, सुहेलदेव पार्टी, अपना दल (एस) का ये एनडीए गठबंधन गांव-गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं और समाज के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के लिए दिखाई दे रहा है।



#### राजू पाल के परिवार को भाजपा सरकार में इंसाफ मिला

जब कृष्णानंद राय की हत्या हुई थी, तब उनके साथ रमेश पटेल भी थे, रमेश यादव भी थे। इनको गोलियों से माफिया ने भून डाला था, लेकिन तब सपा की सरकार थी और कोई भी कार्रवाई नहीं हुई थी। ऐसा ही प्रयागराज में हुआ था। राजू पाल बसपा के विधायक थे। सपा की सरकार थी। अतीक अहमद के गुंडों ने उनकी हत्या कर दी, लेकिन परिवार को न्याय नहीं मिला। न्याय तब मिला जब भाजपा की डबल इंजन की सरकार आई। उन्होंने कहा कि कभी समाजवादी आंदोलन देश का एक आदर्श माना जाता था। जयप्रकाश जी थे, डा. राममनोहर लोहिया थे, आचार्य नरेंद्र देव थे, चंद्रशेखर थे, जनेश्वर मिश्रा जी थे, मोहन सिंह जी थे, एक आदर्श था इनका। इन्होंने कांग्रेस के अराजकग्रस्त गतिविधियों के विरुद्ध आंदोलन का शंखनाद किया था। देश और लोकतंत्र के लिए लड़े थे और आज समाजवादी पार्टी पेशेवर अपराधियों और माफियाओं का गढ़ बनकर किस तरीके की अराजकता पैदा कर रही है। ये किसी से छिपा नहीं है। विकास इनके एजेंडे में नहीं समाजवादी पार्टी के लोग लूट-खसोट करते हैं, अराजकता फैलाते हैं और फिर जनता को गुमराह करने की बात करते हैं। विकास इनके एजेंडे में नहीं है। विकास केवल उनके परिवार का है। विकास से इनसे कोई लेना-देना नहीं है। ये लोग तो अराजकता में विश्वास रखते हैं।

#### प्रदेश व केंद्र सरकार की गिनाई उपलब्धियां व योजनाएं

मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश सरकार के साथ केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना, राशन, शौचालय, गैस कनेक्शन जैसी तमाम योजनाएं और उपलब्धियां गिनाई। साथ ही शासन-सुशासन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि विकास का जो क्रम मझवां से विधायक रहे डॉ. विनोद बिंद के कार्यकाल में चला था, यह सिलसिला थमना नहीं चाहिए। इसके लिए डबल इंजन होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि मझवां विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रचंड विजय का नया रिकॉर्ड बनाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी ने मझवां विधानसभा क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार सुचिस्मिता मौर्या के पक्ष में जनसमर्थन मांगा।

#### अब विंध्य क्षेत्र विकास के लिए हाथ नहीं फैलाता

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा की सरकार डबल इंजन सरकार केंद्र और राज्य में काम कर रही है। अब विंध्य क्षेत्र विकास के लिए हाथ नहीं फैलाता। विकास खुद उनके पास आता है। याद करिए कभी ये क्षेत्र खनन माफिया और भू-माफिया के लिए जाना जाता था। आज विंध्य क्षेत्र की पहचान विंध्यवासिनी धाम के भव्य कॉरिडोर के रूप में हो रही है। आज यहां स्वयं का मेडिकल कॉलेज है। यहां सोलर का सबसे बड़ा प्लांट है।

#### बंटिए मत, एक रहेंगे सेफ रहेंगे

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन गए, लेकिन संविधान अभी भी वैसे ही है। कहीं आरक्षण खत्म नहीं हुआ है। खटाखट एक लाख रुपया आने वाला था, लेकिन वह भी नहीं आया है। तभी हम कह रहे हैं बंटिए मत, एकजुट होना है। हरियाणा के बारे में सभी राजनैतिक विशेषज्ञ कहते थे कि कुछ गड़बड़ लगता है, लेकिन वहां तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। तभी कहते हैं कि बंटिए मत, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

## यूपी सरकार ने दस आईएएस अधिकारियों के किए तबादले

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में रविवार को 10 आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। शासन ने 2019 बैच की प्रतीक्षारत आईएएस अधिकारी सान्या छाबड़ा को प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की जिम्मेदारी सौंपी हैं। उदय भानु त्रिपाठी को विशेष सचिव,नगर विकास विभाग का कार्यभार सौंपा गया है।

डा. कंचन सरन को एडिशनल कमिश्नर आगरा से सचिव राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश। वहीं, वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को रिटायरमेंट से डेढ़ महीने पहले प्रतीक्षारत कर दिया गया है। उनके विभाग की जिम्मेदारी श्रम एवं सेवायोजन व खनन विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार तृतीय को दी गई है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. राजशेखर को प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) का कार्यभार सौंपा गया है। से नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के सचिव पद, पीएम कृषि सिंचाई योजना के स्टेट नोडल आफिसर और उत्तर प्रदेश भूमि सुधार निगम का चार्ज ले लिया गया है। अब उनके पास उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के प्रबंध निदेशक का पद रह गया है। उनसे लिए गए विभागों की जिम्मेदारी अनिल गर्ग को सौंपी गई है। वे वर्तमान पद के साथ स्टेट नोड अफसर, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना तथा प्रबंध निदेशक यूपी भूमि सुधार निगम के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की विशेष सचिव व जल निगम की संयुक्त प्रबंध निदेशक प्रणता ऐश्वर्या को यूपी एग्रो का एमडी बनाया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग के विशेष सचिव और विधिक बांट-माप विज्ञान के नियंत्रक प्रभाष कुमार को नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग और संयुक्त प्रबंध निदेशक जल निगम (ग्रामीण) बनाया गया है।

इसी तरह रवि रंजन को यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन के पद पर वह यथावत रहेंगे। राज्य पर्यटन विकास निगम के एमडी पर प्रतीक्षारत चल रहीं सान्या छाबड़ा को भेजा गया है। प्रणता ऐश्वर्या को यूपी एग्रो का एमडी बनाया गया है।

### संक्षिप्त समाचार

**जालसाजों ने व्यापारी से ठगे 2,09,000 रुपए, केस दर्ज**

**मुरादाबाद।** महानगर के थाना सिविल लाइंस के रामगंगा विहार निवासी व्यापारी ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अज्ञात साइबर ठगों ने लिमिटेड कम्पनी की फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा द्वारा 2,09,000 रुपये ठग लिए। थाना सिविल लाइंस इंस्पेक्टर मनीष सक्सेना ने बताया कि मामले में रविवार को केस दर्ज कर लिया गया है अैर साइबर सेल की मदद से आरोपितों की जानकारी जुटाई जा रही है। रामगंगा विहार निवासी पीड़ित राघव घावरी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह रेडीमेड कपडों का व्यवसाय करते है। सप्ताहभर पूर्व वह ब्रांडेड कपड़ों के लिए फ्रेंचाइजी के लिए तलाश कर रहे थे।

**विक्रोली में कैश वैन में साढ़े छह टन चांदी की ईंटें बरामद**

**मुंबई।** विक्रोली इलाके में चुनाव आयोग और पुलिस की टीम ने रविवार को एक कैश वेन में छह टन चांदी की ईंटें बरामद किया है। इस मामले की गहन छानबीन चुनाव आयोग और मुंबई पुलिस की टीम संयुक्त रुप से कर रही है। पुलिस के अनुसार महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग की टीम पुलिस के साथ मिलकर हर क्षेत्र में नाकाबंदी कर रही है। रविवार को विक्रोली इलाके में चुनाव आयोग की टीम ने ब्रिंक्स कंपनी के कैश वेन को रोका और उसकी तलाशी ली। इस कैश वेन में कैश की बजाय चांदी की ईंटें मिली हैं। इसके बाद चुनाव आयोग और पुलिस की टीम कैश वेन पुलिस स्टेशन में लाया और उसे बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार वैन में साढ़े टन चांदी की ईंटें थी, जिसकी कीमत करोड़ों रुपये हैं।

## लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर स्कॉर्पियो कंटेनर से टकराई, टीचर दूल्हे सहित पिता-भाई की मौत

**स्कॉर्पियो से आठ लाख कैश, 5-6 लाख के गहने व शादी के कपड़े गिफ्ट पैक मिले**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बेकाबू स्कॉर्पियो ने खड़े कंटेनर में टक्कर मार दी। हादसे में टीचर दूल्हे, उसके बिजनेसमैन पिता और भाई की मौत हो गई। तीनों बिहार के गया जिले के रहने वाले थे।

गाजियाबाद से तिलक का सामान खरीदकर अपने घर जा रहे थे।



स्कॉर्पियो से 8 लाख रुपए कैश, 5-6 लाख रुपए के गहने और शादी के कपड़े, गिफ्ट पैक मिले हैं। हादसा इतना भीषण था कि स्कॉर्पियो का आगे का हिस्सा बुरी तरह से डैमेज हो गया। रविवार सुबह 6 बजे एक्सप्रेस-वे पर काकोरी थाना के टोल प्लाजा के पास हुआ। आशंका है कि झपकी आने से हादसा हुआ। परिवार रात 2 बजे गाजियाबाद से निकला था। मरने वालों की पहचान बिहार के गया के रहने वाले सौरभ (30), उसके पिता संजय कुमार (55) और भाई गौरव (33) के रूप में हुई है। संजय गाजियाबाद में रहकर बिजनेस करते थे। उनके बेटे सौरभ की 18 नवंबर को तिलक था। शादी 8 फरवरी, 2025 को थी। संजय ने तिलक की खरीदारी करने के लिए सौरभ को गाजियाबाद बुलाया था। यहां से सामान खरीदकर दोनों बेटों के साथ घर जा रहे थे, तभी रास्ते में हादसा हो गया। सौरभ की सगाई हो चुकी थी।

### महाराष्ट्र पुलिस कस्टडी से फरार अपराधी यूपी एसटीएफ के हत्थे चढ़ा

**लखनऊ।** महाराष्ट्र के ठाणे पुलिस कस्टडी से फरार अपराधी को यूपी एसटीएफ की टीम ने शनिवार को लखनऊ इलाके से गिरफ्तार किया है। कानूनी प्रक्रिया के बाद अपराधी को महाराष्ट्र पुलिस के सुपुर्द की किया जाएगा। यूपी एसटीएफ के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) अमिताभ यश ने रविवार का बताया कि महाराष्ट्र के ठाणे पुलिस कस्टडी से फरार अभियुक्त प्रिंश कैलाश विश्वकर्मा लखनऊ से गिरफ्तार किया गया है। वह लखनऊ के इंदिरानगर का रहने वाला है। उसके पास से दो अवैध पिस्टल बरामद किया है। अभियुक्त महाराष्ट्र पुलिस की कस्टडी से फरार हो गया था, जिसकी तलाश में ठाणे की पुलिस लगी हुई थी।

## एटीएस ने भारत-नेपाल सीमा से दो संदिग्धों को पकड़ा

**होटल में ले जाकर पूछताछ, संदिग्धों के पास बैग भी मिले**

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश की एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) की टीम ने बहराइच में भारत-नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा रोडवेज बस अड्डे से बस में सवार दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। उनके पास मिले बैग की तलाश ली और पूछताछ के बाद अपने साथ ले गयी है।

एटीएस सूत्रों की मानें तो रविवार को परिवहन निगम की बस सवारियों को लेकर दिल्ली जा रही थी। कोतवाली नानपारा के हाड़ा बसेहरी गांव के पास एटीएस के जवानों ने बस को रुकवाया। रोडवेज बस में सवार दो संदिग्धों को उतारकर बसहेरी स्थित एक होटल में ले जाकर पूछताछ की। संदिग्धों के पास बैग भी मिले हैं। कार्रवाई के दौरान यूपी एटीएस के अलावा महराष्ट्र एटीएस भी शामिल रही। क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रदुम्न सिंह ने बताया यूपी एटीएस टीम ने दो युवकों को रोडवेज बस से उतारा है। एक होटल में पूछताछ की, उनके पास से चार बैग मिले हैं। इसके बाद टीम दोनों को अपने साथ लेकर चली गई। एटीएस ने किन युवकों को पकड़ा है और उनसे क्या पूछताछ हुई है उनके बारे में उन्हें कुछ जानकारी नहीं है। वहीं, स्थानीय लोगों में इस बात की चर्चा है कि पकड़े गए युवकों के चिटफंड हवाला कारोबार से जुड़े होने की संभावना है। देश विरोधी गतिविधियों में भी शामिल होने की चर्चा है।



### डेंगू मरीजों का आकंड़ा 2300 के पार, मिले 21 नए केस

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में 24 घंटे के भीतर डेंगू के 21 नए मरीज सामने आए हैं। मलेरिया का भी एक संक्रमित मिला है। जनवरी से अब तक 2327 डेंगू और 473 मलेरिया के मरीज मिल चुके हैं। सीएमओ की टीम ने 5 घरों में नोटिस जारी किया है। डेंगू के सबसे अधिक आलमबाग में 6, इंदिरा नगर में 5, अलीगंज में 4 मरीज मिले हैं। हजरतगंज में दो, चिनहट और बीकेटी में एक-एक मरीज मिला है। वहीं, मलेरिया का एक मरीज इंदिरा नगर में मिला है। सीएमओ प्रवक्ता योगेश रघुवंशी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और मलेरिया की टीमों ने 956 घरों के आसपास मच्छरजनित स्थितियों के सर्वे में कुल पांच भवन स्वामियों को नोटिस जारी किया।

## हिन्दुत्व के मूल में ही निहित है विश्व कल्याण : मोहन भागवत

एजेंसी

**जबलपुर।** योगमणि ट्रस्ट जबलपुर के तत्वावधान में योगमणि वंदनीया स्वर्गीय डॉक्टर उर्मिला ताई जामदार स्मृति प्रसंग के अवसर पर रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने वर्तमान में विश्व कल्याण हेतु हिंदुत्व की प्रासंगिकता के विषय को प्रवर्तित करते हुए अपने विचार रखे। उन्होंने सबसे पहले यह स्पष्ट किया कि क्या विश्व को कल्याण की आवश्यकता है? सारा विश्व भारत की ओर देख रहा है।

उन्होंने विश्व के संदर्भ में पाश्चात्य विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए



बताया कि जो भी विकास हुआ था अधूरा ही रहा। वस्तुतः धर्म और राजनीति को लेकर भी धर्म की और राजनीति की अवधारणा को व्यवसाय बना लिया, बाद में वैज्ञानिक युग आने के बाद वह भी शस्त्रों का व्यापार बनकर रह गया और फिर दो विश्व युद्ध हुए इस दृष्टि से सुख समृद्धि नहीं वरन् विनाश ज्यादा हुआ संपूर्ण विश्व दो विचारधारा में बंट गया।

## बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में विश्नोई गैंग का मुख्य शूटर शिवा सहित चार साथी गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स को मुम्बई के चर्चित बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में लारेन्स विश्नोई गैंग का मुख्य शूटर शिव कुमार उर्फ शिवा को उसके चार अन्य साथियों के साथ जनपद बहराईच से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में शिव कुमार गौतम उर्फ शिवा है जो मुख्य शूटर था। इसका साथी अनुराग कश्यप जो शूटर धर्मराज कश्यप का भाई तथा आश्रयदाता है।इसका तीसरा साथी ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी,चौथा साथी



आकाश श्रीवास्तव और पांचवां साथी अखिलेन्द्र प्रताप सिंह है जो आश्रयदाता/मददगार थे।

इन सभी को हाराबहसरी नहर पुलिया थानाक्षेत्र नानपारा से गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक बीती 12 अक्टूबर को रात्रि थाणे मुम्बई में महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री व फिल्म अभिनेता सलमान खान के करीबी जियाउद्दीन अब्दुल रहीम सिद्दीकी उर्फ बाबा सिद्दीकी की हत्या उनके विधायक पुत्र जीशान सिद्दीकी के खेरनगर स्थित कार्यालय के बाहर तीन अज्ञात शूटरों द्वारा गोली मार कर दी गयी थी।इसके सम्बन्ध में मु.अ.सं 589/2024 धारा 103(1), 109, 125, 3(5) बी.एन.एस व 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग थाना निर्मल नगर थाणे मुम्बई पंजीकृत हुआ था।दो शूटर धर्मराज कश्यप व गुरमेल सिंह को तत्समय गिरफ्तार भी कर लिया गया था तथा एक शूटर शिव कुमार फरार हो गया था।

### औरंगजेब समर्थक महाविकास आघाड़ी को परास्त करने का महाराष्ट्र का संकल्प : शाह

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र के फैजपुर में कहा कि औरंगजेब समर्थक महाविकास आघाड़ी को परास्त करने का संकल्प महाराष्ट्र की जनता ने ले लिया है। उन्होंने एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों को महाराष्ट्र के विकास के लिए जीताने की अपील की। अमित शाह ने फैजपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में जब औरंगाबाद का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर कर दिया तो महाविकास आघाड़ी ने इसका विरोध किया था। इन सभी को महाराष्ट्र की जनता ने पराजित करने का मन बना लिया है।

## आदिवासियों को उच्च पदों पर बर्दाश्त नहीं कर सकती कांग्रेस : पीएम मोदी

**सरकार बनने पर भ्रष्टाचारियों को दिलाएंगे कड़ी सजा : मोदी**

एजेंसी

**बोकारो।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहा कि झारखंड में भाजपा के पक्ष में प्रचंड आंधी चल रही है। रोटी-बेटी-माटी की पुकार, अबकी बार-भाजपा सरकार। उन्होंने कहा कि हमने झारखंड बनाया है और हम ही झारखंड को संवारेंगे। झारखंड गठन का विरोध करने वाले राज्य का विकास नहीं करेंगे। वे रविवार को बोकारो के चंदनकियारी में भाजपा की विजय संकल्प सभा को



संबोधित कर रहे थे।

मोदी ने कहा कि एक आंकड़ा देता हूं, जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 तक केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। मैडम सोनिया गांधी सरकार चलाती थीं और मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री के रूप में बैठाया गया था। तब केंद्र सरकार ने झारखंड को 10 साल में बड़ी मुश्किल से 80,000 करोड़ रुपये दिए थे। इसके 10 साल बाद दिल्ली में सरकार बदली। आप सबने केंद्र में अपने सेवक मोदी को सेवा करने का अवसर दिया। हमने पिछले 10 साल में 3,00,000 करोड़ रुपये से अधिक झारखंड को दिए। हमारा प्यार चार गुणा ज्यादा है। क्योंकि, झारखंड को हमने बनाया है। हम ही तो संवारेंगे। मोदी ने कहा कि भाजपा चाहती है कि गरीबों को पक्का घर मिले। शहरों और गांवों की सड़कें बनें। बिजली और पानी मिले। आपकी अपनी ये सुविधाएं कांग्रेस-झामुमो के लोगों ने लूट लिया। इनके नेता बालू तस्करी से करोड़ों कमा रहे हैं और आप मुट्ठी भर बालू के लिए तरस रहे हैं।

**आस्था**

### परिक्रमा पथ पर रात भर चलता रहा आस्थावानों का रेला, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

## चौदह कोसी परिक्रमा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**30-35 लाख श्रद्धालुओं के परिक्रमा करने की जताई जा रही संभावना**

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार अयोध्या में चौदह कोसी परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मुहूर्त से पहले उठी परिक्रमा में देर रात बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े।

जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए कुछ श्रद्धालुओं ने पांच घंटे में ही 42 किलोमीटर नाप दिया। मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ के निर्देश के बाद रात भर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी निरीक्षण करते देखे गए। परिक्रमार्थियों को किसी प्रकार की तकलीफ़ न हो, इसलिए रात भर उच्चाधिकारी भी मेला क्षेत्र में मुस्तैदी के साथ जुटे रहे। अब तक मिली जानकारी के अनुसार तकरीबन 30 से 35 लाख श्रद्धालुओं द्वारा परिक्रमा किये जाने की संभावना जताई जा रही है। यह पहला मौका है कि अयोध्या में प्रभु श्री रामलला के भव्य मंदिर समेत 5 हजार से अधिक मंदिरों की श्रद्धालुओं ने परिक्रमा की है। पूरे परिक्रमा पथ पर श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न संगठनों की तरफ से जलपान की व्यवस्था कराई गई थी। इसके अलावा नगर निगम की ओर विश्राम गृह व मोबाइल टॉयलेट के भी इंतजाम कराए गए थे। विभिन्न घाटों पर 150 से भी अधिक चेंजिंग रूम बनाये गए थे। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने बताया कि मुहूर्त के अनुसार परिक्रमा का समापन हो गया है।

#### बाहरी श्रद्धालुओं से पटी रही रामनगरी अयोध्या

14 कोसी परिक्रमा के महत्व को देखते हुए बड़ी संख्या में बाहरी श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे थे। मण्डल के जिलों के अलावा बहराइच, सीतापुर, कानपुर, लखनऊ, बरेली, गोंडा, प्रयागराज समेत अन्य जिलों के अलावा नेपाल से भी श्रद्धालु पहुंचे थे। कुछ श्रद्धालु अभी 12 नवंबर को पंचकोसी परिक्रमा करने के बाद ही लौटेंगे। कई श्रद्धालुओं ने परिक्रमा करने से पहले रविवार की सुबह सरयू स्नान किया। उसके बाद हनुमानगढ़ी और रामलला का दर्शन करने के बाद परिक्रमा उठाई। परिक्रमा पथ पर शनिवार रात 11 बजे से सुबह सात बजे तक जबरदस्त भीड़ रही। इस दौरान एक पटरी से दूसरी पटरी पर जाने के लिए भी मशक्कत करनी पड़ रही थी। मेला क्षेत्र में जलपान की दुकानें रातभर गुलजार रहीं। किसी तरह से परेशानी न हो, इसलिए 14 कोसी पथ पर निकलने वाली सभी गलियों पर बैरिकेडिंग की गई थी।

# असल चोरी तकरीबन इकतीस लाख की, गृहस्वामी ने दी तहरीर

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

- 24 घंटे गुजरने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली
- चोरों ने बंद घर का ताला तोड़कर दिया था घटना को अंजाम



शहर के एक कबाड कारोबार का व्यापारी अपने मकान में ताला डालकर उज्जैन तीर्थ के लिए गया था। इधर चोरो ने उसके बंद मकान को निशाना बनाकर लाखों की नगदी सहित जेवरात चोरी की घटना को अंजाम दिया। गृह स्वामी के दामाद की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौका मुआयना किया। मौके पर फोरेंसिक टीम ने भी अपनी जरुरत के मुताबिक नमूनें एकत्र किए। घटना के एक दिन बाद गोला अपने घर पहुंचे गृह स्वामी ने बताया कि चोरी की घटना में उसके घर से तकरीबन एक लाख नगदी सहित तीस लाख रुपये के जेवरात आदि चोरी हुए है। बडी चोरी की घटना पर क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि ने पीडित के घर पहुंचकर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। बडी चोरी की घटना को लेकर पीडित परिवार बेहद परेशान है। हालांकि गोला पुलिस देर शाम से ही सडकों पर डंडा लेकर गश्त पर निकल पडती है। और शाम को खरीदारी करने निकले सभ्य परिवारों के लोगों की बाइकों गाडियों पर डंडा फटकारती रोड साफ कराती दिखाई देती है। लेकिन 24 घंटे गुजरने के बाबजूद भी चोरी की घटना के मामले में पुलिस के हाथ खाली है।

बता दें कि शहर के मोहल्ला कुम्हारनटोला निवासी अशोक गुप्ता उर्फ टिल्लू कबाडी अपने मकान में ताला डालकर उज्जैन तीर्थ गए थे। शुक्रवार रात चोरों ने उनके तालाबंद घर को निशाना बनाकर मकान के ताले तोड़ कमरों में रखा तमाम कीमती सामान सहित नगदी व जेवरात चोरी की घटना को अंजाम दिया। अशोक के दामाद रजनीश निवासी भूतनाथ कालोनी ने घटना की सूचना पुलिस को दी थी। साथ ही अशोक को उनके मोबाइल पर बताई। फॉरेंसिक टीम गोला ने पहुंचकर टिल्लू के घर जाकर नमूने एकत्र किए। प्रभारी कोतवाल रविंद्र पांडेय ने बताया था। कि चोरी की तहरीर मिली हे। जांच की जा रही है। इधर चोरी की सूचना पर टिल्लू ने वापस घर पहुचकर बताया कि चोरों ने उनके घर से एक लाख रुपए नगदी समेत लगभग 30 लाख रुपये के जेवरत चोरी की घटना को अंजाम दिया है। साथ ही पुलिस को चोरी की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इधर रविवार को विधायक अमन गिरि ने टिल्लू के घर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। साथ ही कार्रवाई का भरोसा दिया।

## तहसील में आयोजित विधिक सेवा दिवस में दी गईं जानकारियां

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** लोगों को विधिक रूप से सक्षम बनाने के लिए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर तहसील सभागार में विधिक सेवा दिवस मना कर लोगों को प्रेरित किया गया। शनिवार को तहसील सभागार में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर विधिक सेवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एसीजेएम मोहम्मदी नीरज गौड़, सिविल जज जूनियर डिवीजन अरुण कुमार राठौर, उसिएसडीसी सौरभ त्रिपाठी, एस डी एम समेत तमाम अन्य अधिकारी/कर्मचारी भी मौजूद रहे। विधिक सेवा दिवस के मौके पर लोगों को कानून की जानकारी देकर उन्हें विधिक तौर पर अधिक सक्षम बनाने पर जोर दिया गया।

# महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




विधिक सेवा दिवस के अवसर पर तहसील सभागार में विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से महिलाओं के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कर्णिका अवध ने बताया कि यह आयोजन महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उन्हें अपने अधिकारों का संरक्षण के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समस्त न्यायालयों, प्राधिकरणों, अधिकरणों और आयोगों के समक्ष विचाराधीन मामलों में विधिक सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। गरीब और पात्र व्यक्तियों को निशुल्क अधिवक्ता भी उपलब्ध कराया जाता है। इसके साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक अधिकारों और सेवाओं के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन भी किया जाता है। लोक अदालतों में सेवा संबंधित मामले बिना किसी न्याय शुल्क के निस्तारित किए जाते हैं। वहीं न्यायिक दंडाधिकारी/सिविल जज खीरी सूर्या चौहान ने महिलाओं के सम्बन्ध में कानून की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। साथ ही उन्होंने विभिन्न कानूनी पहलुओं पर भी चर्चा की गई। इस दौरान प्रभारी तहसीलदार दिनेश कुमार, नायब तहसीलदार अखिलेश मौर्या, लेखपाल अमित भारती, एडवोकेट राम औतार मिश्रा व एडवोकेट अमित बाजपेई सहित तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मानकविहीन हो रहा नाला निर्माण, मोहल्ले के लोगों ने जताया विरोध

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



शहर के मोहल्ला मुन्नूगंज गोला देहात को नई पाईपास रोड से जोड़ने वाली सड़क के किनारे लाखों की लागत से नाले का निर्माण कराया जा रहा है। मुहल्ले वालों का आरोप है कि ठेकेदार ने बिना नींव खोदवाए नई ईंटे लगवाकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मोहल्लेवालों के लोगों का कहना है कि पहले बनाई गई नाली की दीवार पर फिर से पुरानी ईंट बिछाकर निर्माण कराया जा रहा है। मोहल्ले के लोगों मानक के आधार पर नाला निर्माण व नई निर्माण सामग्री का प्रयोग कर नाला बनाए जाने की मांग की है। मामले पर जेई मनीष गिरि ने बताया कि नाला निर्माण की उन्हे कोई जानकारी नहीं है।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** क्षेत्र में अलग अलग हुई सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल भेजा गया है। थाना मैलानी के गांव अहिरनपुर निवासी 42वर्षीय कमलेश कुमार पुत्र सुमेर सिंह, थाना हैदराबाद के गांव कोरैंया निवासी 20वर्षीय अर्पित पुत्र दाताराम घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी लाया गया।

## खेत पर लगा बिजली मोटर चोरी

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम घरथनिया में खेत पर लगा बिजली मोटर चोर खोल ले गए। तहरीर पुलिस को दी गई है। थाना क्षेत्र के ग्राम घरथनिया निवासी आदित्य कुमार शुक्ला ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि उन्होंने अपने खेत पर फसल सिंचाई के लिए बिजली मोटर लगा रखा था। जो शुक्रवार की रात चोर उसे पार कर ले गए हैं। जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नहीं हो रहा दिव्यांगों की समस्याओं का समाधान, जीवन निर्वाह को परेशान



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)**

भारतीय दिव्यांग यूनियन की बैठक में समस्याओं पर चर्चा हुई। रविवार को ब्लाक सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष सर्वेश कुमार अर्कवंशी ने की। बैठक में दिव्यांगों को रोजगार के लिए ब्याज मुक्त कर्ज की व्यवस्था कराए जाने, जिससे दिव्यांगों का जीवन यापन संभव हो सके। दिव्यांग लोगों की पेंशन में बढ़ोतरी करके 1500 की जाए, रुकी हुई पेंशन दिलाई जाए, पेंशन न मिलने से दिव्यांग लोगों को आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दिव्यांगजनों आवास, अंतोदय राशन कार्ड बनाए जाएं, भारतीय दिव्यांग यूनियन आर पार की लड़ाई लड़ने की रणनीति बना रही है। इस मौके पर हबीब, वकील अहमद, कामिल खान, हरिहर, शिवम, आदि दिव्यांगजन मौजूद थे।

## एसडीएम ने बूथों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता ने लाल बहादुर शास्त्री स्मारक इंटर कालेज, गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पब्लिक इंटर कालेज सहित कई बूथो का निरीक्षण कर बीएलओ को फार्म 6,6 ख,7,8 भरवाने के निर्देश दिए। एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता ने बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य में लापरवाही न करे और 18 वर्ष पूर्ण कर चुका कोई भी युवा मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे।

## पंचशील सेवा समिति उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में बैठक संपन्न



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** पंचशील सेवा समिति उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित एक बैठक श्री रामलखन शिक्षा निकेतन मीरपुर (बुद्ध नगर), विकास खण्ड- रेहरा बाजार, जनपद- बलरामपुर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पंचशील सेवा समिति उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष बाबू हेमन्त राव ने किया। तथा बैठक का संचालन वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सियाराम सरोज ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में सोशित समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चन्द्र लहरी व विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री गांधी इण्टर कॉलेज, खरगूपुर, जनपद- गोंडा के उप प्रधानाचार्य विद्या प्रसाद ने सहभाग किया। बैठक का प्रारम्भ तथागत बुद्ध एवं बाबासाहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात बुद्ध वन्दना, त्रिशरण गमन कर पंचशील ग्रहण किया गया।

पंचशील सेवा समिति के अध्यक्ष बाबू हेमन्त राव ने जानकारी देते हुए बताया कि आज की बैठक का उद्देश्य संगठन का विस्तार करना है। जिसके लिए प्रदेश में जिला, तहसील व ब्लॉक स्तर पर पंचशील सेवा समिति उत्तर प्रदेश का संगठन बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों के राजस्व अभिलेखों में दर्ज अम्बेडकर पार्कों को अतिक्रमण से मुक्त कराकर उसको संरक्षित किया जाना चाहिए। तथा सरकार को इस पर संज्ञान लेने तथा सरकारी धनराशि से ग्राम पंचायतों के अम्बेडकर पार्कों का जीर्णोद्धार व चहारदीवारी निर्माण कर उसमें महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित कराने, पुस्तकालय, वाचनालय एवं शौचालय आदि का निर्माण कराए जाने का प्रयास किया जाएगा। मुख्य अतिथि सुभाष चन्द्र लहरी ने बहुजन महापुरुषों की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में तथागत बुद्ध के पंचशील का आचरण करने की जरूरत है। पंचशील का आचरण करने से ही किसी भी सामाजिक आंदोलन को सफलता की ओर ले जाया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि उप प्रधानाचार्य विद्या प्रसाद ने कहा कि सामाजिक आन्दोलन के साथ हमें शैक्षिक मिशन पर भी काम करने की आवश्यकता है। और यह दायित्व हम सभी शिक्षित लोगों का है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों के अम्बेडकर पार्कों में गरीबों के बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा केन्द्र चलाया जाना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता शिवप्रसाद वर्मा ने समाज में आर्थिक आजादी का मुहिम चलाए जाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि अपने समाज व संगठन से जुड़े लोगों को कोई न कोई रोजगार व दुकान खोलना चाहिए।

# महिलाओं ने किया आंवले का पूजन, सुख-समृद्धि की कामना

- श्रद्धा-भाव के साथ मनाया गया आंवला नवमी का त्यौहार

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



नगर पालिका परिषद परिसर में आंवला नवमी का त्यौहार श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। महिलाओं ने आंवला वृक्ष का पूजन कर सुख समृद्धि और सौभाग्य की कामना की। रविवार को महिलाओं ने नगर पालिका परिषद स्थित आंवले के वृक्ष की पूजा अर्चना की। मान्यता है कि भगवान विष्णु आंवले के वृक्ष में निवास करते हैं। सतयुग का शुभारंभ भी आंवला नवमी से ही माना जाता है। रविवार को महिलाओं ने उपवास रखकर नगर पालिका परिषद परिसर स्थित आंवले के वृक्ष का पूजन किया। महिलाओं ने पूजन के बाद वृक्ष के नीचे भोजन कर व्रत का पारण किया। नगर पालिका की ओर से पूजन के अवसर पर तहरी भोज का आयोजन किया गया। पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने श्रद्धालु महिलाओं को शुभकामनाएं दीं।

# तहसील में आयोजित विधिक सेवा दिवस में दी गई जानकारियां

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



लोगों को विधिक रूप से सक्षम बनाने के लिए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर तहसील सभागार में विधिक सेवा दिवस मना कर लोगों को प्रेरित किया गया। शनिवार को तहसील सभागार में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर विधिक सेवा दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एसीजेएम मोहम्मदी नीरज गौड़, सिविल जज जूनियर डिवीजन अरुण कुमार राठौर, उसिएसडीसी सौरभ त्रिपाठी, एस डी एम समेत तमाम अन्य अधिकारी/कर्मचारी भी मौजूद रहे। विधिक सेवा दिवस के मौके पर लोगों को कानून की जानकारी देकर उन्हें विधिक तौर पर अधिक सक्षम बनाने पर जोर दिया गया।

# टूटी पुलिया से आवागमन बाधित, किसानों के साथ आम जनमानस को हो रही परेशानी

**मितौली/ पिपरझला खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



कस्ता सीतापुर रोड से पचदेवरा जाने वाले लिंक मार्ग पर लखीमपुर सीतापुर रजबहा की पुलिया करीब 1 साल से टूटी है लेकिन शासन व प्रशासन की उदासीनता के चलते अभी तक निर्माण नहीं हो पाया है। बारिश के समय तो लोगों ने वैकल्पिक व्यवस्था करके मोटरसाइकिल व पैदल आवागमन सुगम कर लिया था, लेकिन इस समय किसानों के लिए यह पुलिया एक बड़ी समस्या बन गई है। इसी पुलिया से होकर क्षेत्र के ओडहरा, धनपुर, पचदेवरा, दतेली आदि कई गांव के किसान अपना गन्ना लेकर निकलते हैं। जिससे कि उनको ट्राली लेकर निकलना बहुत मुश्किल है।क्षेत्र के किसान बाबू राम पटेल का कहना है यह पुलिया 1 साल से टूटी पड़ी है जिससे पैदल मोटरसाइकिल निकल जाती है लेकिन ट्राली भरकर गन्ना निकालना बहुत मुश्किल होता है वही सुधीर कुमार का कहना है हम लोगों को मढिया बाजार गन्ना क्रय केंद्र ले जाना पड़ता है,जबकि क्रय केंद्र हमारे गांव के निकट में ही है, लेकिन ट्राली लेकर करीब 2 किलोमीटर दूर से आना पड़ता है जिससे कि एक बड़ी समस्या बनी हुई है ।

अवनीश कुमार ने बताया की कई बार विभागीय कर्मचारियों से शिकायत की गई लेकिन पाइप डालकर इति श्री कर ली गई। अभी तक पुलिया का निर्माण नहीं हो पाया है पुलिया से गुजरने वालों के लिए समस्या बनी हुई है।

# अंर्तजनपदीय बदमाशों से दो बाईकें व तमंचा बरामद

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**




हैदराबाद थाना पुलिस ने अंर्तजनपदीय वाहन चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को चोरी की दो बाइको व एक अवैध असलहे, दो जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। प्रभारी निरीक्षक शिवा जी दुबे की अगुआई में पुलिस टीम ने शनिवार को गोला खुटार रोड पर ग्राम हरिहरपुर नहर पुल से वाहन चेकिंग के दौरान दो संदिग्धों को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपितों ने पुलिस को नाम पता अर्जुन उर्फ मुकुल पुत्र वेद प्रकाश उर्फ वेदू निवासी ग्राम सुआबोझ कालोनी थाना मैलानी, अजीत उर्फ विश्नू पुत्र वेद प्रकाश उर्फ वेदू निवासी ग्राम सुआबोझ कालोनी थाना मैलानी बताया। तलाशी व पूछताछ में आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने एक अवैध तमंचा दो जिन्दा कारतूस सहित दो चोरी की बाइकें सीडी डीलक्स व अपाचे बरामद की।

## आरोपितों के विरुद्ध दर्ज हैं कई मुकदमे

प्रभारी निरीक्षक हैदराबाद शिवाजी ने बताया। कि अजीत उर्फ बिश्नू के विरुद्ध मैलानी थाना में गुंडा एक्ट, आबकारी, अवैध शस्त्र सहित कई अन्य मामलों में मुकदमे दर्ज है। जबकि हैदराबाद में एक मुकदमा दर्ज है। दूसरे आरोपी अर्जुन उर्फ मुकल के विरुद्ध मैलानी थाना में विभिन्न मामलों में आठ तथा हैदराबाद थाने में एक मुकदमा दर्ज है।

# श्री राजेंद्र गिरी एकेडमी में मनाया नारी सशक्तीकरण दिवस

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी में नारी सशक्तीकरण दिवस मनाया गया। महिला पुलिस उप निरीक्षक अपूर्वा वर्मा, तृप्ति, महिला आरक्षी रजनी शर्मा, सुगम शर्मा, आरक्षी उमाशंकर भारती ने अपनी टीम के साथ विद्यालय में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाते हुए गुड टच तथा बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि ऐसे लोगों के प्रति कैसे प्रतिक्रिया करनी है। तथा पूरी तरह से निर्भय होकर इस विषय में अपने माता पिता, भाई बहन व परिवारजनों को बताना है। रजनी शर्मा ने छात्राओं को आत्मरक्षा की तमाम ट्रिक्स सिखाई। बताया कि छात्राएं सोशल मीडिया पर अपनी फोटो न डालें तथा आपात स्थिति में वह महिला हेल्पलाइन नं 1090 की सहायता ले सकती हैं। छात्राओं ने अपूर्वा वर्मा से बेझिझक कई प्रश्न भी किए। जिसके जबाब देकर उन्होंने छात्राओं को संतुष्ट किया। साथ ही हरकतें करने वाले प्रायः परिचित और निकटवर्ती लोगों को पहचानने व सावधान रहने की नसीहत दी। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। संचालन शिक्षिका शिवानी गुप्ता ने किया।

# 'आयुष्मान कार्ड का लाभ जरूर ले वरिष्ठ नागरिक'

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेशीय सेवा निवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद शाखा गोला गोकर्णनाथ की बैठक में आयुष्मान कार्ड को लेकर चर्चा में बताया। कि सरकार की इस योजना का लाभ सभी को लाभ लेना चाहिए।

शहर के मोहल्ला लाल्हापुर में सेंट बिलाल पब्लिक स्कूल में आयोजित बैठक में सभी वरिष्ठजनों ने कहा। कि सरकार वरिष्ठ नागरिकों के लिए तमाम योजनाएं चला रही है। जिसमें आयुष्मान कार्ड योजना भी शामिल है। बुजुर्गअवस्था में तमाम तरह के रोग और बीमारियां होती है। ऐसी अवस्था में अगर अस्पताल में भर्ती होकर इलाज कराना पड़े तो लोगों की आर्थिक समस्याओं से निजात दिलाने के लिए सरकार ने यह व्यवस्था की है। शाखा अध्यक्ष बाबूराम वर्मा, जिला उपाध्यक्ष जयपाल सिंह ने संबोधित करते हुए कहा। कि 70 वर्ष की आयु पूरी कर चुके लोगो के लिए सरकार आयुष्मान कार्ड बनाने का रास्ता बना चुकी है। यह जनसेवा केंद्र पर बनवाए जा सकते हैं। इसमें पांच लाख का इलाज निशुल्क किया जाएगा।

# हर जिले में सचल दल और विशेष जांच दल के सर्वाधिक भ्रष्ट अधिकारियों के दें नाम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी में राज्य कर विभाग के भ्रष्ट अफसर और खराब छवि रखने वाले अफसरों की शामत आने वाली है। इन लोगों की लिस्ट शासन ने मांगी है। यूपी राज्य कर के प्रमुख सचिव एम देवराज ने पिछले दिनों समीक्षा बैठक हुई थी, जिसमें जोन के आयुक्त और संयुक्त आयुक्तों को निर्देश दिया कि वो हर जिले में सचल दल और विशेष जांच दल के एक-एक सर्वाधिक भ्रष्ट अधिकारियों के नाम दें। एम देवराज ने हर अपर अप्रयुक्त ग्रेड वन व अपर आयुक्त ग्रेट 2 को इस बात आदेश दिया है कि वो विशेष जांच दल और सचल दल के सबसे भ्रष्ट और खराब अधिकारियों के नाम वे अतिशीघ्र बताएं।

एम देवराज ने जोनल स्तर पर सबसे खराब प्रदर्शन और सबसे खराब छवि वाले अधिकारियों के नाम भी खोजे हैं। सचल दल एवं विशेष जांच दल के कार्य हेतु मानक स्थापित किये गये हैं। इस मानक पर खरे नहीं उतरने वाले अधिकारियों की सूची तैयार की जाएगी। अप्रभावी अधिकारियों के नाम सरकार को भेजे जायेंगे।मोबाइल टीमों के संचालन के लिए निर्धारित मानदंड एकत्रित करों की मात्रा, वाहन निरीक्षण से जुड़े कर चोरी करने वाले वाहनों की संख्या, इलेक्ट्रॉनिक वेबिल की स्कैनिंग और क्षेत्र में कर संग्रह पर प्रभाव, 50,000 रुपये से कम के चालान हैं। कर संग्रह का किसी सहकर्मी की समग्र छवि पर क्या प्रभाव पड़ता है? जहां तक घ्विशेष जांच दल की बात है तो उसके काम के मानक तय किये जा रहे हैं। ये मानक कर संग्रह की स्थिति, केस प्रोफाइल की गुणवत्ता, प्रसारण की गुणवत्ता और रिपोर्ट की मात्रा, अधिकारी की समग्र छवि हैं। इन दो मानकों के अलावा जोनिंग अधिकारी अतिरिक्त मानक बना सकते हैं। कार्यालयो में खलबली मची हुई है।

# किसानों को लहसुन की खेती के लिए प्रोत्साहित कर रही सरकार

## एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत बनाई गई विशेष योजना, 10,000 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में लहसुन की खेती का लक्ष्य

समृद्धि न्यूज

लखनऊ,। प्रदेश में लहसुन की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत विशेष योजना बनाई है। यह मिशन भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित है। इसे प्रदेश के 45 जनपदों में लागू किया जा रहा है।



यह जनपद सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बुलन्दशहर, गाजियाबाद, बरेली, मुरादाबाद, आगरा, मथुरा, मैनपुरी, हाथरस, कानपुर, इटावा, कन्नौज, लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, रायबरेली, बाराबंकी, सुल्तानपुर, प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, बलिया, कुशीनगर, महराजगंज, बांदा, हमीरपुर, जालौन, चित्रकूट, महोबा, ललितपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र, भदोही, गोरखपुर, झांसी, अयोध्या एवं फर्रूखाबाद हैं। इस मिशन के अंतर्गत केन्द्रांश 60 प्रतिशत तथा राज्यांश 40 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। 370 से 390 रुपये प्रति किग्रा. रखी गई लहसुन के बीज की कीमत योजना के तहत प्रदेश में उद्यान विभाग द्वारा प्रति हेक्टेयर 30 हजार रुपये की अनुमन्य इकाई लागत तय की गई है।

इसमें किसानों को प्रति हेक्टेयर 40 प्रतिशत (अधिकतम 12 हजार रुपये) अनुदान दिया जाएगा। यह अनुदान प्रति किसान न्यूनतम 0.2 हेक्टेयर से अधिकतम 4.0 हेक्टेयर तक की भूमि पर उपलब्ध होगा। लहसुन का बीज राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, नई दिल्ली द्वारा किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। बीज की कीमत 370 से 390 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच रखी गई है।

### केंद्र सरकार ने योजना को दी अनुमति

10 हजार हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में लहसुन की खेती का लक्ष्य किसान इस योजना का लाभ प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक किसानों को अपने जनपद के जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में संपर्क करना होगा। इसके साथ ही, किसान योजना में पंजीकरण करने के लिए विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। लहसुन की बढ़ती मांग और उसकी गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने मसाला क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम के तहत 10 हजार हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में लहसुन की खेती का लक्ष्य रखा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए इस योजना के प्रस्ताव को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, उद्यान अनुभाग, भारत सरकार को भेजा था, जिस पर केंद्र सरकार ने अनुमति प्रदान की है।

# प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ बनाने में जुटी सरकार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के उपयोग को प्रोत्साहित करने और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश नवीकरणीय और ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (यूपीआरईवी) की स्थापना की है। इसके तहत योगी सरकार प्रदेश में ईवी चार्जिंग स्टेशनों का जाल बिछाने जा रही है। यह पहल राज्य को एक हरित और ऊर्जा-कुशल भविष्य की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

ईवी चार्जिंग के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार करने पर जोर

सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशनों के विकास के लिए व्यापक योजना बनाई है। यूपीआरईवी के तहत, राज्य के प्रमुख शहरों, राष्ट्रीय-राज्य राजमार्गों और शहरी क्षेत्रों में चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की जाएगी। इसके लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल का उपयोग किया जाएगा, जिससे निजी निवेश को आकर्षित करने में मदद मिलेगी और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में तेजी आएगी।

सरकार ने अन्य सरकारी विभागों के साथ मिलकर राज्य की भूमि को चार्जिंग स्टेशनों के लिए राइट टू यूज के आधार पर उपयोग करने की अनुमति दी है। इस पहल से राज्य के डिस्कॉम कार्यालयों, सब स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर ईवी चार्जिंग पॉइंट्स स्थापित किए जा रहे हैं। उ.प्र.सरकार की यह पहल न केवल राज्य के पर्यावरण को बेहतर बनाने में सहायक होगी, बल्कि यूपी को ईवी हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करके राज्य न केवल कार्बन उत्सर्जन को कम करेगा, बल्कि परिवहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता भी बढ़ाएगा।



### पर्यावरण संरक्षण और रोजगार सृजन को मिलेगा बढ़ावा

ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के साथ योगी सरकार का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखना है, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित करना है। चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों, इंजीनियरों और स्थानीय लोगों को काम पर लगाया जा रहा है। इससे राज्य के युवाओं को रोजगार मिलेगा और आर्थिक विकास को भी बल मिलेगा। इसके अलावा, यूपीईआरवी के माध्यम से यूपी सरकार केंद्र सरकार के साथ मिलकर प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के तहत 2000 करोड़ रुपये की सब्सिडी का लाभ उठाने की योजना बना रही है, जिससे और अधिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की जा सके।

### नए ईवी टैरिफ से उपभोक्ताओं को जल्द मिलेगी राहत

सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग के लिए बिजली दरों में भी संशोधन किया है। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) के नए आदेश के अनुसार, अब सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए टैरिफ को औसत लागत से भी कम रखा गया है। इससे इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों को किफायती दरों पर चार्जिंग की सुविधा मिलेगी, जिससे ईवी को अपनाने में तेजी आएगी। सरकार का लक्ष्य है कि ईवी चार्जिंग स्टेशनों के लिए बेहतर दरें निर्धारित की जाएं ताकि परिवहन क्षेत्र में हरित ऊर्जा का अधिक उपयोग हो सके। इस कदम से राज्य में ईवी उपयोगकर्ताओं की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है।

## उपचुनाव में सभी सीटें जीतेगी एनडीए : चौधरी

**लखनऊ/कानपुर।** उत्तर प्रदेश की जनता को विपक्ष कितना भी गुमराह करने का प्रयास करे, लेकिन अब जनता इनकी चाल में फंसने वाली नहीं है। इनकी असलियत जनता जान चुकी है और भाजपा सरकार का काम भी देख रही है। लोगों के दिल में योगी और मोदी बसे हुए हैं और उपचुनाव की सभी सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित है। यह बातें रविवार को कानपुर पहुंचे उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी मीडिया से मुखातिब होते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि पिछले सात सालों में भाजपा ने उत्तर प्रदेश के अंदर जनता से जुड़े जो काम किए हैं, केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से जिन लाभार्थियों को लाभ मिला है। इन सभी का रिपोर्ट कार्ड लेकर हम जनता के बीच पहुंच चुके हैं। उप्र की कुल नौ सीटों पर होने वाले उपचुनावों को लेकर आठ सीटों पर सीधे तौर पर जहां भाजपा का प्रत्याशी मैदान में है तो वहीं एक सीट हमारे सहयोगी दल राष्ट्रीय लोकदल के पास है। ऐसे में हम सभी नौ सीटों पर जीत दर्ज करने जा रहे हैं। जब उनसे सवाल किया गया कि पार्टी लोकसभा चुनावों के दौरान साढ़े छह सालों का रिकार्ड लेकर जनता के बीच गई थी, मगर पार्टी को अपेक्षित परिणाम नहीं मिले।

# महाकुंभ के कैनवास पर रंग चढ़ाने उतरे यूपी के युवा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/प्रयागराज।** महाकुम्भ को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विराट, भव्य और दिव्य बनाने के क्रम में रविवार से प्रदेश सरकार के साथ प्रदेश भर के युवा भी ग्राउंड जीरो पर उतर गए हैं। हरित महाकुम्भ के अभियान को आगे बढ़ाने के लिए अयोध्या, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कानपुर, कुशीनगर समेत प्रदेश भर के युवा और बच्चे चंद्रशेखर आजाद पार्क में एकत्रित हुए। महाकुम्भ के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए तरह-तरह के चित्र कैनवास पर उकेरे। इसमें महाकुम्भ के धार्मिक, सांस्कृतिक महत्व से लेकर इसे स्वच्छ बनाने के मनमोहक चित्र बनाए गए हैं। एसडीएम, मेला प्राधिकरण अभिनव पाठक के नेतृत्व में प्रयागराज को एक नया स्वरूप देने के लिए पेंट माई सिटी अभियान चलाया गया।

इस अभियान में प्रदेश के तमाम कॉलेज के बच्चों के साथ प्रयागराज में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। अभिनव पाठक ने बताया कि ग्रीन महाकुम्भ के दौरान दुनिया के इस सबसे बड़े सांस्कृतिक महा आयोजन को प्लास्टिक फ्री बनाने की मुहिम चलाई जा रही है। रविवार से शुरू इस अभियान को हर वीकेंड पर चलाए जाने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि हरित महाकुंभ का यह अभियान घर-घर पहुंचाने के लिए बड़ी संख्या में युवा आगे आ रहे हैं। इस अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय युवा, बच्चे और वृद्ध भी शामिल हुए।

हरे भरे पर्यावरण का संदेश देने के लिए प्रदेश भर से आए बच्चों ने प्रकृति सम्बंधी चित्र बनाए, जो महाकुम्भ के दौरान आने वाले देश विदेश के श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा स्रोत का काम करेंगे। यूनिवर्सिटी और विभिन्न कॉलेजों से प्रयागराज पहुंचे छात्रों ने महाकुम्भ में आने वाले लोगों के स्वागत की रूपरेखा तैयार की है। यही नहीं, हरित महाकुम्भ के उद्देश्य के तहत गंगा नदी की बेल्ट में पहले चरण में 1,34,364 पौधे लगाए जा चुके हैं। इसके अलावा अभी भी पौधरोपण का काम लगातार जारी है। महाकुम्भ के दौरान चौतरफा हरियाली के लिए परेड में भी प्लांटेशन का काम चल रहा है। महाकुम्भ की तैयारी के लिए कॉलेजों में चलेगा अभियानमहाकुम्भ में देश विदेश से आने वाले श्रृद्धालुओं के स्वागत की तैयारी के लिए योगी सरकार युद्ध स्तर पर काम कर रही है। प्रयागराज के तमाम डिग्री कॉलेजों और विद्यालयों में वीकेंड पर सामाजिक सरोकार, वर्कशॉप के अलावा पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को जागरूक करने की तैयारी है। ये युवा महाकुम्भ को लेकर प्रदेश भर में घर घर लोगों तक दिव्य, भव्य के साथ-साथ स्वच्छ और हरित महाकुम्भ की योजना साकार करेंगे।



▸ प्रयागराज का बदल रहा स्वरूप, यूनिवर्सिटी और विभिन्न कॉलेजों से पहुंचे छात्रों ने दिखाया हुनर

## खबरें एक नजर में

### जाति-जनगणना बिना ईडबलूएस कोटा अवैध : अनूप पटेल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी डा. अनूप पटेल ने लखनऊ मे कार्यकर्ता सम्मेलन मे ऐलान किया कि जातिवार-जनगणना हुये बिना जनगणना कराना देश के लिये घातक है। जाति-जनगणना के मसले पर विपक्ष ईमानदार नहीं है क्योंकि इनकी सरकारों मे भी जाति-जनगणना नहीं हो रही है।बिना आंकड़े सरकार ईडब्लूएस कोटा लागू कर देती है लेकिन ओबीसी आरक्षण को आबादी के आधार पर बढ़ाने की जगह खत्म कर रही है।केंद्रीय स्तर पर ओबीसी वर्ग के लाखों पद खाली है और ऐसा ओबीसी वर्ग के प्रधानमंत्री के रहते हो रहा है। लेटरल इंट्री से आरक्षण की मूल भावना खत्म हो रही है। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील निषाद ने जातीय संगठन खत्म कर ओबीसी महासभा को मजबूत करने को कहा।ओबीसी महासभा ने आज प्रदेश मे 6 कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया।हरदोई से मिथिलेश कुमार, ललितपुर से पुष्पेंद्रलोधी,मुजफ्फरनगर से ईश्वरप्रसाद पटेल, जौनपुर से आरएस पाल, कुशीनगर से चन्दन विश्वकर्मा, सुल्तानपुर से राधेश्याम यादव कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त हुये। कार्यक्रम मे महासभा के राष्ट्रीय महासचिव डा. रामनिवास वर्मा, अरुण वर्मा, राष्ट्रीय सचिव माया सिंह, प्रदेश महासचिव मिथलेश कुमार, कोषाध्यक्ष आईपी पटेल व युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष विशाल राजपूत ने सम्मेलन को सम्बोधित किया।

### रोडवेज में चले लात-घूसे, चलती बस में पैसेंजर से हुआ झगड़ा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जानकारी के मुताबिक लखनऊ से कानपुर उन्नाव डिपो की यूपी 78 एफएन 1732 बस जा रही थी। देर रात बस कृष्णा नगर में पहुंची। इस दौरान एक पैसेंजर बस में बैठा। कंडक्टर ने पैसेंजर से टिकट के पैसे मांगे। इस पर पैसेंजर ने पास होने की बात कही। पास देखने पर पता चला कि वह 2022 का है। इसके बाद पैसेंजर खुद को बस का स्टाफ बताने लगा। मामला बिगड़ने पर दोनों के बीच में बहस शुरू हो गई और मारपीट होने लगी। इसके बाद कंडक्टर ने पैसेंजर को पीट दिया, फिर बस से नीचे उतार दिया। मारपीट और हंगामे के चलते बस को रोकना पड़ा। एक वीडियो में कंडक्टर सीट पर चढ़कर पैसेंजर को पीटते हुए दिख रहा है। बस रुकने के कारण यात्रियों को भी परेशानी हुई। वहीं बस में मौजूद यात्रियों का कहना है, कि दूसरा यात्री खुद को स्टाफ से होने की बात कह रहा था। यूपीएसआरटीसी के प्रवक्ता अजीत सिंह का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### बसपा ने अनुशासनहीनता पर तीन नेताओं को पार्टी से निकाला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती के निर्देश के बाद हाईकमान ने रविवार को अनुशासनहीनता बरतने पर पार्टी से मेरठ के तीन नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाया है। निष्कासित किए गए पदाधिकारियों में पूर्व मंडल प्रभारी प्रशांत गौतम, जिला प्रभारी दिनेश काजीपुर और महावीर सिंह शामिल हैं। बसपा के जिला अध्यक्ष मोहित जाटव ने पत्र जारी कर इन नेताओं पर अनुशासनहीनता का आरोप लगाकर पार्टी से बाहर निकाले जाने की बात कही है। प्रशांत गौतम ने बताया कि राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम का फोन आया कि वे लोग मुनकाद अली की बेटे की शादी में नहीं जा सकते हैं। जबकि उन्हें शादी का निमंत्रण मिला था और उनसे उनके पिछले 25 साल से संबंध हैं। वहीं, जिला अध्यक्ष मोहित जाटव ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि गाजियाबाद जनपद में होने वाले उपचुनाव को ध्यान में रखते हुए इन नेताओं को भेजा गया था। वहां के लोगों से जानकारी मिली है कि ये तीनों नेता वहां पहुंचे ही नहीं हैं, जिसे घोर लापरवाही मानते हुए कार्रवाई की गयी है।

### उपचुनाव में मंत्री स्वत्रंतदेव के साथ प्रचार करते दिखे अधिकारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सपा सांसद ने चुनाव आयोग से की शिकायत लखनऊ 10 नवम्बर। आगामी 20 नवंबर को यूपी की 9 सीटों पर उपचुनाव है। प्रदेश की सियासत में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। सपा लगातार बीजेपी को घेरने की कोशिश में लगी हुई है। सपा नेता अधिकारियों पर आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा के लिए प्रचार कर रहे हैं। कटेहरी विधानसभा उपचुनाव में सपा कैंडिडेट शोभावती वर्मा के पति और सपा सांसद लालजी वर्मा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक फोटो पोस्ट कर चुनाव आयोग से शिकायत की है। जलशक्ति मंत्री स्वत्रंतदेव सिंह की प्रचार करते हुए एक फोटो सामने आई है. जिसमें एडीओ पंचायत अकबरपुर हंस प्रकाश सिंह उर्फप्रभात सिंह भी साथ नजर आ रहे हैं, जिसको लेकर सपा सांसद ने सवाल खड़ा करते हुए चुनाव आयोग से संज्ञान लेने की बात कही है। उनका आरोप है कि प्रशासन सपा प्रत्याशी के साथ भेदभाव कर रहा है।

### लखनऊ-सीतापुर हाइवे पर तेज रफ्तार पिकअप पलटी, नौ घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ-सीतापुर हाइवे पर तेज रफ्तार पिकअप ऑटो को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा रविवार दोपहर तुर्की गांव के पास हुआ है। पिकअप सवार 9 लोग घायल हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। वहीं, पिकअप ड्राइवर मौके से फरार हो गया है।

# एससी-एसटी में उपवर्गीकरण को संविधान संशोधन से रोका जाए



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** संविधान बचाने एवं निजी क्षेत्र में आरक्षण के लिए बड़ा आन्दोलन किया जाएगा। अपने अधिकार के लिए समाज को संगठित होकर संघर्ष करना होगा। यह बातें डॉ अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच के 12वां राष्ट्रीय अधिवेशन में लखनऊ रवींद्रालय सभागार में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भवन नाथ पासवान ने कहीं। राष्ट्रीय अधिवेशन समारोह का प्रारंभ तथागत बुद्ध एवं बोधी सत्य साहब डॉ अम्बेडकर के प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित एवं दीप जलाकर बुद्ध वंदना एवं त्रिशरण पंचशील से हुई।

संगठन के अध्यक्ष भवननाथ पासवान ने कहा कि आज डॉ अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच पूरे भारत में एक अलग पहचान बनाते हुए इस अधिवेशन देश के 26 प्रदेशों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए और विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा में कहा कि भारतीय संविधान से छेड़छाड़ करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए निजी क्षेत्र न्यायपालिका और सेवा में आरक्षण की व्यवस्था की मांग हर नागरिक को सामान और सस्ती शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं मिले अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा पिछड़े और कमजोर लोगों पर हो रहे अत्याचार पर सरकार रोक लगाएं, सरकारी विभागों एवं सार्वजनिक पदों को विशेष भर्ती अभियान के तहत भरा जाए, नई पेंशन स्कीम को समाप्त कर पुरानी पेंशन स्कीम लागू करें किसानो की उपज का बीमा सीमा एवं न्यूनतम मूल्य बढ़ाई जाए हर नागरिक को समान और सस्ती शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं मिले इन मांगों को लेकर पूरे देश से आए हुए प्रतिनिधियों ने समर्थन किया।

## इकाइयां प्रदूषण कम करें, 15 दिन बाद होगी समीक्षा : डीएम

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में औद्योगिक इकाइयों से हो रहे प्रदूषण को लेकर संगठन के पदाधिकारियों ने डीएम सूर्य पाल गंगवार से मुलाकात की। संगठनों के पदाधिकारियों ने बात कर डीएम ने अपने आदेश में संशोधन करने का आदेश दिया। डीएम ने बताया की प्रदूषण को देखते हुए सबसे पहले यातायात और निर्माण संबंधी कार्यो पर कार्रवाई होगी। डीएम ने संगठन के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि उनकी फैक्ट्रियों पर फिलहाल किसी तरह का एक्शन नहीं लिया जाएगा। 15 दिन बाद समीक्षा की जाएगी। उसके बाद इकाइयों को लेकर फैसला किया जाएगा। रविवार को अखिल भारतीय उद्योग संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश गोस्वामी, तालकटोरा इंडस्ट्रियल एरिया एसोसिएशन के अध्यक्ष यूनुस सिद्दीकी, आईआईए के कार्यकारी निदेशक श्रीप्रकाश आचार्य, सचिव वैभव अग्रवाल और लघु उद्योग भारती के उपाध्यक्ष रितेश देशमुख ने डीएम से उनके शिविर कार्यालय में भेंट की। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधियों को बताया कि फिलहाल यातायात प्रदूषण और निर्माण कार्यो से हो रहे प्रदूषण को रोकने के निर्देश संबंधित विभागों नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और यातायात पुलिस को दिए गए हैं।



**केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र में प्रबुद्ध जनों और पार्टी कार्यकर्ताओं के परिवार जनों के निधन के उपरांत उनके आवास जाकर व्यक्त की शोक संवेदना।**

### ग्रुप कमाण्डर ने किया 67 यूपी बटालियन एनसीसी के सीएटीसी-227 कैम्प का निरीक्षण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के कैण्ट स्थित 4 गढ़वाल राइफल्स में 67 यूपी बटालियन एनसीसी लखनऊ द्वारा 5 नवम्बर से 14 नवम्बर तक सीएटीसी-227 कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को ग्ररुप कमाण्डर ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा ने कैम्प का निरीक्षण किया। 67 यूपी बटालियन एनसीसी कैम्प कमाण्डेण्ट कर्नल पुनीत श्रीवास्तव ने ग्ररुप कमाण्डर का स्वागत किया जिसके बाद उन्हें गॉड ऑफऑनर दिया गया। कैम्प कमाण्डेण्ट ने ग्ररुप कमाण्डर को कैम्प की पूरी जानकारी दी। इसके बाद ग्ररुप कमाण्डर ने एनसीसी स्टाफऔर कैडेट्स से बातचीत करते हुए कैम्प की जानकारी ली। कैम्प में अच्छा प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स को ग्ररुप कमाण्डर ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इसके बाद इंटर ग्ररुप कॉम्पीटिशन की ड्रिल, सांस्कृतिक कार्यक्रम और फ्लैग एरिया का निरीक्षण ग्ररुप कमाण्डर ने किया। इसके बाद ग्ररुप कमाण्डर ने एनसीसी कैडेट्स के लिविंग एरिया, वॉशरूम का निरीक्षण करने के बाद आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा कैडेट्स के साथ दोपहर का भोजन किया। ग्ररुप कमाण्डर ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा ने कम्बाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैम्प -227 की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से एनसीसी कैडेट्स की बहुमुखी प्रतिभा का विकास होता है और ये प्रक्षिशित कैडेट्स ना केवल भारतीय सेना के लिए बल्कि समाज के लिए भी बहुत उपयोगी बन जाते हैं। इस पूरे आयोजन में डिप्टी कैम्प कमाण्डेण्ट कर्नल जेपी मिश्रा, सूबेदार मेजर रंजीत कुमार, कैम्प दण्डपाल अधिकारी सूबेदार जितेन्द्र गुप्ता, कैम्प क्वार्टर मास्टर सूबेदार राजकुमार, चारों कम्पनी ए बी सी डी के कम्पनी कमाण्डर तथा प्लाटून कमांडर तथा समस्त पीआई स्टाफव ट्रेनिंग सीएचएम आनंद कुमार व आनंद प्रताप मौजूद रहें।

**महोत्सव** | महोत्सव में विभिन्न स्कूल, कॉलेज और बैंड के परफॉर्मेंस में उत्तराखंड के रंग देखने को मिले

# उत्तराखंड हमारा गौरव, महोत्सव से संस्कृतियों का होता है आदान-प्रदान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में आयोजित उत्तराखंड महोत्सव में दूसरे दिन राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा शामिल हुए। महोत्सव में दूसरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसमें महिला कवि सम्मेलन, झोड़ा प्रतियोगिता, डांस और गायकी के विभिन्न कार्यक्रम हुए। विभिन्न स्कूल, कालेज और बैंड के परफॉर्मेंस में उत्तराखंड का रंग देखने को मिला।



राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि लखनऊ में 10 दिनों तक चलने वाले उत्तराखंड महोत्सव से संस्कृतियों का आदान-प्रदान होता है। उत्तराखंड परिषद बधाई के पात्र है जो विगत कई वर्षों से शानदार तरीके से महोत्सव का आयोजन कर रहा है। इस महोत्सव में कला, संस्कृति और व्यापार सबको बढ़ावा मिल रहा है।

उत्तराखंड देवों की भूमि है। भारतीय संस्कृति से प्रेम करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की यह इच्छा होती है कि उत्तराखंड जरूर जाएं। चारों धाम की यात्रा उत्तराखंड के बिना संभव नहीं है। भारतीय नक्शे पर उत्तराखंड एक अद्भुत स्थान रखता है। उत्तराखंड की पहाड़ियां, मंदिर और प्रकृति से मिला सौंदर्य बेहद आकर्षित करता है। दिनेश शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड जाने वाले सभी लोगों को यह संदेश है कि प्रकृति ने हमें जो यह तोहफा दिया है इसे संभालना सब की जिम्मेदारी है। अक्सर वहां जाने वाले लोग अपनी सुविधा के अनुसार ऐसे काम करते हैं जिसके कारण उत्तराखंड को नुकसान हो रहा है। लखनऊ समेत भारत के विभिन्न कोनों से जाने वाले लोग सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें और पहाड़ पर नियमों का पालन जरूर करें। उत्तराखंड परिषद के अध्यक्ष हरिश्चंद्र पाल ने कहा कि विगत कई सालों से इस महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं।

प्रतिवर्ष उत्तराखंड महोत्सव को लेकर लोगों में उत्सुकता बढ़ रही है। महोत्सव में आम आदमी की भीड़ बढ़ रही है और स्टॉल की संख्या भी बढ़ रही है। इन्होंने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से व्यापारियों को अच्छा प्लेटफार्म मिल रहा है। इस वर्ष उत्तराखंड महोत्सव में 200 स्टॉल लगे हैं। महोत्सव में खाने पीने की सामग्री से लेकर घर की जरूरत का तमाम सामान उपलब्ध है। इस महोत्सव से अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है।

## धूमधाम से मनाया दिवाली महोत्सव, लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाया

**लखनऊ ।** दीपावली महोत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम और सौहाद्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस आयोजन में लगभग 155 लोगों ने सहयोग राशि प्रदान की।125 से अधिक लोग कार्यक्रम में उपस्थित हुए। इस दौरान रात्रि भोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि श्रम आयुक्त मनोज दीक्षित ने अपनी सक्रियता निभाई। समारोह की शुरुआत भारतीय विद्या भवन स्कूल विनीत खंड में गणेश लक्ष्मी पूजन और सुंदरकांड के पाठ और प्रसाद वितरण से हुई। इसके बाद पल्लवी ने शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया। इस मौके पर जयराम ने भजन कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान विशेष अतिथि मनोज दीक्षित जी ने क्षेत्र की प्रतिष्ठित विभूतियों को अंगवस्त्र भेंट किया।

# दबंगों ने महिला व उसके बच्चे को पीटा

▸ मामले में पुलिस ने दर्ज की एनसीआर, आरोपियों के हौंसले बुलंद



**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली पुलिस की निरंकुश कार्यशैली से दबंगों व अपराधियों के हौंसले बुलंद हैं जिनमें कानून का भय नहीं दिख रहा है। ताजा मामला कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सामने आया है,जहां बेखौफ दबंगों ने बच्चों के विवाद को लेकर रविवार को दिनदहाड़े एक घर में घुसकर महिला से मारपीट की,जिससे उसका सिर फट गया तथा उसके बच्चे को भी काफी चोटें आई हैं। मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध महज एनसीआर दर्ज किया है, जिससे आरोपियों के हौंसले बुलंद हैं।

कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के मौजा भोंका के ग्राम जले पुरवा निवासिनी पीड़ित महिला रिजवाना पत्नी अख्तर ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि रविवार की सुबह लगभग 8.30 बजे उसके गांव के ही विपक्षी दानिश पुत्र अत्तन, इमरान पुत्र फैज मोहम्मद, कलीम पुत्र लाल मोहम्मद, आजाद पुत्र इदरीश तथा ननके पुत्र अनीस आदि ने बच्चों के विवाद के कारण उसके घर में घुसकर मारपीट की,जिससे उसका सिर फट गया तथा उसके बच्चे को भी काफी चोटें आई हैं। बताया कि विपक्षी गणों ने इसी तरह का विवाद दिनांक 08.11.2024 को भी किया था और घर पर चढ़कर गाली गलौज करते हुए तथा जान-माल की धमकी दी थी। इस समय उसके पति रोजी-रोजगार के सिलसिले में घर से बाहर रहते हैं और वह अपने बच्चों के साथ घर पर अकेली रहती है।

इसी का फायदा उठाकर हमेशा गाली गुप्ता तथा जान-माल की धमकी देते रहते हैं। महिला का कहना है कि विपक्षी सरकश व दबंग किस्म के व्यक्ति हैं,इनके द्वारा उसके साथ कभी भी जान-माल का नुक़सान हो सकता है। पीड़िता ने मामले की जांच कराकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने व विपक्षियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एनसीआर दर्ज किया है।

## मिथिला नंदिनी के प्राकट्य उत्सव में झूमे भक्त



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** श्री मेंहदीपुर बालाजी परिवार द्वारा आयोजित श्री बालाजी महोत्सव आयोजन में कथा के चौथे दिन नूरा मल मंदिर के प्रांगण में कथा वाचक परमपूज्य संत रवि शंकर गुरु भाई ने कथा का बहुत ही सुंदर वर्णन किया। इस दौरान कथावाचक पंडित श्री रविशंकर महाराज गुरु भाई ने जनक दुलारी के जन्मोत्सव की कथा वाचन किया। कथा की समाप्ति पर आरती हुई। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। पंडाल में बैठी भक्त भगवान की कथा भजन में मग्न होकर खूब झूमी। कथा के दौरान ऊषा रस्तोग, पूजा, ज्योति, सोनी, शालू, रिंकी, श्रद्ध, शिखा, सुनील, संतोष, प्रतीक, गौरव, शानू, बीनू, अजय, अंकित, अनुराग, अभिषेक, चन्दर्न, आलोक, अविनाश, शुभम, अमन वर्मा, सत्यम गुप्ता, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मनरेगा के मास्टर रोल में हो रहा फर्जीवाड़ा

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

योगी सरकार एक तरफ भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और जिरोटालरेंस की निति पर काम करने की बात कर रही है वहीं दूसरी तरफ गोण्डा जिले में कार्यरत जिम्मेदार अधिकारियों के चलते केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना जमीनी धरातल पर उतरने से पहले ही भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ रही है।

गांव के मजदूरों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कर मजदूरों को दूसरे प्रदेश में पलायन से रोकने के लिए चलाई जा रही मनरेगा योजना जिम्मेदारों के चलते भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गई है इस पूरे भृष्टाचार में डीसी मनरेगा से लेकर झंझरी विकास खंड के सभी जिम्मेदार अधिकारी भी संलिप्त है क्योकि इनकी संलिप्तता के बगैर यह सब संभव ही नहीं है।




▸ फिरोजपुर और चकसड़ में एक ही श्रमिकों की कई जगह पर पुरानी फोटो अपलोड कर प्रशासन को कर रहे गुमराह

विकास खंड झंझरी की ग्राम पंचायत फिरोजपुर, चकसड़ में मनरेगा से चलाए जा रहे कार्यो में जिम्मेदार अधिकारियों के संरक्षण में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा पूरे मामले में तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक व प्रधान की मिलीभगत सामने आयी है। ग्राम पंचायत के फिरोजपुर में दो कार्यों में 78 श्रमिकों की मस्टर रोल में हाजिरी लगाई जा रही है। लेकिन धरातल पर कुछ और ही है।

वही सूत्र बता रहे है कि पहले कार्य नवरैया बगिया से चवन्नी के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य पर 40 श्रमिक की फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है जबकि काम कई दिनों से बंद है। दूसरे कार्य नवरैया बगिया से अलगू के खेत तक कच्ची सड़क तक मिट्टी पटाई कार्य पर 38 श्रमिकों की हाज़िरी लगाई जा रही है वहीं मौके पर काम करने वाले श्रमिको की संख्या मात्र एक दर्जन से भी काम है। रोजगार सेवक घोटाला न पकड़ा जाए इसलिए ऑनलाइन हाजिरी में खेल कर देर रात को पुरानी फ़ोटो लगा रहे हैं।



## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल पटेल नगर, डीपी मेमोरियल पब्लिक राजेंद्र नगर, चित्रांश शिक्षा निकेतन, पर आज राष्ट्रीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की परीक्षा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के निदेशक एसपी गुप्ता ने बताया कि आज का समय प्रति स्पर्धा युग है। बच्चों में शैक्षिक, बौद्धिक, मानसिक, कलात्मक, विकास हेतु प्रतिवर्ष इस संस्था द्वारा आयोजन कराया जाता है। जिससे बच्चे सफल होकर अपने परिवार, समाज और देश का नाम करे। इस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के अंदर डर की भावना समाप्त कर उनके सर्वांगीण विकास करना, इस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर आज विभिन्न केदो पर लगभग 450 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर संस्था के प्रधानाध्यापक हनुमान प्रसाद जोशी ने विभिन्न केन्द्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस परीक्षा का परिणाम जनवरी 2025 के प्रथम सप्ताह में घोषित किया जाएगा।

# गोपाष्टमी पर कवि सम्मेलन आयोजित



**मनकापुर/ गोंडा-समृद्धि न्यूज।** गोपाष्टमी के पावन अवसर पर जनपद के प्रथम करुणा गौशाला सिसवा में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मिर्जापुर चीनी मिल के महाप्रबंधक वित्त मुकेश झुनझुनवाला एवं संचालन आर नारद ने किया। करुणा गौशाला में गोपाष्टमी के शुभ अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, गौ माता की पूजा व आरती के साथ ही व्याख्यान माला आयोजित की गई 1966 में बलिदान हुए गौ रक्षकों को श्रद्धांजलि दी गई। जिला समन्वयक ठाकुर प्रसाद तिवारी ने गोपाष्टमी के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर व्यवसायी अनिल कुमार अग्रवाल ने पचास हजार, चार्टर्ड अकाउंट पवन कुमार अग्रवाल ने पंद्रह हजार व मिर्जापुर चीनी मिल के महाप्रबंधक वित्त मुकेश झुनझुनवाला इक्यावन हज़ार व बेसहारा पशुओं के भरण पोषण के लिए दान किया। शांति शरण तिवारी, रामेश्वर प्रसाद पांडे, शैलेश पांडे, विनय तिवारी उपस्थित रहे। करुणा गौशाला सेवा समिति के अध्यक्ष विद्या प्रसाद शुक्ला, रविंद्र सिंह चौहान, राघवेंद्र प्रताप सिंह, महंत रामकृष्ण दास, दिवाकर विक्रम सिंह, आलोक शुक्ला, डॉक्टर पंकज सिंह, राम प्रकाश गुप्ता, अनिल कुमार अग्रवाल आदि अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए।

# धूमधाम से मनाया गया सहस्त्रबाहु का जन्मोत्सव समारोह

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**




जायसवाल समाज के कुल देवता राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन का जन्मोत्सव समारोह गांधी पार्क के टाउन हॉल में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि डिप्टी सीएमओ डॉक्टर टी पी जायसवाल एवं जायसवाल समाज गोंडा के अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, महामंत्री पवन जायसवाल, महासचिव आशीष जायसवाल व देवेंद्र जायसवाल, कोषाध्यक्ष बच्चा जायसवाल, मनोज जायसवाल, अनिल जायसवाल, शशांक जायसवाल, नवीन जायसवाल नन्हे, अनूप जायसवाल, असित जायसवाल, अजीत गुप्ता, शक्ति सामंत जायसवाल, संजय जायसवाल, विशाल जायसवाल, राजेश कुमार जायसवाल द्वारा सहस्त्रबाहु के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर उनकी पूजा अर्चना की गई। तदोपरांत टाउन हॉल में उपस्थित सैकड़ो की संख्या में जायसवाल समाज की महिलाओं व पुरुषों द्वारा सहस्त्रबाहु अर्जुन को पुष्प अर्पण कर उन्हें नमन किया गया।

75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले इंटरमीडिएट से आरती जायसवाल, दिव्यांशु जायसवाल, विमल जायसवाल, शिव प्रकाश जायसवाल, अनुष्का जायसवाल, लक्ष्मी जायसवाल एवं हाईस्कूल से कृष्णा जायसवाल जिगर जायसवाल, आर्यन जायसवाल, अविका जायसवाल, वैष्णवी जायसवाल, अंशिका जायसवाल, अर्पित जायसवाल कुछ सम्मान प्रमाण पत्र मोमेंटो व नगद धनराशि देकर सम्मानित किया गया। बीच-बीच में जायसवाल समाज के नन्हे मुन्ने एवं बड़े बच्चों द्वारा स्वागत गीत नृत्य भाषण का उपस्थित सभी लोग आनंद ले रहे थे।

कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली टीम प्रज्ञा जायसवाल, अदिति जायसवाल, साक्षी जायसवाल, मान्शी जायसवाल, कुमुद जायसवाल, स्नेहा जायसवाल, सोनम जायसवाल आदि को सम्मान प्रमाण पत्र, गिफ्ट एवं नगद धनराशि देकर उनका उत्साह वर्धन कमेटी द्वारा किया गया। वहीं मुख्य अतिथि डॉक्टर टीपी जायसवाल, डॉक्टर के डी वर्मा, नरेंद्र जयसवाल नगर कोतवाल मनोज पाठक आज को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन अतुल कुमार श्रीवास्तव एवं समापन वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल द्वारा किया गया।

## खबरें एक नजर में

### सृजन ने आयोजित की छात्रवृत्ति पात्रता परीक्षा




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** इस दुनिया में जो व्यक्ति कठिन परिश्रम करता है सफलता उसी के कदम चूमती है। यह बात जैनस इनीशिएटिव्स के संस्थापक एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने कही।उन्होंने कहा मध्यम वर्गीय परिवार या गरीब परिवारों के लिए एक अच्छे स्कूल में पढ़ाई का खर्च उठाना मुश्किल हो रहा है यह छात्रवृत्ति उन जरूरतमंद बच्चों को दी जाती है जो पढ़ने में अच्छे एवं कमजोर वर्ग से आते हैं पैसों की कमी से प्रतिभावान छात्रों की पढ़ाई नहीं रुकेगी। संस्था द्वारा 12वीं पास छात्रों को रु. 12000 सालाना स्कॉलरशिप दिया जाता है।इसी के अंतर्गत रविवार को टिकोरा मोड़ स्थित सृजन के प्रांगण में छात्रवृत्ति की परीक्षा कराई गई जिसमें लगभग 75 बच्चों ने प्रतिभाग किया। डॉ. सर्वेश शुक्ला ने कहा इस स्कॉलरशिप का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान करना कि वे अपने आगे की पढ़ाई और बेहतर ढंग से कर सके। वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र श्रीवास्तव वीरू ने कहा कि कठोर परिश्रम एवं कड़ी मेहनत मनुष्य का असली धन होता है। बिना कठिन परिश्रम के सफलता पाना असंभव है। बच्चे इस स्कॉलरशिप के महत्व को समझें और अच्छी पढ़ाई कर उच्च पद पर अग्रसर हो आगे चलकर वह भी ऐसे किसी की जरूरतमंद की हेल्प करें।पत्रकार संदीप अग्रवाल ने कहा कि इस दुनिया में जो व्यक्ति कठिन परिश्रम करता है सफलता उसी के कदम चूमती है। शिक्षक अमित श्रीवास्तव ने कहा कि कठिन परिश्रम वह चाभी है, जो किस्मत का दरवाजा खोल देती है।शिक्षिका प्रतीक्षा श्रीवास्तव ने कहा सच्चे लगन, धैर्य और मेहनत के बल पर ही सफलता संभव है। इस छात्रवृत्ति परीक्षा को सफल बनाने में आशीष श्रीवास्तव,रोहिताश श्रीवास्तव हीरु का अहम योगदान रहा।

### एटीएस ने शुरू किया मदरसों का भौतिक सत्यापन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** सरकार के निर्देश पर जिले में संचालित मदरसों की जांच एटीएस ने शुरू कर दी है। इन मदरसों में पढ़ाने वाले शिक्षकों और पढ़ने वाले छात्रों के निवास स्थान की भी जानकारी एकत्र की जा रही है। इसके बाद इन मदरसों में फंडिंग जांच के लिए उनके खाते खंगाले जाएंगे।प्रदेश सरकार ने सभी मदरसों में फंडिंग की जांच के निर्देश एटीएस को दिया है। सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन की ओर से एटीएस को स्थानीय पुलिस सुरक्षा प्रदान कर रही है। एटीएस ने जिले में संचालित मदरसों की जांच शुरू कर दी है।रूपईडीहा के बाबागंज में स्थित एटीएस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि जांच में अभी तक भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इसके बाद मदरसे में बजट कहां से और कैसे आ रहा है। इसकी जांच की जाएगी।उन्होंने बताया कि लगभग 225 मदरसों की जांच करनी है। जो मान्यता प्राप्त नहीं है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान मदरसे में शिक्षक, छात्र कहां के हैं, कितने बच्चे और शिक्षक नामांकित हैं। इसकी जांच की जा रही है। क्षेत्रीय पुलिस के साथ मिलकर बिना मान्यता के संचालित मदरसों की जांच की जा रही है। मदरसा संचालकों द्वारा सारी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। मदरसे एटीएम थाने के अधिकारी ने बताया कि मदरसे सब भौतिक जांच के बाद उनके अकाउंट की भी जांच की जाएगी। जिसमें वेतन के लिए आने वाले बजट के बारे में जानकारी ली जाएगी। इसके बाद रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की ओर से जो सूची एटीएस को दी गई है। उनमें कई मान्यता प्राप्त मदरसों की लिस्ट भी दे दी गई है। ऐसे में एटीएस असमंजस पड़ी है कि दोनों की जांच की जाएगी।

**अभी नहीं पता संख्या:-** जिले में बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित मदरसों की जांच शुरू कर दी गई है। यह जांच एटीएस द्वारा की जा रही है। अभी कितने मदरसों की जांच की गई है, इसका पता नहीं चल सका है।

**संजय कुमार मिश्रा अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी**

# वलीमा पर गोश्त के लिए संघर्ष

▸ चल गई छूरी, बरसे लाठी-डंडे, दुल्हे सहित कई घायल

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

गोश्त के टुकड़ों के लिए ऐसा संघर्ष हुआ कि चाकू, छूरी चल गई। लाठी डंडे भी बरसे में जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बवाल एक वलीमा कार्यक्रम से शुरू हुआ। कसाई ने अपनी दुकान से गोश्त न खरीदने से नाराज होकर दुल्हा, उसके घरवालों और मेहमानों पर हमला कर दिया।

दुल्हा पक्ष की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।मामला किशुनपुर गांव है। जहां एक ग्रामीण ने बेटे के वलीमा कार्यक्रम में मीट को लेकर उस वक्त मारपीट हुई जब पीड़ित परिवार ने दूसरे कसाई की दुकान से टवा लिया। इससे नाराज पहले चिकवा ने शुक्रवार शाम को ग्रामीण के घर पर हमला कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उधर चिकवा ने भी केस दर्ज करवा दिया है।मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम किशुनपुर निवासी मोहम्मद शरीफ के बेटे सोनू का विवाह चिलवरिया से तय हुआ था। निकाह के बाद चार नवंबर को बारात आ गई। पांच नवम्बर को वलीमा कार्यक्रम आयोजित था। इसके लिए मोहम्मद शरीफ ने एक चिकवा से बकरा और मुर्गे के मीट व चिकन के लिए बात की, लेकिन कम रुपए में दूसरा चिकवा मीट देने के लिए तैयार हो गया। जिस पर पांच तारीख को वलीमा निपट गया। इससे खुन्नस खाए पहले के चिकवा ने शुक्रवार शाम को मोहम्मद शरीफ और अन्य से विवाद शुरू कर दिया। विवाद के दौरान चिकवा और उसके अन्य साथियों ने छुरी और लाठी से हमला कर दिया। जिसमें मोहम्मद शरीफ, विवाहित नेता सोनू और मतीन घायल हो गए। सभी को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि केस दर्ज लिया गया है। उधर चिकवा ने भी रिसिया थाने में मोहम्मद शरीफ समेत अन्य पर केस दर्ज कराया है।



## दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र बना चफरिया मोड़, आए दिन होते हैं हादसे



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** चफरिया मोड के पास अब तक कई दुर्घटनाएं घटित हुई हैं,एक वर्ष में लगभग 17 एक्सीडेंट हो चुके है लेकिन जिम्मेदार इस पर ध्यान नहीं देते हैं। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर धोबियाहार के पास चफरिया मोड पड़ता है। मोड के सामने वाला नही दिखता जिससे आए दिन घटनाएं घटित होती रहती है। ताजा मामला अभी बीते 4 नवंबर का है जिसमें एक पिकप ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी थी जिसमें बाइक सवार जनार्दन उर्फ पप्पू गुप्ता की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई थी।वहीं रविवार को दो आगे पीछे से अनियंत्रित होकर भिड़ गई जिसमें लखीमपुर निवासी युवक विनोद विश्वकर्मा व नेवादा निवासी युवक मनोज वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने बताया कि एक वर्ष में लगभग 17 एक्सीडेंट हो चुके हैं जिसमें कई लोगों की मौत हो चुकी है। लेकिन जिम्मेदार इस पर ध्यान नहीं देते।

# कायस्थ समाज का गौरवशाली अतीत रहा : मिथिलेश श्रीवास्तव

▸ अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष बने अनुज श्रीवास्तव
▸ अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक आयोजित



**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक जिला पंचायत सभागार में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान चित्रगुप्त व भगवान श्री राम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। महासभा की नवीन कार्यकारणी का गठन होने के पश्चात समाज मे व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के आह्वान के साथ सामाजिक जन जागरण अभियान चलाकर समूचे जनपद में रहने वाले कायस्थ परिवार को एकजुट करने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अनुज श्रीवास्तव को पद दायित्व निर्वहन का संकल्प दिलाया गया।

अखिल भारतीय कायस्थ महसभा की ओर से आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संरक्षक वरिष्ठ प्रशासक रहे मिथिलेश श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज का गौरवशाली अतीत रहा है स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, डॉ राजेंद्र प्रसाद व लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व एवं कृतत्व का मूल्यांकन समूचा विश्व करता है तथा करोड़ो लोग इन महापुरुषों को अपना आदर्श मानकर परिवार समाज एवं देश के नवनिर्माण में अपना महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे है। आह्वान करते हुए मिथिलेश कुमार ने कहा कि हम सब लोग मिलकर समाज के लोगो को मजबूती के साथ इकट्ठा कर समाज एवं देश के नव निर्माण में सहभागी बने तभी कायस्थ समाज का भला हो सकेगा।

संरक्षक एवं संगठक डॉ. शिव मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि जनपद कायस्थ समाज का राष्ट्र के नव निर्माण में आज़ादी के बाद से ही बड़ी भूमिका रही है और हमारे पूर्वजों ने जनपद के शैक्षणिक व वैधानिक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका का निर्वहन किया है देश काल एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए कायस्थ समाज को एक मंच पर आकर जनपदीय नेतृत्व का गुरुतर दायित्व करना चाहिए और कुशल नेतृत्व क्षमता विकसित करना चाहिए।

प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने समाज की सर्वांगीण विकास में हर संभव सहयोग का आह्वान करते हुए समाज मे व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए सामाजिक जन जागरण अभियान चलाए जाने की बात तय की तथा सामाजिक प्रभावी एकजुटता का आह्वान किया।

जिला संरक्षक ओम प्रकाश सक्सेना ने समाज के अन्य उपवर्गों में बटे समस्त लोगो के एक साथ जोड़ कर सामाजिक सदभाव को आत्मसात कर सभी प्रकार के भेदभाव को दूर करने का आह्वान किया।

# जागरूकता के बगैर मिशन शक्ति का उद्देश्य पूरा होना असंभव : डॉ. बबीता

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने कहा है कि मिशन शक्ति का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब महिलाएं जागरूक होकर अपने अधिकार और सुरक्षा के लिए स्वयं आगे आएंगी। उन्होंने समाज के हर वर्ग का आह्वान किया कि वह महिला सुरक्षा तथा महिला उत्थान के कार्यों में अपना योगदान दें। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने शहर के महिला पीजी कॉलेज में आयोजित पुरातन छात्र परिषद के सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थी उन्होंने कहा कि हाल ही में उन्होंने दो आदेश पारित किया जिसमें महिलाओं के कपड़ों की नाप के लिए महिला टेलर तथा जिम में महिला ट्रेनर की तैनाती होना अनिवार्य बताया गया है उन्होंने कहा कि उनके पास कई ऐसे मामले आते हैं जब पुरुष ऐसे कार्यों को करते समय बैड टच की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति उत्पन्न न होने पाए इसके लिए हर वर्ग को अपनी मानसिकता में बदलाव लाकर नारी सुरक्षा के मार्ग को प्रशस्त करना होगा। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं जब पति-पत्नी दोनों कामकाजी होते हैं और पति कहता है कि मुझे सुबह इतने बजे नाश्ता चाहिए जबकि पत्नी को भी ऑफिस जाना होता है और वह पत्नी के काम में हाथ बटाना मुनासिब नहीं समझता है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति भी स्त्री को उनके मौलिक अधिकारों से वंचित करती है ऐसे में पति को अपनी पुरुष मानसिकता से उबरना होगा। अंत में उन्होंने समाज के सभी वर्गों का आह्वान किया कि वह नारी सुरक्षा तथा सम्मान की अपनी पुरानी परंपरा का निर्वहन करें।

## भारत माता गेट का महिला आयोग की अध्यक्ष ने किया लोकार्पण

लायन क्लब बहराइच सिटी द्वारा श्री देवी गुल्लाबीर मन्दिर परिसर के निकट नवनिर्मित भारत माता गेट का अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त), उ.प्र. राज्य महिला आयोग डॉ. बबीता सिंह चौहान ने लोकार्पण किया। इससे पूर्व अध्यक्ष ने डॉ. चौहान ने प्राचीन श्री गुल्लाबीर मन्दिर पहुंचकर विधि विधान के साथ पूजन अर्चना की तत्पश्चात भारत माता गेट के शिलालेख का अनावरण कर लोकार्पण करते हुए कहा कि गेट के निर्माण से प्राचीन मन्दिर व आस-पास के क्षेत्र की सुन्दरता में इज़ाफा होगा।

# जनपद भ्रमण पर पहुंचा प्रशासनिक अधिकारियों का दल

▸ कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के अधिकारियों के साथ की बैठक

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**



फील्ड स्टडी एण्ड रिसर्च प्रोग्राम के तहत 09 दिवसीय भ्रमण के लिए भारतीय प्रशानिक सेवा के वर्ष 2024 में चयनित 12 अधिकारियों का दल बहराइच पहुंचा।

भ्रमण पर अधिकारियों के दल में महाराष्ट्र कैडर के आईएफएस रामानन्द किशनराव खांडरे व आईआरएस सूरज प्रभाकर निकम, यूपी कैडर की आईआरएस सुरम्या शर्मा, छत्तीसगढ़ कैडर की आईआरएस रश्मि पाइक्रा, झारखण्ड कैडर के आईएएस नाज़िश उमर अंसारी, जम्मू कश्मीर कैडर की आईएएस अनमोल राठौर, केरल कैडर के आईएफएस धीनो पुरूषोथमन, यूपी कैडर की आईएएस आकांक्षा सिंह, मध्यप्रदेश कैडर के आईआरएस प्रज्ज्वल चौरसिया, गुजरात कैडर के आईआरएस झा समीक्षा सत्येन्द्र, महाराष्ट्र कैडर के आईएफएस शिरिन संजय पंडित व मध्यप्रदेश कैडर के आईएएस तेजस अग्निहोत्री शामिल हैं। फील्ड स्टडी एण्ड रिसर्च प्रोग्राम के तहत जनपद भ्रमण पर अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचकर जिलाधिकारी मोनिका रानी के नेतृत्व में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की।

## जनपद में पर्यटन की अपार संभावनाएं : जिलाधिकारी

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने ' जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि नीति आयोग की ओर से अब तक जनपद को 14 करोड़ रूपये की धनराशि इनसेंटिव के रूप में प्राप्त हो चुका है। डीएम ने बताया कि जनपद में नेपाल से आने वाले पानी तथा घाघरा एवं सरयू जैसी नदियों के कारण जनपद को प्रत्येक वर्ष बाढ़ जैसी विभीषिका से दो-चार होना पड़ता है। डीएम ने बताया कि जनपद में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार देश-विदेश के पर्यटकों की पहली पसन्द बना हुआ है। उन्होंने बताया कि जनपद में महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। जनपद में पर्यटन के विकास से यहां की हस्तशिल्प को भी बढ़ावा मिलने से लोगों के लिए रोज़गार के अवसर पैदा होंगे। डीएम ने बताया कि कृषि क्षेत्र में भी जनपद द्वारा उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की है। केला उत्पादन जनपद की पहचान बनता जा रहा है। डीएम ने बताया कि 02 अक्टूबर 2023 को गांधी जयन्ती के अवसर महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वः रोज़गार कार्यक्रम (एस.ई.पी.आई.) अन्तर्गत चयनित तलाकशुदा निराश्रित 05 महिलाओं बिट्टा, सायरा, मेघा, शिव कुमारी व आरती को बैंकों से ऋण दिलाकर स्वावलम्बी बनाने के लिए उन्हें पिंक रिक्शा उपलब्ध कराकर अभिनव पहल की गई थी। उन्हीं महिलाओं में रिसिया ब्लॉक की पिंक रिक्शा चालक आरती को 22 मई 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लंदन में आयोजित कार्यक्रम में प्रिंस ट्रस्ट के द्वारा यू.के. रॉयल अवार्ड से नवाज़ा गया है। जिससे जिले की महिलाओं में स्वावलम्बन की प्रेरणा बलवती हुई है।

# नन्द के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर के माधवरेती में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन केडीसी के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर स्व. राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव के आवास पर आयोजित की जा रही है।भागवत कथा की मुख्य यजमान कांति श्रीवास्तव हैं। कथा व्यास शिव वंश मिश्रा के द्वारा कथा के चौथे दिन शनिवार को वामन अवतार, श्री बली की कथा, श्री कृष्ण जन्म की कथा एवं नंद उत्सव का वर्णन किया गया। इस कार्यक्रम के अन्य यजमान अर्चना श्रीवास्तव, स्मिता जौहरी रही। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राकेश चंद्र श्रीवास्तव मौजूद थे। कथा का पूजन कथा वाचक के दौरान ओम नमो भगवते वासुदेवाय के द्वारा कराया गया।भागवत कथा वाचक शिव वंश मिश्रा ने बताया कि भगवान कृष्ण का जन्म भादो महीने की अष्टमी को कंस की जेल में हुआ था जन्म के समय अचानक अलौकिक प्रकाश पड़ गया और देवकी के गर्भ से श्री कृष्ण का जन्म हुआ। वासुदेव ने जमुना पार करके गोकुल में नंद के घर पहुंचा जय कन्हैया लाल की यशोदा के घर पैदा हुई शक्ति रूपा कन्या को लेकर वापस आए सुबह होते ही सुबह होते ही गोकुल में नंद बाबा के घर बालक जन्म होने की बात पता चलते ही उत्सव मनाया जाने लगा तथा सभी लोगों ने एक दूसरे को श्री कृष्ण जन्म की बधाइयां दी तथा पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। कथा में उपस्थित बाल गोपाल को खिलौने तथा मिठाइयां बांटी गई। कथा वाचक ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है तब तक भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। भागवत कथा के सफल संचालन में रामानंद लाल, सुमित श्रीवास्तव,पीयूष श्रीवास्तव,यतेंद्र मोहन श्रीवास्तव आयुष श्रीवास्तव ,निखिल श्रीवास्तव का निरंतर सहयोग मिल रहा है।

**श्रीमद्भागवत कथा का हो रहा आयोजन**



# 'सक्रिय सदस्य अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें'

▸ चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू की अध्यक्षता में भाजपा की बैठक संपन्न

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



नगर पंचायत सभागार में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की बैठक आहूत की गई जिसमें सक्रिय सदस्यों के बारे में चर्चा की गई तथा अधिक से अधिक सदस्य बनाने के बारे में जोर दिया गया। नगर पंचायत सभागार में चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए तथा अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए एक रणनीति बनाई गई और सक्रिय सदस्यों के बारे में चर्चा की गई तथा यह भी मंत्रणा हुई की सक्रिय सदस्य अधिक से अधिक और सदस्यों को भारतीय जनता पार्टी में शामिल करें। प्रभात साहू ने कहा जन-जन तक योगी और मोदी की योजनाओं को पहुंचाएं और उनकी चर्चा करें जिससे कि लोग लोकप्रिय योजनाओं को देखकर भारतीय जनता पार्टी को अपना समर्थन दें । इस विषय पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की बैठक काफी देर तक चलती रही ।इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता विद्यासागर अवस्थी मंडल अध्यक्ष विवेक पांडे पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा सभासद विनीत वैश्य सभासद धर्मेंद्र लोधी अवधेश मिश्रा शिव शंकर शुक्ला पवन सिंह मंडल के सभी बूथ अध्यक्ष और अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को मारी जोरदार टक्कर, गंभीर

**बछरावा रायबरेली।** तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला जब एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक के जहां परखच्चे उड़े, वहीं युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना रविवार सुबह 7:30 बजे की है। जब बाइक सवार युवक बरसाती पुत्र रामफेर उम्र लगभग 30 वर्ष शंभू खेड़ा जनपद उन्नाव से बछरावां मौरावा मार्ग होते हुए अपने गांव की तरफ जा रहा था। बाइक सवार जैसे ही ग्राम इचौली के पास पहुंचा कि एक अज्ञात वाहन द्वारा बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय थाने व एंबुलेंस को दी गई। बछरावां सीएचसी में युवक का प्राथमिक उपचार किया गया। हालत देखते डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# सवर्ण आर्मी रायबरेली की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक संपन्न



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जिला अध्यक्ष- बृजेन्द्र सिंह फौजी की अध्यक्षता में सवर्ण आर्मी रायबरेली की कार्यकारिणी की मासिक बैठक जिला उपाध्यक्ष- राम गजेन्द्र सिंह के आवास पर सम्पन्न हुई, बैठक के दौरान सवर्ण आर्मी जिला अध्यक्ष द्वारा जनपद के सभी ब्लाकों में सगंठन की स्थिति पर समीक्षा करते हुये पदाधिकारियों को संगठन के विस्तार पर जोर देने को कहा गया। साथ ही नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिया गया व संगठन के जिला संयोजक- संजय अग्रवाल जी द्वारा सभी पदाधिकारियों को डायरी तथा पेन देकर सम्मानित किया गया,इस अवसर पर संगठन के जिला संरक्षक- अरविंद सिंह, जिला महासचिव-योगेन्द्र प्रताप सिंह,जिला सम्पर्क प्रमुख-अखंड प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष-शैलेन्द्र श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष-गजेन्द्र सिंह, रूद्राक्ष ठाकुर, जिला सचिव-पवनेश सिंह, अभिषेक मिश्रा, राजकुमार सिंह, अजीत सिंह फौजी, जिला कार्यकारिणी सदस्य-अजय सिंह, आईटीसेल प्रभारी-आलोक सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### रात्रि में हुआ महिला पर हमला

**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के ओया गांव में रात्रि 2:00 बजे महिला के ऊपर नकाबपोश ने जानलेवा हमला कर दिया गुड्डी पत्नी स्व ललई उम्र 45 वर्ष ने बताया कि रात्रि में लगभग 2:00 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा मैं सो रही थी तभी मेरी मच्छरदानी खींची गई मैं जगी तब तक मेरे ऊपर हमला हो गया और हमलावर भाग गया मैं उसे पहचान नहीं पाई मैं मां बेटी यहां पर रहती हूं मेरे पति का देहांत हो चुका है रात्रि में पुलिस के पास गई थी सुबह के लिए बुलाया है तथा डॉक्टर के पास जाकर इलाज भी कराया है सर पर चोट आई है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से रेलवे गेट टूटा



**डलमऊ, रायबरेली।** उन्नाव ऊंचाहार रेल खंड पर मुराई बाग कस्बे में लगे रेलवे गेट को एक अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी जिससे गेट टूट गया जिसके चलते बड़ी देर तक कस्बे में जाम लग रहा रविवार दोपहर करीब 3:00 के आसपास ट्रेन को पास करने के लिए रेलवे गेट बंद किया जा रहा था तभी उधर से गुजर रहे एक अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से रेलवे गेट टूट गया ट्रेन को गुजरते मैं कुछ ही समय बचे हुए थे ऐसी स्थिति में रेलवे गेटमैन के द्वारा बल्ली लगाकर ट्रेन को पास कराया गया इस दौरान वाहनों की आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया जिसके चलते करीब आधा घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही स्टेशन मास्टर डलमऊ ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से रेलवे गेट टूट गया था जिसे अब मिस्त्री बुलाकर सही किया जा रहा है

### बाजार क्षेत्रों में बंदरों का आतंक, मोहल्लावासी भयभीत



**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला के गांधीनगर, पुलिस चौकी, कस्बा चौकी, ज्वाला भवानी मंदिर, गोंडा मोड़, हनुमानगढ़ी मंदिर सहित आसपास के इलाकों में बंदरों का आतंक दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। इन क्षेत्रों में बंदरों की संख्या सैकड़ों में पहुंच चुकी है, जो दिनभर बाजारों और रिहायशी क्षेत्रों में घूमते रहते हैं, जिससे आम लोगों, विशेषकर बच्चों और आगंतुकों के लिए एक गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। बंदरों के हमले और काटने की घटनाएं स्थानीय निवासियों में भय पैदा कर रही हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, बंदर न केवल दुकानों से खाद्य सामग्री चुराते हैं, बल्कि बच्चों के प्रति उनकी जिज्ञासा भी खतरनाक साबित हो रही है। कई बच्चे बंदरों के करीब जाने पर उनके हमले का शिकार बन जाते हैं, जिससे माता-पिता में गहरी चिंता व्याप्त है। हाल ही में बच्चों को बंदरों के काटने की घटनाएं भी सामने आई हैं, जिसने समस्या को और गंभीर बना दिया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि प्रशासन ने अभी तक इस समस्या को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। ना तो बंदरों को किसी सुरक्षित स्थान पर ले जाने की व्यवस्था की जा रही है और ना ही उनकी संख्या को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से अपील की है कि बंदरों के लिए सुरक्षित स्थान निर्धारित कर उन्हें वहां स्थानांतरित किया जाए। साथ ही, जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए लोगों को बंदरों से सुरक्षित रहने के उपाय भी बताए जाएं ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके। निवासियों का कहना है कि यदि प्रशासन जल्द ही कोई प्रभावी कदम नहीं उठाता, तो यह समस्या और गंभीर हो सकती है और लोगों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है। उम्मीद की जा रही है कि स्थानीय प्रशासन निवासियों की अपील पर ध्यान देगा और समस्या को हल करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा, ताकि सभी नागरिक सुरक्षित माहौल में रह सकें।

### प्रेस क्लब बलरामपुर उतरौला ईकाई द्वारा किया गया सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** प्रेस क्लब बलरामपुर के तहसील इकाई उतरौला द्वारा जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव के निर्देशन में तहसील अध्यक्ष राम चरित्र वर्मा की अध्यक्षता में उतरौला तहसील के अंतर्गत कस्बा सादुल्लाहनगर के के एन एजूकेशनल सोसाइटी स्कूल परिसर में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसके मुख्य अतिथि तोताराम वर्मा गन्ना चेयर मैन सरकारी गन्ना विकास समिति उतरौला व विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी सादुल्लाहनगर मनोज कुमार सिंह रहे। सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों व गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में आए प्रेस क्लब के सदस्यों व पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा संबोधित किया गया ।और उन्होंने एक निष्पक्ष व निर्भीक पत्रकार के कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकार समाज और सरकार के बीच की कड़ी है ।मीडिया ही जनता की समस्या को सरकार तक पहुंचाने का काम करती है ।इतना ही नहीं सरकार की योजनाओं की जानकारी भी जनता तक पहुंचाने का काम करता है ।सम्मान समारोह में आए हाजी इस्माइल इण्टर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य शिव कुमार सक्सेना ने भी पत्रकारों को संबोधित किया ।और पत्रकार के नैतिक जिम्मेदारी व कर्तव्यों को बताते हुए कुछ आवश्यक सुझाव भी दिया ।इस मौके पर प्रेस क्लब बलरामपुर के तहसील उपाध्यक्ष उतरौला विजय पाल वर्मा,अर्जुन वर्मा,पवन सोनी,राजेश द्विवेदी,अनूप शुक्ला,रमेश शर्मा,राधेश्याम गुप्ता,आशीष कुमार गुप्ता,मुकीम सिद्दीकी,करीम खान,शिवम सोनी, अशोक पाल,विकास श्रीवास्तव, कृष्ण मुरारी,पवन गुप्ता सहित समस्त सदस्य मौजूद रहे।

# एक दीपक ही कई आंधियों पर भारी है, यादें झीनी झीनी रे

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



ब्लॉक परिसर में आयोजित कवि सम्मेलन एवं मुशायरा में दूर-दूर से आए कवियों ने शायरी मुक्तक व कविता से दर्शकों में शमा बांध दिया कवियों के हास्य व्यंग व शेरो शायरी सुनकर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई शंभू मुखिया सेवा संस्थान डलमऊ के तत्वावधान में आयोजित कवि सम्मेलन एवं मुशायरा ब्लॉक परिसर में आयोजित किया गया जिसमें दूर दराज से आए कवियों ने अपनी वाणी से लोगों का खूब मनोरंजन किया सम्मेलन का शुभारंभ कवि रमाकांत द्वारा किया गया जिसमें उन्होंने निराला जी की रचित वीणा वादिनी से शुरुआत की शादाब ने अपने गजलों से श्रोताओं को आनंदित किया। कवि सुंदर लाल मनमौजी मनन सुल्तानपुरी की रचनाओं ने भी शमां बांध दिया किसके किसके आंसू पहुंचे किस-किस पर ध्यान ना दिन सारी दुनिया दे दें मुझको अपना हिंदुस्तान ना दो जैसी रचनाओं से कवियों ने तालियां बटोरी डॉ ओमप्रकाश नूर ने कहा कि झूठ कितना भी आंख दिखलाए सच खुदकुशी नहीं करता कवि रमाकांत ने कहा सफर में हो भंवर में हो वतन का हाल ले लेना चमन का हाल ले लेना कवि राजीव राज ने प्रेम गीत बिन कविता का श्रृंगार अधूरा रहता है गीत पर खूब वाह वाही लूटी मधुप श्रीवास्तव नर कंकाल के व्यंग्यात्मक रचनाओं ने लोगों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया चरण सिंह बसर ने अपने शायरी से लोगों की वाह वाही लूटी कार्यक्रम के संयोजक राजेंद्र यादव ने आए हुए कवियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया इसके पहले रामनारायण रमन द्वारा रचित पुस्तक का विमोचन भी किया गया कार्यक्रम का संचालन कवि शमसुद्दीन अजहर ने किया। इस मौके पर प्रकाश चंद्र यादव आनंद प्रभाकर यादव संजय मोहन राम गोपाल वैश्य आशीष सोनी विक्की यादव डॉक्टर कमरुद्दीन रामनिवास विकास शर्मा संदीप चौधरी सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधान ने पुलिस पर लगाया हीला-हवाली का आरोप

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



ग्राम प्रधान के ऊपर हुआ हमला प्रधान ने पुलिस पर लगाया आरोप हीला हवाली कर रही है पुलिस नहीं कर रही है आरोपियों को गिरफ्तार जबकि लिखा जा चुका है मुकदमा। ग्राम पंचायत जेतुवा टप्पे बिझवन के ग्राम प्रधान तेजभान एवं उनके भाई पर गांव के ही कुछ लोगों ने हमला कर दिया था वहीं कोतवाली पुलिस महराजगंज द्वारा मुकदमा तो लिख लिया गया लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से ग्राम प्रधान पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। ग्राम प्रधान तेजभान ने बताया कि एक लड़के से दो लोगों का वाद विवाद हो रहा था उसका फोन आया मैं भी पहुंच गया तब वहां पर लव कुश बेचू लाल शुभम गुड्डू अनिल ने हमारे ऊपर हमला कर दिया जिसमें मेरा भाई उमर बहादुर और मैं गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने मुकदमा तो लिख लिया लेकिन अभी तक गिरफ्तारी किसी की नहीं की जिससे उनके मन बढे हुए हैं।

# सीएचसी गेट पर गूंजीं किलकारी

▸ ईएमटी व चालक की सूझबूझ से एंबुलेंस के अंदर ही प्रसूता ने दिया बच्ची को जन्म

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



सीएचसी गेट पर पहुंचते ही एंबुलेंस के अंदर ही बच्चों की किलकारी गूंज उठी, एंबुलेंस के चालक व ईएमटी के द्वारा सुरक्षित सीएचसी पहुंचाया गया जहां अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार को एक ऐसी घटना सामने आई कि जब गेट पर पहुंचे ही एंबुलेंस के अंदर बच्चों की रोने की आवाज सुनाई पड़ी। चालक के द्वारा एंबुलेंस को रोक दिया गया और सूचना अस्पताल प्रशासन को दी गई। मौके पर पहुंची महिला डॉक्टर व नर्स ने बच्चों को सुरक्षित लेकर और प्रसूता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है इलाज किया जा रहा है। एमपी मोहम्मद जाहिद के द्वारा जानकारी दी गई प्रसूता के परिजनों द्वारा 102 एंबुलेंस पर सूचना दी गई। सूचना पर चालक राजेश शुक्ला के साथ पहुंचकर प्रसूता प्रेमलता पत्नी मुकेश कुमार निवासी ग्राम भैरमपुर को एंबुलेंस में बैठाया गया। और बछरावां सीएचसी की ओर लेकर निकल पड़े। सीएचसी गेट के पास पहुंचते ही बच्चों की किलकारी सुनाई पड़ी। जिसे सुनकर प्रसूता व उनके परिजनों में खुशी के लहर दौड़ गई। तथा सावधानीपूर्वक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जच्चा और जन्म लेने वाली बच्ची दोनों सुरक्षित बताए गए हैं।

# प्रदेश अध्यक्ष बने करुणेश तिवारी का प्रथम गृह जनपद आगमन पर स्वागत



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** स्थानीय क्षेत्र में सुभासपा के प्रदेश अध्यक्ष(युवा मंच,मध्यांचल) बनने के बाद अपने गृह जनपद में प्रथम आगमन पर अमघटी घाट सादुल्लानगर, हसऊपुर में समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।जिसमें ढोल-नगाड़ों की गूंज और फूलों की बारिश से वातावरण सराबोर हो गया। करुणेश तिवारी(विकास)की अगवानी में प्रमुख स्थानीय नेता, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियो में भारी वाहनों के साथ जनपद सीमा के अमघटी घाट पर स्वागत किया गया और बड़ी संख्या में आम लोग भी शामिल हुए। तिवारी ने अपने स्वागत से अभिभूत होकर कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि हर उस कार्यकर्ता का है जिसने पार्टी की मजबूती के लिए अथक परिश्रम किया है। तिवारी ने बीपी इंटरनेशनल विद्यालय देवरिया इनायत में सभा को संबोधित करते हुए कहा, प्रदेश की सेवा का यह अवसर मुझे आप सभी के आशीर्वाद और समर्थन से मिला है। मैं आपके विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा से काम करूंगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के सपनों को साकार करूंगा। आने वाले 2027 के विधानसभा के चुनाव में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को आप सभी लोग मिलकर मजबूत बनाएं।तिवारी के स्वागत में सादुल्लानगर की प्रमुख सड़कों पर झंडे और बैनर लगाए गए थे और जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे। समारोह के बाद तिवारी ने अपने गृह जनपद के विभिन्न विकास कार्यों के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर ज्ञानचंद सोनी, दानिश रंगरेज, अर्जुन तिवारी, अनूप तिवारी, राधेश्याम गुप्ता, राजू तिवारी, दिनेश, सुमित सिंह, शिवम सोनी, अवधेश उपाध्याय, राकेश (बाबा), अखिलेश गुप्ता, राजेश तिवारी, गौरव सिंह, अजय तिवारी, व अन्य लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।

# सफाई व्यवस्था बदहाल, वार्डों में गंदगी का अंबार





**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला की आदर्श नगर पालिका परिषद के अंतर्गत सफाई व्यवस्था की अनदेखी के कारण वार्डों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सफाई व्यवस्था नियमित न होने और सफाई कर्मियों की अनुपस्थिति, विशेषकर रविवार को, नगरवासियों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। रविवार को सफाई कर्मियों के अवकाश पर रहने से गलियों और सड़कों में झाड़ू नहीं लग पाती, जिसके परिणामस्वरूप कचरे का जमाव बढ़ जाता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सफाई के अभाव में गलियों में बदबू और मच्छरों की संख्या बढ़ जाती है, जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा बना रहता है। नालियों में कचरा जमा होने से पानी सड़कों पर बहने लगता है, जिससे आवागमन में भी कठिनाई होती है। निवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से अनुरोध किया है कि सफाई कर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और सफाई व्यवस्था को सुचारू किया जाए। नगरवासियों की मांग है कि रविवार को भी सफाई की व्यवस्था कायम रखी जाए, ताकि गंदगी और स्वास्थ्य संबंधी खतरों से मुक्ति पाई जा सके।

# जिले में शांति व सुरक्षा-व्यवस्था बनाए रखने को पैदल गश्त एवं ड्रोन से निगरानी

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में आज दिनांक शनिवार को पुलिस बल द्वारा विशेष गश्त और ड्रोन के माध्यम से निगरानी अभियान चलाया गया। इस अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नम्रिता श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकारी नगर बृजनंदन राय ने थाना कोतवाली नगर, थाना कोतवाली देहात, तथा अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार और क्षेत्राधिकारी ललिया ज्योतिश्री ने थाना ललिया क्षेत्र में निगरानी की।

इसके अलावा, क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह ने थाना कोतवाली उतरौला क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस पैदल गश्त के दौरान मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, कस्बों, चौराहों और सर्राफा बाजारों में विशेष सतर्कता बरती गई। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर आमजन को सुरक्षा का अहसास कराने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने हेतु पैदल गश्त की गई। इसके साथ ही संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों और वस्तुओं की सघन चेकिंग भी की गई, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल स्थापित किया जा सके। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने सभी समुदायों के संभ्रांत व्यक्तियों, व्यापारियों और स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और पुलिस व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी प्राप्त किए। नागरिकों को शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए, पुलिस ने सभी को आपसी भाईचारा बनाए रखने और माहौल खराब करने वाले शरारती तत्वों की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया। इसी क्रम में, जनपद के सभी थाना प्रभारी ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पैदल गश्त की और आम नागरिकों को सुरक्षा का आश्वासन दिया। पुलिस ने यह भी बताया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक अफवाहें या भड़काऊ टिप्पणियों पर साइबर/सोशल मीडिया सेल द्वारा निरंतर निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों को समय रहते रोका जा सके। जनपद पुलिस द्वारा कहा गया है कि शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने के प्रति वे पूर्ण रूप से कटिबद्ध हैं और जनसहयोग के माध्यम से समाज में सुरक्षित माहौल का निर्माण करने के लिए तत्पर हैं।

# गोपाष्टमी पर रवीन्द्र गुप्ता ने की गौ माताओं की पूजा



**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर भगवतीगंज नगर में श्री हनुमान गोशाला में गोपाष्टमी गोमाता का पूजन बड़े ही हर्षोउल्लास के मनाया गया सर्वप्रथम गौ पूजन तदुपरान्त हवन व प्रसाद वितरण किया गया जिसमें भगवतीगंज गौशाला कमेटी के सुभाष अग्रवाल,विजय अग्रवाल,गोपी अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल आदि लोगों ने हवन पूजन करके प्रसाद वितरण किया गया जिसमें बलरामपुर के जिले के चर्चित गौ सेवक रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी ने गौ सेवकों ने गौ माताओं को तिलक लगाकर लाईया खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। गौ सेवक रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी ने कहा कि गोपाष्टमी पर गौ माताओं का पूजन किया जाना प्रत्येक हिंदू का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने सभी गौ सेवकों को सम्मानित करते हुए गौ पूजा की जिसमें भगवतीगंज गौशाला में काम कर रहे गौ सेवकों को व गौशाला मंदिर के पुजारी को अंग वस्त्र पहनाया भगवतीगंज नगर बाजार में गाय माता को भ्रमण कराया गया एवं नगर के सभी भक्तों ने गौ माताओं की पूजा अर्चना की गौ सेवक रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी ने कहा कि आज जिस तरह से गौ माताओं का सड़क पर दुर्घटना में आए दिन चोटिल हो रहे हैं वह बेहद शर्मनाक है उन्हें प्रत्येक नागरिक सड़क पर देखते ही वहां से हटाने का प्रयास करें ताकि आसपास ही वाहनों से उनके दुर्घटना ना हो सके जिसमें भगवतीगंज गौशाला कमेटी के सुभाष अग्रवाल, विजय अग्रवाल, गोपी अगरवाल, सुनील गुप्ता, सुरेंद्र अग्रवाल, रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी गौ सेवक युवा समाजसेवी बलरामपुर, राधेश्याम कमलापुरी, विजय गुप्ता, राकेश गुप्ता, मनोज गुप्ता सुरेश चंद्र पाठक, सतीश गुप्ता, रोशन गुप्ता, विशाल सिंह, पिंटू गुप्ता अविरल गुप्ता, अर्जुन वर्मा व भगवतीगंज नगर के काफी संख्या में लोगों ने गौ माता का पूजा किया।

# गाजे-बाजे के साथ निकला पंचकोसी परिक्रमा शुरू

**बलरामपुर**





जनपद बलरामपुर मे 112 वें कार्तिक शुक्ल अक्षय नवमी पर झारखंडी मंदिर से पंचकोसी परिक्रमा यात्रा महादेव की पूजा-अर्चना के बाद गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। अक्षय नवमी परिक्रमा कमेटी की ओर से निकले जुलूस को बलरामपुर सदर विधायक पल्टूराम कैलाश नाथ शुक्ला विधायक तुलसीपुर, अक्षय नवमी परिक्रमा कमेटी के अध्यक्ष रघुनाथ अग्रवाल, समिति के महामंत्री तुलसीश दुबे, नगर पालिका अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, बाबा विष्णु गिरी विनय गिरी, सोनू गिरी, मंगल बाबू रघुनाथ शुक्ला, अवधेश मिश्रा, राज कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, प्रितपाल सिंह,कृष्ण गोपाल गुप्ता,अजय श्रीवास्तव विनोद गिरी, रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी गौ सेवक, संदीप उपाध्याय, अक्षय शुक्ला आदि लोंगो ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

परिक्रमा से पूर्व समिति के पदाधिकारियों ने भोलेनाथ की आराधना और गोदान किया। परिक्रमा यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी परिक्रमा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए यात्रा मार्गो पर जलपान की व्यवस्था की गई रविवार की सुबह आठ बजे झारखंडी मंदिर में एकत्र श्रद्धालुओं ने गौपूजन कर खिचड़ी दान किया जिसमें जुलूस वीर विनय चौराहा, लक्ष्मी नारायण मंदिर चौक, मेजर चौराहा, कालीथान, बिजलीपुर मंदिर, रानी तालाब, तुलसीदास पोखरा, दिपवाबाग, नहर बालागंज, झारखंडेश्वर मंदिर धर्मपुर होते हुए जुलूस भगवतीगंज हनुमान गौशाला मंदिर पहुंची जगह-जगह लोगों ने स्टाल लगाकर प्रसाद और पेयजल की व्यवस्था की गौशाला मंदिर में मारवाड़ी युवा मंच के तरफ से छोला चावल व भगवती गंज नगर के सहयोग से लंच पैकेट भी वितरित किया गया, जिसमें अक्षय नवमी परिक्रमा कमेटी के अध्यक्ष रघुनाथ अग्रवाल महामंत्री तुलसीश दुबे, भीम सिह आदि लोगों को सुनील गुप्ता, महेश अग्रवाल, ओम प्रकाश गुप्ता, रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी गौ सेवक युवा समाजसेवी बलरामपुर ने अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया जिसमें महेश अग्रवाल,ओम प्रकाश गुप्त, वेद प्रकाश, पंडित जय नारायण शर्मा, गौ सेवक रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी, योगेश अग्रवाल आदि लोंगो ने प्रसाद वितरित किया जिसमें श्याम किशोर गुप्ता, डी के पांडे डब्लू, निशांत चौहान, बाबादीन तिवारी सोनू गिरि विनय गिरि,ओम प्रकाश गिरि नारायण बाबा,लकी कमलापुरी व मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अमन अग्रवाल, रजत अग्रवाल अंकित अग्रवाल विक्की माहेश्वरी सत्यम अग्रवाल आयुष अग्रवाल अनु अग्रवाल शुभम अग्रवाल आदि लोगों का बड़ा सहयोग रहा।

# 370 पर 'असंवैधानिक' हरकत

नेशनल कॉन्फ्रेंस का यही राजनीतिक मंसूबा था, क्योंकि अनुच्छेद 370 और 35-ए पार्टी का प्रमुख चुनावी मुद्दा था। हालांकि पार्टी को 23 फीसदी वोट ही हासिल हुए, लेकिन वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, लिहाजा सत्तारूढ़ है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बखूबी जानते हैं कि विधानसभा को संविधान में संशोधन करने या ऐसा प्रस्ताव पारित करने का कोई भी अधिकार नहीं है। यह संसद और सर्वोच्च अदालत के फैसलों का उल्लंघन भी है। फिर भी उपमुख्यमंत्री सुरेंद्र चौधरी के जरिए प्रस्ताव पेश कराया गया कि जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल किया जाए। यह दर्जा अनुच्छेद 370 में ही संरक्षण पाता रहा है। प्रस्ताव को लेकर विधानसभा में विधायकों ने हाथापाई, धक्कामुक्की की। यहां तक कि मारपीट भी की गई। विपक्षी सदस्यों को मार्शलों के द्वारा जबरन सदन के बाहर धकियाया गया। यह विधायी सदन है अथवा अराजकता का कोई अखाड़ा है? सत्तारूढ़ पक्ष अच्छी तरह जानता है कि अब अनुच्छेद 370 और 35-ए को बहाल नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री मोदी यहां तक कह चुके हैं कि अनुच्छेद 370 को जमीन में गाड़ा जा चुका है। दुनिया की कोई भी ताकत अब उसे वापस नहीं ला सकती।' मोदी सरकार ने ही इन अनुच्छेदों को निरस्त कराया है, वह ही इन्हें बहाल क्यों करेगी, कश्मीरी प्रतिनिधि यह भी बखूबी जानते हैं, लेकिन सियासत की उछल-कूद कर रहे हैं। सदन में जो असंसदीय, असंवैधानिक, अनधिकृत, अनैतिक हरकत की गई है, उसके अंजाम ऐसे भी हो सकते हैं कि उमर अब्दुल्ला सरकार और विधानसभा 'प्रतीकात्मक', 'कागजी' बनकर रह सकते हैं और राज्यत्व का मुद्दा भी लटक कर रह सकता है। अनुच्छेद 370 एक ऐतिहासिक गलती थी, लिहाजा उसे दुरुस्त करना जरूरी और उचित था। विलय-पत्र में भी इसका कहीं उल्लेख नहीं था। संविधान में यह अस्थायी प्रावधान था। अनुच्छेद 370 को 17 अक्तूबर, 1949 को संविधान का हिस्सा बनाया गया, जिसे 26 जनवरी,1950 को गणतंत्र बनने के बाद भी धारण किया गया। नेहरू-गांधी परिवार के तीन प्रधानमंत्री हुए, कांग्रेस अध्यक्ष बने, कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के प्रधानमंत्री भी कांग्रेस के ही थे, लेकिन इस अस्थायी अनुच्छेद को हटाया नहीं गया। नतीजतन जम्मू-कश्मीर का 'विशेष दर्जा' जारी रहा। यह दर्जा ऐसा था, जिसका झंडा, संविधान, नागरिकता और 6 साल की विधानसभा आदि अलग व्यवस्थाएं थीं। भारत के कई कानून यहां मान्य और लागू नहीं थे। 'जनसंघ' के संस्थापक नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में 'एक विधान, एक निशान, एक प्रधान' के तहत आंदोलन छेड़ा था और रहस्यमयी बलिदान दिया। 'बलिदान हुए जहां मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है,' भाजपा विधायकों ने सदन में ये नारे लगाए। जवाब में अब्दुल्ला की पार्टी के विधायकों ने नारे लगाए-'जिस कश्मीर को खून से सींचा, वो कश्मीर हमारा है।' यह कश्मीर में हिंसक अतीत को सुलगाने की हरकत है। यह जेहादियों का और अलगाववाद का नया एजेंडा हो सकता है, अलबत्ता दोनों अनुच्छेद तो आज मृत हैं। 5 अगस्त, 2019 को संसद ने कश्मीर के विशेष दर्जे को समाप्त करने का फैसला लिया। लोकसभा में 370 सांसदों और राज्यसभा में 125 सांसदों ने अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त करने वाले प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किए थे। लोकसभा में कांग्रेस समेत विरोधियों के कुल 70 सांसदों ने ही मतदान किया। आज एक अधूरी, बौनी-सी विधानसभा उस संसदीय निर्णय को खारिज कर दर्जा बहाल करने की मांग का दुस्साहस कैसे कर सकती है? पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने भी संसद के निर्णय को 'संवैधानिक' माना था। उसका उल्लंघन भी 'संवैधानिक अपराध' है। दरअसल कश्मीर में अब्दुल्ला परिवार और नेशनल कॉन्फ्रेंस की सियासत ही, सोच के आधार पर, भारत-विरोधी रही है। वर्ष 2000 में तत्कालीन मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला की सरपरस्ती में 'जम्मू कश्मीर स्वायत्तता प्रस्ताव' सदन में पारित कर केंद्र सरकार को भेजा गया था। वह आज कहीं धूल फांक रहा होगा। अनुच्छेद 370 वाले प्रस्ताव की नियति भी वही होगी। उमर सरकार मोदी सरकार के भरोसे है, लिहाजा अभी से ऐसी दरारें पैदा करने से कुछ भी हासिल नहीं होगा।

# बॉलीवुड के अनकहे किस्से : वह पहली फिल्म जिसका उद्घाटन सरदार पटेल ने किया

*अजय कुमार शर्मा*

किशोर साहू जिन्होंने अपना कैरियर एक अभिनेता के रूप में बॉम्बे टॉकीज की फिल्म जीवन प्रभात (1937) से शुरू किया था आगे चलकर प्रख्यात और सफल निर्माता, निर्देशक बने। अच्छे साहित्यकार होने के कारण अपनी फिल्मों की कहानियां, पटकथा और संवाद भी वे स्वयं ही लिखा करते थे। बहूरानी (1940) फिल्म का निर्माण और लेखन तथा कुंआरा बाप (1942) और राजा (1943) का निर्माण, लेखन और निर्देशन कर अपनी धाक जमा चुके थे। वे अपनी अगली फिल्म मौर्यकालीन इतिहास के किसी बड़े पात्र पर बनाना चाहते थे। लेकिन मुश्किल यह थी कि चंद्रगुप्त मौर्य पर फिल्म बन चुकी थी और यदि वह चाणक्य पर फिल्म बनाते तो अपनी कम आयु के कारण चाणक्य की भूमिका नहीं निभा सकते थे। यही समस्या सम्राट अशोक के साथ थी। क्योंकि उनकी सारी उपलब्धियां ढलती अवस्था में प्राप्त की थी। उन्हें तलाश किसी युवा पात्र की थी।

इसी उलझन के दिनों में दिल्ली के एक पत्रकार मंगलानंद गौतम उनके पास आए। वे दिल्ली से हिंदी की एक पत्रिका निकालते थे और समय-समय पर उनसे उसके लिए विज्ञापन लेने आ जाते थे। उन्हीं से एक बार बातचीत में यह बात चली तब उन्होंने सम्राट अशोक के बेटे कुणाल का नाम लिया और कहा कुणाल की भी बड़ी-बड़ी आंखें थी तुम्हारी तरह। कुणाल पक्षी अपनी सुंदर आंखों के लिए प्रसिद्ध होता है और अशोक ने उसी के नाम पर अपने पुत्र का नाम कुणाल रखा था। तब तक किशोर साहू ने कुणाल के बारे में कुछ भी नहीं सुना था। संक्षिप्त में ही गौतम जी ने उन्हें कुणाल के बारे में बताया, जिसके अनुसार सम्राट अशोक ने बुढ़ापे में तिष्यरक्षिता नाम की एक सामंत कन्या पर रीझकर उससे शादी की थी जो बाद में राजकुमार कुणाल के सुंदर रूप और आंखों पर आसक्त हो गई थी लेकिन कुणाल लगातार उसके कलुषित प्रेम का तिरस्कार करता रहा। इस तिरस्कार का बदला लेने के लिए उसने कुणाल को बंदी बनाकर उसकी आंखें निकलवा दी थी। बाद में सम्राट अशोक को जब तिष्यरक्षिता की इस हृदय विदारक करतूत का पता चला तो उसने उसे जिंदा जलवा दिया।

कहानी ने किशोर साहू को प्रभावित किया। उसके बाद उन्होंने मौर्यकालीन इतिहास का अध्ययन शुरू किया। अंत में बौद्ध और जैन धर्म के ग्रंथों में उन्हें कुणाल के बारे में काफी विवरण मिल गया। फिल्म की पटकथा तैयार कर उन्होंने उस का नाम रखा वीर कुणाल। अब पात्रों के चयन की प्रक्रिया शुरू हुई। तिष्यरक्षिता के लिए उन्हें उस समय की सबसे सुंदर अभिनेत्री का चुनाव करना था। उस समय शोभना समर्थ ही इस पैमाने पर खरा उतरती थीं। लेकिन भरत मिलाप और रामराज्य की सफलता से बनी सीता की पवित्र छवि के विपरीत यह पात्र तो खलनायिका का था। धड़कते दिल से किशोर साहू ने शोभना समर्थ से संपर्क किया। उन दिनों वे उनके साथ इंसान फिल्म में नायिका का रोल कर रही थीं। उनका पहली शंका यही थी कि लोग उन्हें खलनायिका के रूप में स्वीकार करेंगे या नहीं...इस पर उन्होंने समझाया कि इस फिल्म में उन्हें अपनी सुंदरता के साथ ही अपने अभिनय क्षमता को भी दिखाने का अवसर मिलेगा। आखिर शोभना इसके लिए तैयार हो गईं। अगली बात पैसे की थी। तब पता चला कि शांता आप्टे ने हाल ही में उनसे ज्यादा पैसे लिए हैं। साहू जी ने उससे एक हजार ज्यादा देने का वचन देकर उन्हें साइन कर लिया। सम्राट अशोक के लिए उन्होंने चंद्रमोहन से बात की जोकि अपनी बिल्लौरी आंखों और विलक्षण आवाज से बहुत लोकप्रिय थे। लेकिन चंद्रमोहन का अहंकार उन दिनों सातवें आसमान पर था। किशोर साहू ने फोन पर जब उन्हें अपने दफ़्तर आकर बात करने को कहा तो उन्होंने फोन पर ही जवाब दिया,÷सुनिए साहू साहब, मैं पिक्चर का 40,000 लेता हूं अगर आपको मंजूर हो तो कल मेरे घर एडवांस लेकर आ जाइए, कहानी भी वही सुन लूंगा। उनकी इस अकड़ का किशोर को बहुत बुरा लगा और उन्होंने उन्हें जवाब दिया कि इस रोल के लिए उनका बजट 20,000 है। इससे ज्यादा नहीं। इस पर चंद्रमोहन का जवाब था, अगर आप चंद्रमोहन को चाहते हैं तो आपको अपना बजट बदलना होगा। तब किशोर साहू का जवाब था, किशोर साहू अपना बजट नहीं बदल सकता चंद्रमोहन को बदल सकता है। और बात समाप्त हो गई। फिर इस भूमिका के लिए उन्होंने मन मार कर मुबारक को चुना। रानी कुरुवकी की भूमिका के लिए दुर्गा खोटे को चुना गया। अन्य पात्रों के चुनाव के बाद आखिरकार मोहन स्टूडियो में वीर कुणाल का मुहूर्त करके शूटिंग शुरू कर दी गई।

इस फिल्म के लिए उन्होंने निर्माता, लेखक, अभिनेता और निर्देशक की चौमुखी जिम्मेदारी उनके ऊपर ली थी। उन्होंने आज से 2000 वर्ष पहले के मौर्ययुग की वास्तुकला, वेशभूषा, वातावरण, व्यवहार और इस सबके साथ ही उस समय की संस्कृतनिष्ठ शुद्ध हिंदी में निरंतर संवाद बोलने के लिए बहुत मेहनत की। आखिरकार नौ-दस महीने तक निरंतर चली शूटिंग के बाद फिल्म तैयार हो गई। किशोर साहू की इच्छा थी कि वीर कुणाल का उद्घाटन किसी नामी नेता द्वारा हो और तब उनका ध्यान उस समय के सबसे सशक्त नेता सरदार वल्लभभाई पटेल पर गया। उस समय तक राजनीतिक लोग फिल्मों से दूर ही रहते थे। इस चुनौती को तोड़ने के लिए किशोर साहू ने सरदार वल्लभभाई पटेल से मिलने का निर्णय लिया और पुरुषोत्तम दास टंडन की सहायता से वह उनसे मिलने गए। मिलते ही उन्होंने उस समय की कांग्रेस सरकार पर तोहमत लगाते हुए कहा कि आप सब स्वदेशी वस्त्र, स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल की बात करते हैं लेकिन स्वदेशी फिल्मों के बारे में कुछ भी नहीं कहते हैं और तो और उन पर कई तरह की रुकावटें लगाते हैं जबकि वह मनोरंजन कर के रूप में अच्छा-खासा पैसा सरकार को देती हैं।

सरदार पटेल ने अस्वस्थ होने के बावजूद गंभीरता से उनकी बातें सुनी और उनसे कहा कि अच्छा हुआ आपने फिल्म उद्योग की समस्याओं से मुझे अवगत कराया और मैं तुम्हारी बात से सहमत हूं कि सरकार को इस बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए। मैं तुम्हारी इस फिल्म का उद्घाटन करने आऊंगा। तब 01 दिसंबर को 4:00 बजे नावेल्टी सिनेमा में फिल्म के उद्घाटन का कार्यक्रम तय हुआ। किशोर साहू ने उनसे कहा कि वह उस दिन फिल्म इंडस्ट्री के सारे नामी और प्रतिष्ठित लोगों को वहां बुलाएंगे और फिर फिल्म उद्योग की समस्याओं को आपके सामने रखेंगे और आप अपना और कांग्रेस का पक्ष रख सकते हैं। सरदार पटेल ने इसके लिए सहमति दे दी। क्योंकि 01 दिसंबर को उन्हें कोलकाता जाना था तब वह इस बात पर सहमत हुए कि मैं उद्घाटन करके ही वहां से चला जाऊंगा। लेकिन किशोर ने कहा कि अगर आप उद्घाटन करके चले जाएंगे तो जनता फिर वही समझेगी कि आपकी या सरकार की फिल्मों में दिलचस्पी नहीं है। इस पर बात इंटरवल तक फिल्म देखने पर बनी और वह मान गए।

चलते-चलते 1 दिसंबर 1945 के दिन भारतीय फ़िल्म उद्योग इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाने वाला दिन बन गया। कांग्रेस और सिनेमा के चलते लोगों का अपार कौतूहल तो था ही जिस कारण थिएटर तो खचाखच भर ही गया, थिएटर के बाहर सड़क पर हजारों लोगों की भीड़ जमा हो गई। सरदार वल्लभभाई पटेल ने वीर कुणाल फिल्म का उद्घाटन तो किया ही उन्होंने वहां एक लंबा-चौड़ा भाषण भी दिया, जिसमें उन्होंने विदेशी फिल्म कंपनियों पर रोक लगाकर भारतीय फिल्म कंपनियों को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। इसका फिल्म उद्योग में बहुत स्वागत हुआ। फिल्म तो बहुत ज्यादा सफल नहीं रही लेकिन सरदार पटेल की फिल्म उद्योग में इस पहली उपस्थिति से किशोर साहू का नाम जरूर चमक गया और फिल्म पत्रकारों ने उन्हें आचार्य किशोर साहू कहना शुरू कर दिया।




**किशोर साहू की इच्छा थी कि वीर कुणाल का उद्घाटन किसी नामी नेता द्वारा हो और तब उनका ध्यान उस समय के सबसे सशक्त नेता सरदार वल्लभभाई पटेल पर गया। उस समय तक राजनीतिक लोग फिल्मों से दूर ही रहते थे। इस चुनौती को तोड़ने के लिए किशोर साहू ने सरदार वल्लभभाई पटेल से मिलने का निर्णय लिया और पुरुषोत्तम दास टंडन की सहायता से वह उनसे मिलने गए। मिलते ही उन्होंने उस समय की कांग्रेस सरकार पर तोहमत लगाते हुए कहा कि आप सब स्वदेशी वस्त्र, स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल की बात करते हैं लेकिन स्वदेशी फिल्मों के बारे में कुछ भी नहीं कहते हैं और तो और उन पर कई तरह की रुकावटें लगाते हैं जबकि वह मनोरंजन कर के रूप में अच्छा-खासा पैसा सरकार को देती हैं। सरदार पटेल ने अस्वस्थ होने के बावजूद गंभीरता से उनकी बातें सुनी और उनसे कहा कि अच्छा हुआ आपने फिल्म उद्योग की समस्याओं से मुझे अवगत कराया और मैं तुम्हारी बात से सहमत हूं कि सरकार को इस बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए। मैं तुम्हारी इस फिल्म का उद्घाटन करने आऊंगा। तब 01 दिसंबर को 4:00 बजे नावेल्टी सिनेमा में फिल्म के उद्घाटन का कार्यक्रम तय हुआ।**

## विचार

# अपराधियों का महिमामंडन एक चिंताजनक प्रवृत्ति

*डॉ. सत्यवान सौरभ*

मनोरंजन और समाचार मीडिया में अपराधियों का महिमामंडन एक चिंताजनक प्रवृत्ति बन गई है, खासकर अपराध में शामिल व्यक्तियों को नायक के रूप में चित्रित करने में। यह ग्लैमराइज़्ड प्रतिनिधित्व न केवल न्याय और सत्य को बढ़ावा देने के लिए इन प्लेटफ़ॉर्म के नैतिक कर्तव्य को कमज़ोर करता है, बल्कि प्रभावित दर्शकों, विशेष रूप से युवाओं को अपराध को आकर्षक या वांछनीय मानने के लिए गुमराह करता है। इस तरह के चित्रण से मीडिया की सामाजिक ज़िम्मेदारियों का पुनर्मूल्यांकन करने की जरूरत पड़ती है। अपराधियों को सनसनीखेज बनाकर, मीडिया की कहानियाँ आपराधिक न्याय प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती हैं, कानून तोड़ने वालों को जवाबदेह ठहराने के बजाय उन्हें सहानुभूतिपूर्ण या वीरतापूर्ण प्रकाश में पेश कर सकती हैं।

जब समाचार आउटलेट किसी अपराधी की पृष्ठभूमि या उद्देश्यों को अत्यधिक कवर करते हैं, तो वे अनजाने में सहानुभूति पैदा कर सकते हैं, जिससे उनके कार्यों की गंभीरता कम हो जाती है। मीडिया चित्रण अक्सर अपराधियों को ग़लत समझे जाने वाले या विद्रोही व्यक्तियों के रूप में रोमांटिक बनाता है, जिससे एक विषम सार्वजनिक धारणा बनती है जो उनके कार्यों की सच्चाई को कमज़ोर करती है। अपराधियों का महिमामंडन समाज के नैतिक संतुलन को बिगाड़ता है, वास्तविक उपलब्धियों की बजाय अवैध साधनों के माध्यम से भौतिक सफलता को बढ़ावा देता है। मिर्जापुर जैसे शो एक ऐसी कहानी बनाते हैं जिसमें आपराधिक कृत्य धन और सम्मान की ओर ले जाते हैं, जो संभावित रूप से दर्शकों के मूल्य प्रणालियों को प्रभावित करते हैं। अपराधियों का महिमामंडन पीड़ितों के परिवारों के लिए बहुत ही दुखद हो सकता है, क्योंकि यह उनके द्वारा किए गए दुख को खारिज करता है और न्याय और जवाबदेही की आवश्यकता को नकारता है।

पुष्पा और गब्बर जैसे चरित्र जो कानूनी सीमाओं के बाहर अपराध से लड़ते हैं, वे सतर्कतावाद को रोमांटिक बना सकते हैं, जिससे न्याय की एक दोषपूर्ण समझ पैदा होती है। युवा दर्शक अपराधियों को अपना आदर्श मानने लग सकते हैं, उन्हें साहसी व्यक्ति के रूप में देख सकते हैं जो व्यवस्था को चुनौती देते हैं, इस प्रकार सही और ग़लत की उनकी समझ को विकृत कर सकते हैं। लॉरेंस बिश्नोई जैसे व्यक्तियों को समर्पित सोशल मीडिया फैन पेज आपराधिक कृत्यों का महिमामंडन करते हैं, जिससे वे सराहनीय लगते हैं। फ़िल्मों और श्रृंखलाओं के माध्यम से आपराधिक महिमामंडन के लगातार संपर्क में आने से युवा हिंसा के प्रति असंवेदनशील हो सकते हैं, सहानुभूति कम हो सकती है और आक्रामकता सामान्य हो सकती है।

मीडिया में महिमामंडन युवाओं को अपराधियों के व्यवहार या जीवनशैली की नक़ल करने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है, जिससे उनकी शिक्षा और करियर के विकल्प प्रभावित हो सकते हैं। सोशल मीडिया पर शो से गैंगस्टर व्यक्तित्वों की नक़ल करने का चलन दर्शाता है कि आपराधिक चित्रण युवाओं को कैसे प्रभावित करता है। अपराधियों को प्रतिष्ठान के खिलाफ विद्रोही व्यक्ति के रूप में महिमामंडित करना युवाओं में कानून प्रवर्तन के प्रति अविश्वास को बढ़ावा दे सकता है। अपराधियों को भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ लड़ने वाले नायक के रूप में चित्रित करने वाले चित्रण कानून प्रवर्तन की सार्वजनिक छवि को नुक़सान पहुँचा सकते हैं। जब अपराध को ग्लैमराइज़ किया जाता है, तो यह एक मिसाल क़ायम करता है जहाँ



युवा अवैध गतिविधियों को सफलता और मान्यता के मार्ग के रूप में देखते हैं, जिससे सामाजिक नैतिकता प्रभावित होती है। ऐसी फ़िल्में जो अपराधियों को प्रसिद्धि या विलासिता प्राप्त करते हुए दिखाती हैं, युवाओं को अपराध को एक व्यवहार्य जीवन शैली के रूप में देखने के लिए प्रेरित कर सकती हैं।

मीडिया में आपराधिक व्यक्तियों के महिमामंडन को सीमित करने वाले दिशा-निर्देश लागू करें, विशेष रूप से युवाओं के लिए सुलभ सामग्री में। हिंसक या आपराधिक गतिविधियों को चित्रित करने वाली सामग्री के लिए आयु-आधारित प्रतिबंध लगाने से युवा दर्शकों के बीच जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। मीडिया आउटलेट्स को सनसनीखेज के बजाय जवाबदेही और न्याय पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपराधियों पर रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करें। सार्वजनिक प्रसारण एजेंसियाँ व्यक्तिगत अपराधियों का महिमामंडन करने के बजाय अपराध के निहितार्थों पर ध्यान केंद्रित करके एक मानक स्थापित कर सकती हैं।

स्कूलों में मीडिया साक्षरता कार्यक्रम लागू करें ताकि छात्रों को महिमामंडित आपराधिक सामग्री के प्रभाव का गंभीरता से विश्लेषण करने और समझने में मदद मिल सके। उदाहरण के लिए कार्यशालाएँ जो युवाओं को सनसनीखेज सामग्री से तथ्यात्मक रिपोर्टिंग को पहचानना सिखाती हैं, अपराधियों के लिए अनुचित प्रशंसा को कम कर सकती हैं। समुदाय के नेताओं को युवाओं के साथ आपराधिक महिमामंडन के नकारात्मक प्रभाव पर चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करें, उन्हें रचनात्मक रोल मॉडल की ओर मार्गदर्शन करें। स्थानीय सामुदायिक केंद्र कानून और न्याय पर सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए पुलिस अधिकारियों या सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा वार्ता की मेजबानी कर सकते हैं।

विभिन्न क्षेत्रों के सफल व्यक्तियों पर ध्यान केंद्रित करने वाले मीडिया अभियान युवाओं को प्रशंसा करने के लिए रचनात्मक व्यक्ति प्रदान कर सकते हैं। प्रौद्योगिकी, खेल और सामाजिक सेवाओं में नेताओं को प्रदर्शित करना नकारात्मक प्रभावों से ध्यान हटा सकता है। मीडिया में अपराधियों का महिमामंडन सामाजिक नैतिकता और युवा विकास के लिए एक महत्त्वपूर्ण जोखिम पैदा करता है। यह सुनिश्चित करना कि सामग्री जिम्मेदारी से तैयार की गई है और सकारात्मक रोल मॉडल को बढ़ावा देना एक ऐसे समाज के निर्माण के लिए महत्त्वपूर्ण है जो न्याय और अखंडता को महत्तव देता है। जिम्मेदार मीडिया चित्रण, सामुदायिक सहभागिता और नियामक निरीक्षण पर ध्यान केंद्रित करके, भारत एक ऐसा मीडिया वातावरण विकसित कर सकता है जो सकारात्मक सामाजिक मूल्यों को प्रेरित करता है और आपराधिकता के प्रति प्रशंसा को रोकता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## साहित्य



### मत कहो बेजान इनमें भी है जाँ

**कुमार विनोद**

मत कहो बेजान इनमें भी है जाँ
खिड़कियों से साँस लेते हैं मकाँ

खिड़कियों की शान गर परदों से है
पेंटिंग दीवार को रक्खे जवाँ

ईंट गारा तो फ़क़त है नाम का
प्यार से ही तो बने है घर मियाँ

चाँद की अच्छी हो गर आबो हवा
हम बना लेंगे वहाँ भी आशियाँ

प्यार से तुमने जो स्वैटर बुन दिया
अब नहीं मुझको डराती सर्दियाँ





# राशिफल

**मेषः-** घर-परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न को व्यवसायिक अवरोध के हल ढूंढने में मन केद्रित होगा। बिगड़े हुए सम्बन्धो में सुधार होगा।

**बृषभः-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय बड़ा मूल्यवान है। अतः इसे व्यर्थ न गंवायें। अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुनः-** परम्पराओ व संस्कारों कें प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव एवं कुछ साथ के प्रगतिशील व्यक्तियों से ईर्ष्या भाव ठीक नहीं। अस्थिर मन लक्ष्य के प्रति केन्द्रित होने मे असमर्थ होगा।

**कर्कः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य वश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। आपका मिलनसारिता के कारण सम्बन्धों का बिस्तार होगा। कमजोर मनोबल के कारण लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में थोड़ी कठिनाई का अभास होगा। संवेदनशील मन पूरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओत-प्रात होगा। परिवारिक दायित्वों को समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिन्तित होगा।

**कन्याः-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। परन्तु ईरीय आस्था हर परीस्थिती पर बिजय प्राप्त करेंगे। धैर्यपूर्वक महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित करें।

**तुलाः-** आपकी महत्वाकांक्षाए सफलता की राह पर संघर्ष के लिए प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाएं आपके मकसद सफलता दिलाऐंगी।

**वृश्चिकः-** मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी होगी। भौतिक चका-चौंद से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा। धैर्यहीनता व परिवर्तनशीलता लक्ष्य से दिग्भ्रमित करेगा।

**धनुः-** परिजनों व मित्रों का सनिध्य से मन प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में कोई अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार है। मांगलिक एव सास्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में आलस्य न करें।

**मकरः-** कुछ नये सम्बन्द बनेगें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद सम्भव। कर्तव्य व जिम्मेदारियों से घिरा मन अपनी कल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा।

**कुंभः-** मन को खराब विचारो से दूर रखते हुए अच्छे कार्य में केन्द्रित करें। नई स्थितियां आप मे नई प्रतिभाओं का संचार करेगा।

**मीनः-** अपनी वाणी पर नियंत्रण रखते हुए सम्बन्धों को मधुर बनाने की चेष्टा करें। प्रतिभा व आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफलताओं के प्रति आशान्वित करेगा। आर्थिक लाभ के आसार हैं।

# कांग्रेस का अनुच्छेद 370 की बहाली को समर्थन क्या दर्शाता है

*पंकज जगन्नाथ जयस्वाल*

डीप स्टेट झूठे आख्यान फैलाकर केंद्र सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रहा है, जिनमें से एक यह है कि संविधान खतरे में है। राहुल गांधी और इंडी गठबंधन विशेष रूप से चुनावी मौसम में इस तरह की झूठी धारणाओं का प्रसार कर रहे हैं। राहुल गांधी लगातार देश भर में घूम-घूम कर चेतावनी दे रहे हैं कि संविधान खतरे में है, मानो वे संविधान के सच्चे रक्षक हैं। आपातकाल घोषित करने से लेकर नियमित आधार पर संविधान में बदलाव करने और डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान के खिलाफ कानून बनाने तक, लोगों ने कॉंग्रेस की वास्तविक स्थिति को पहचान लिया है। कांग्रेस की लंबे समय तक सत्ता में कई चीजें घटित हुईं। कौन संविधान व आरक्षण को बचाना चाहता है और कौन इसे नष्ट करना चाहता है? यदि जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने अनुच्छेद 370 को बहाल करने का अनुरोध करते हुए 6 नवंबर, 2024 को प्रस्ताव पारित किया और कांग्रेस ने कार्यवाही का समर्थन किया तो हमें समझ जाना चाहिए कि संविधान का विरोध कौन कर रहा है।

***अनुच्छेद 370 किस तरह संविधान विरोधी और आरक्षण विरोधी था:-*** अनुच्छेद 370 के कारण जम्मू-कश्मीर में लोगों, खासतौर पर अनुसूचित जातियों और जनजातियों तथा महिलाओं के साथ बुरा व्यवहार हुआ और संविधान द्वारा गारंटीकृत आरक्षण और लाभों के अधिकार को खत्म कर दिया गया। सफाई कर्मचारियों के समूह को वाटल जैसे अपमानजनक लेबल दिए गए, जिसका मतलब निम्न श्रेणी के कर्मचारी थे। साफ शब्दों में कहें तो राष्ट्रपति ने कांग्रेस शासित नेहरू प्रशासन के अनुरोध पर 1954 में जम्मू-कश्मीर के लिए डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान को पूरी तरह से कमजोर कर दिया। भारतीय संविधान को कमजोर करके कॉंग्रेस ने अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तानी दखलंदाजी को अनुमति दी। संविधान के कमजोर होने से एससी, एसटी, ओबीसी और महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित हुईं। अनुच्छेद 370 ने जम्मू-कश्मीर में अलगाव और आतंकवाद को बढ़ावा दिया, जिससे 42,000 लोग मारे गए।

***अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद से क्या बदला है:-*** सबसे जरूरी बात यह है कि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान को जम्मू-कश्मीर में पूरी तरह लागू किया गया; सभी को अन्य राज्यों के भारतीयों के समान अधिकार मिले और वंचित जातियों को सम्मान दिया गया। आरक्षण का अधिकार, वोट का अधिकार और बोलने का अधिकार समेत कई अधिकार दिए गए हैं। मोदी सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से राज्य में 1993 के स्वीपर एक्ट सहित संविधान की सभी धाराएं लागू हो गईं। पिछले चार वर्षों में पहली बार जम्मू-कश्मीर में ओबीसी अल्पसंख्यक को मान्यता दी गई है। यह बहिष्कृत अल्पसंख्यकों के लिए एक महत्वपूर्ण जीत है, क्योंकि उन्होंने अपने संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग करना शुरू कर दिया है। 370 के निरस्त होने से अब जम्मू-कश्मीर के समुदायों को देश के बाकी हिस्सों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के समान प्रावधानों के अधिकार प्राप्त है। वन अधिकार अधिनियम, अत्याचार निवारण अधिनियम और वाल्मीकि समुदाय के जम्मू-कश्मीर में निवास के दावे को अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद लागू किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर के स्थानीय निकायों में ओबीसी आरक्षण के लिए विधेयक को मंजूरी दे दी है। जम्मू-कश्मीर के इतिहास में पहली बार अनुसूचित जनजातियों के लिए 9 सीटें निर्धारित की गई हैं, साथ ही अनुसूचित जातियों के लिए अतिरिक्त सीटें आरक्षित की गई हैं। वंचित आबादी पर अच्छे प्रभाव के अलावा इस क्षेत्र में लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति देखना उत्साहजनक है। पहले, अगर जम्मू और कश्मीर में कोई महिला किसी दूसरे राज्य के पुरुष से शादी करती थी तो उसे राज्य में संपत्ति खरीदने से रोक दिया जाता था, जिससे महिलाओं के अधिकार और अपना जीवनसाथी चुनने की स्वतंत्रता सीमित हो जाती थी। अलगाववादी नेताओं के बच्चे आराम से रह रहे थे, वहीं अन्य लोगों को दहशतवाद के गंभीर प्रभावों का सामना करना पड़ा। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से इन अन्य को सुरक्षा मिली है। 2016 से 2019 के बीच राज्य में पथराव की 5050 घटनाएं दर्ज की गईं अगस्त 2016 से अगस्त 2019 के बीच विरोध प्रदर्शनों और पत्थरबाजी की घटनाओं में 124 निर्दोष लोग मारे गए; निरस्तीकरण के बाद से चार वर्षों में ऐसी कोई मौत नहीं हुई है। इसके अलावा, अनुच्छेद 370 के बाद के दौर में, कानून और व्यवस्था की परिस्थितियों में नागरिकों की मौतों की संख्या आश्चर्यजनक रूप से शून्य हो गई। इसका मतलब यह है कि कोई भी उस शांति की प्रबल अनुभूति से इनकार नहीं कर सकता जो इस जगह पर व्याप्त है। इसलिए हम सभी को खुद से पूछना चाहिए कि क्या कांग्रेस और उसके सहयोगी संविधान के रक्षक हैं या हत्यारे। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में हुए घटनाक्रम से सभी भारतीयों की आंखें खुल जानी चाहिए। हमें उम्मीद है कि आप हर चुनाव में मतदान करते समय इस बात को ध्यान में रखेंगे।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

# कानून अब अंधा नहीं?



**वैभव शुक्ला**
**विधि छात्र, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी**

हाल ही में हमारे मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट में अनेक सराहनीय बदलाव किए उनमें से एक बदलाव न्याय की मूर्ति को भी समर्पित है न्याय की मूर्ति की अवधारणा रोमन के एक न्याय की देवी से ली गई है जो समाज में न्याय को स्थापित करने के लिए समर्पित है। न्याय की मूर्ति एक हाथ में तराजू और एक हाथ में तलवार लिए हुए और आंखों पर काली पट्टी बांधी हुई है पैरों से सांप को कुचल रही है जहां पर आंखों पर पट्टी का मतलब बिना भेद भाव न्याय करना, हाथ में तराजू के मतलब गवाहों को गिनने के बजाय उनको तौला जाए, हाथों में तलवार सजा देने को प्रदर्शित करता है

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ जी अपने कार्यकाल को पूरा करते करते सर्वोच्च न्यायालय में अनेक प्रकार के प्रतीकात्मक बदलाव लाए है उनमें से न्याय की मूर्ति की आंखों से काली पट्टी को हटाना एक चर्चा का विषय बन गया है इसी संदर्भ अनेक प्रकार की अवधारणाएं बनाई जा रही है कुछ वर्गों को कहना है कि कानून अब अंधा नहीं रहा। परन्तु न्याय मूर्ति की आंखों पर लगी पट्टी संबोधित करती है कि कानून की आंख उनके गवाह होते है जो न्याय को स्थापित करने में सहायक होते है इसी के संदर्भ में जेरेमी बेंथम ने कहा है कि ''गवाह, न्याय की आँखें और कान होते हैं ''तो प्रश्न ये उठता है कि आंखों से काली पट्टी हटाने का उद्देश्य क्या हो सकता है? मुख्य न्यायाधीश का कहना है कि यह इस बात का प्रतीत है कि कानून अब सब कुछ देख सकता है वो किसी से भी किसी भी प्रकार का भेद भाव नहीं करेगा एक मुख्य बदलाव मूर्ति में ये हुआ है कि मूर्ति के एक हाथ से तलवार की जगह संविधान ने ले ली है जिसका मतलब ये है कि संपूर्ण न्याय संविधान के अनुसार ही होगा। न्याय की मूर्ति के एक हाथ में तराजू ज्यों के त्यों ही है जो कि समता , निष्पक्षता का प्रतीक है और साक्ष्यों को गिना नहीं तौला जाएगा।

मूर्ति पूरी तरह से भारतीय पोशाक में नजर आ रही जिसका मतलब स्पष्ट है कि मूर्ति का पूर्ण रूप से भारतीयकरण किया गया है मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ 10 नवम्बर को अपना कार्यकाल समाप्त कर रहे हैं और जाते-जाते उन्होंने ऐसे प्रतीकात्मक बदलाव किए है जो सराहनीय और स्वागत योग्य है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

**कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



शनिवार शाम मछली बेचने मूसानगर गए युवक का शव रविवार मनकी रोड़ पर हरौलीपुर गांव के मोड़ के पास पड़ा मिला। मूसानगर से वापस आते समय किसी वाहन द्वारा टक्कर मार देने का अंदेशा लगाया जा रहा है। स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है। थाना क्षेत्र के बिलौटा गांव निवासी समरपाल उर्फ पप्पू पुत्र छैलू निषाद उम्र करीब 42 वर्ष शनिवार शाम करीब 7 बजे यमुना नदी से मछलिया पकड़कर मूसानगर बेचने गया था। देर रात तक वापस न लौटने पर स्वजनों द्वारा खोजबीन की गई। युवक के न मिलने पर स्वजनों ने पुलिस को सूचना दी जिसपर रात में ही पुलिस ने स्वजनों को साथ लेकर युवक की खोजबीन शुरू कर दी सुबह होते होते पुलिस ने हरौलीपुर गांव मोड़ के पास युवक को मोटरसाइकिल सहित सड़क के किनारे झाड़ियो में मृत अवस्था मे पड़ा पाया। स्वजन व पुलिस शव को कुरारा सीएचसी लेकर आये जहां डॉक्टरों ने बताया कि इसकी मृत्यु कई घंटे पहले हो चुकी है। मृतक के सर व शरीर में चोट लगी हुई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा है। थाना प्रभारी योगेश तिवारी ने बताया कि घटना देखकर ऐसा लग रहा है जैसे किसी को बचाने में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर झाड़ियो में जा घुसी या फिर किसी वाहन ने उसे टक्कर मारी है। जांच की जा रही है।

### साड़ी थ्रेसर में फंसने से महिला की मौत

**राठ(हमीरपुर)।** खेत में मूंगफली की कतराई कराते समय महिला की साड़ी थ्रेसर मशीन के पंखे में फंस जाने घायल वृद्ध महिला की मेडिकल कालेज उरई में इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला की मौत स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। क्षेत्र के चिकासी गांव निवासी उदित राजपूत ने बताया कि शनिवार की शाम वह खेत में मूंगफली की थ्रेसर मशीन से कतराई करा रहे थे। तभी मूंगफली उठाते समय उसकी मां (70) चंदारानी की साड़ी थ्रेसर के पंखे में फंस गई थ्रेसर मशीन में साड़ी फंसने से उसकी मां का गला कस गया। तभी वहां मौजूद मजदूरों ने देखा तो उन्हें बाहर निकाला और इलाज के लिए ले गए। जहां मेडिकल कालेज उरई में इलाज दौरान उनकी मां की मौत हो गई। बताया कि उनके पिता झल्लू के नाम बीस बीघा जमीन है। मां चंदारानी हाथ बंटाती थी। रविवार को को गांव में महिला का अंतिम संस्कार किया गया।

### सिलेंडर की आग से झुलसे युवक की मौत

**राठ(हमीरपुर)।** लीकेज गैस सिलेंडर में आग लगने से किसान पुत्र की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जरिया पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जरिया थाने के कैमोखर गांव निवासी उचित कुमार ने बताया कि उसके पिता पास तीन बीघा जमीन है। वह तीन भाई राजू देवीसिंह है। वह व उसका सबसे छोटा भाई देवीसिंह बाहर एक कंपनी में काम रहते हैं। घर पर पिता व 50 वर्षीय भाई राजू रहते थे। 30 अक्टूबर की सुबह करीब सात बजे राजू घर में गैस चूल्हे पर चाय बना रहा था। तभी लीकेज सिलेंडर में आग लग गई। आग से राजू गंभीर रूप से झुलस गया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी गोहांड ले गए। गोहांड से मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया गया। उरई से झांसी और झांसी से ग्वालियर रेफर कर दिया। बताया कि शनिवार को डॉक्टरों ने घर जाने के लिए बोल दिया। रविवार की सुबह करीब चार उसके भाई ने घर पर दम तोड़ दिया।

# गौशाला आयोग के सदस्य के आने के पहले बीमार गायों को जेसीवी में भरकर पहुंचाया कान्हा गौशाला

- वीडियो वायरल, विहिप व बजरंगदल ने जतायी आपत्ति

**कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



कुरारा कस्बे में अस्थाई रूप से बनी गौशाला से जेसीबी मशीन के द्वारा ट्रैक्टरों में बीमार गायो को भूसे की तरह भरकर कान्हा गौशाला भेजने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसे रात में ही विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रोक लिया। और रात में ही सदर एसडीएम ए सदर सीओ व नगर पंचायत के ईओ को सूचित किया। विश्व हिन्दू परिषद के कुरारा प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंह राजावत व शुशील सोनी प्रखंड मंत्री विहिप आशीष तिवारी प्रखंड संयोजक बजरंग दलए दिव्यांशु सिंह नितिन निखिल व शिवमूरत सिंह आदि ने बताया कि रात में ही भूसे के तरह बीमार गायो को ट्रैक्टर में जेसीबी के द्वारा लादकर ले जाने की सूचना मिली जब हम लोग मौके में पहुचे तो जेसीबी के माध्यम से बड़ी बेरहमी से गायो को ट्रैक्टर में लादा जा रहा था हम लोगो ने पहुचकर गायो को आजाद करवाया पूछने पर पता चला कि रविवार को राजेश सिंह सेंगर सदस्य गौसेवा आयोग का गौशाला का निरीक्षण है जिसके चलते बीमार गायो को कान्हा गौशाला भेजा जा रहा है। तब मौजूद लोगों ने सदर एसडीएम पवन प्रकाश पाठक व सदर सीओ राजेश कमल व नगर पंचायत ईओ रामबरन यादव को सूचना दी। उक्त लोग मौके पर पहुचे और पूरे मामले की जानकारी ली। वही नगर पंचायत ईओ रामबरन यादव ने बताया कि उनको ऐसी कोई जानकारी नही थी अगर रात में उन्हें फोन न किया जाता तो उन्हें पता भी नही चलता। वही इस संबंध में चेयरमैन आशारानी कबीर ने बताया कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नही है। ऐसा करने के लिए किसने कहा उसकी जांच की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### गाली-गलौज कर मारपीट की धमकी दी

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के अकौना गांव निवासी रामकुमार पुत्र पारीक्षत ने बताया कि शुक्रवार उसकी मां व पत्नी सीमेंट की अलमारी तोड़ रहे थे। तभी कुछ कूड़ा नाली में चला गया। तभी मुन्ना व उसके पुत्र धर्मवीर राजवीर एक राय होकर आए और गाली गलौज करने लगे। तभी उक्त पिता पुत्रों ने घर में घुसकर मां व पत्नी व लाठी व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे मां व पत्नी को गंभीर चोटें आईं हैं। जिन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### गणेश सिंह विद्यार्थी उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के जिला संयोजक मनोनीत



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के महासचिव अरुण कुमार त्रिपाठी ने गणेश सिंह विद्यार्थी को समिति के जनपद हमीरपुर का संयोजक मनोनीत किया है। महासचिव श्री त्रिपाठी ने विद्यार्थी जी को जनपद हमीरपुर की कार्यकारिणी का गठन करके अविलंब प्रदेश इकाई को प्रेषित करने का निर्देश दिया है। साथ ही यह आशा व्यक्त की है कि समिति के उद्देश्यों के लिए पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करेंगे। श्री विद्यार्थी जी को उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति का जिला संयोजक बनाए जाने पर जनपद के पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभ कामनाएं दी हैं। विद्यार्थी जी कई राष्ट्रीय अखवारों में काम कर चुके है। सभी लोग उनकी कलम का लोहा मानते है।

### गुढ़ा मेला में कवि सम्मेलन एवं दंगल का होगा आयोजन

**गौरहरी महोबा।** चरखारी विकास खण्ड के ग्राम गुढ़ा में लगने वाले सियरमाता के धार्मिक मेला का आयोजन 11 व 12 नवम्बर को होगा जिसमें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सियर माता मंदिर प्रांगण में 11 नवंबर से मेला का शुभारम्भ होगा तथा 11 नवम्बर को दंगल का आयोजन भी किया गया है। दंगल के संयोजक कपिल पहलवान ने बताया कि दंगल में उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य प्रान्तों से भी नामी गिरामी पहलवानों का आगमन होगा तथा रोचक कुश्तियों का आनन्द दंगल प्रेमी उठा पाएंगे। मेले के एक अन्य आकर्षण में इस बार कवि सम्मेलन का आयोजन भी आयेजन समिति द्वारा किया गया तथा कवि सम्मेलन के आयोजक राजू विश्वकर्मा ने बताया कि 12 नवंबर की रात्रि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में छतरपुर , झांसी, जालौन, चित्रकूट, बिहार आदि जगहों से कवि काव्य पाठ करेंगे। मेले के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर प्रदीप कुमार उपजिलाधिकारी चरखारी, आर एन मिश्रा तहसीलदार चरखारी, रविकांत गौड़ पुलिस क्षेत्राधिकारी चरखारी, डॉक्टर रविन्द्र राजपूत इएनटी सर्जन मौजूद रहेंगे।

### दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत होने पर दो लोग गंभीर रूप से घायल



**महोबा।** आज रविवार शाम 4:00 बजे करीब पनवाड़ी में न्यू बायपास हाईवे पर दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो जाने से दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।दोनों मौके पर ही अचेत होकर गिर गए।राहगीरों की मदद से दोनों बाइक सवारों को अस्पताल पहुंचाया गया। तथा दोनों घायलों के परिजनों को सूचना दी गई। इसके साथ ही पुलिस को भी सूचना दी गई। जानकारी के अनुसार अल्लू पुत्र भोला उम्र करीब 50 वर्ष निवासी बसरिया थाना महोबकंठ निवासी तथा दूसरा बाइक सवार देवेंद्र राजपूत पुत्र रामनारायण राजपूत निवासी पुरैनी जनपद हमीरपुर थाना जलालपुर। दोनों की बाइक आपस में भिड़ गई जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही अचेत हो गए। नाजुक हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। ड्यूटीरत डॉक्टरों के द्वारा गंभीर हालत देखते हुए जिला मुख्यालय भेजा गया। मौके पर पुलिस ब परिजन पहुंच गए हैं।

# भगवान के प्रति सच्ची आस्था है तो कोई आपका बाल भी बांका नहीं कर सकताः कथावाचक

- बजरंगधाम में कथा का तीसरा दिन

**मौदहा, हमीरपुर।** नगर के कपसा मार्ग स्थित सुप्रसिद्ध मंदिर बजरंग धाम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक पंडित राधावल्लभ शरण शास्त्री ने कथा को आगे बढाते हुए बालक ध्रुव व भक्त प्रहलाद की कथा को विस्तार से श्रोताओं को सुनते हुए कहा कि यदि आपकी भगवान के प्रति सच्ची आस्था है तो लाख कोशिशो के बावजूद कोई भी आपका बाल बांका नहीं कर सकता है जिस प्रकार भक्त प्रहलाद को एक ताकतवर राक्षस हिरण्यकश्यप द्वारा कई बार मारने का प्रयास किया गया लेकिन प्रभु की कृपा से वह अपने मकसद में सफल नहीं हो सका। बाद में प्रभु ने अपने भक्त को बचाने के लिए नरसिंह भगवान का रूप धारण कर राक्षस का अंत कर दिया था। तदोपारंत उन्होंने भगवान शिव व पार्वती के विवाह का वर्णन करते हुए भगवान शिव के कई वृतांतों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जो भी मानव सच्चे भाव से अपने को भगवान के प्रति समर्पित कर देता है उसकी सभी समस्याओं का समाधान स्वयं भगवान करते हैं। कथा के बीच.बीच हुए संगीतमयी भजनों से श्रोतागण भाव विभोर हो गए। पैड वादक एऑर्गन वादक एतबला वादक ने अपने सुरों को राग देकर श्रोताओं को झूम के लिए मजबूर कर दिया। बजरंग धाम के महंत श्री श्री 108 बजरंगदास जी महाराज ने नगर समेत क्षेत्र के भक्तों से आवाहन किया है कि आश्रम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अवश्य कमाए। उन्होंने बताया कि 14नवंबर को श्रीमद् भागवत कथा के समापन के बाद15 नवंबर को विशाल कन्या भोज व भंडारा संपन्न होगा जिसमें सभी लोग अपनी सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण करें।



# लौटाने अमानत मेरी बुलवाए वह दोबारा, मैं जान के भूल आऊं सामान मदीने में: काविस रूदौलवी

- आल इंडिया नातिया मुशायरा का हुआ आयोजन, संचालन माजिद देवबंदी ने किया

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



विख्यात सूफी संत हज़रत बाबा निज़ामी के उर्स के मौके पर रविवार को बाबा के आस्ताने में शानदार आल इंडिया नातिया व मन्कबती मुशायरा का आयोजन किया गया। जिसकी सदारत दरगाह के सज्जदा नशीन हाफिज़ वली मोहम्मद निजामी व हाफिज़ लाल मोहम्मद निजामी ने की वहीं मुशायरे का संचालन डॉ माजिद देवबंदी ने किया।

रविवार को बाबा निजामी के सालाना उर्स के पहले दिन देर रात आस्ताने में शानदार आल इंडिया नातियां मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से आए मेहमान शायरो ने अपने कलाम से महिफल में चार चांद लगा दिए। वहीं मुशायरे सुनने के लिए कस्बा सहित आस-पास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रोतागण दरगाह पहुंचे और शायरों के प्रत्येक शेरों को दाद देकर नवाज़ा। मुशायरे में दिग्गज नातियां शायर रही बस्तवी के इस शेर को जमकर दाद मिली ज़िक्रे नबी जो करते हैं ज़िक्रे खुदा के बाद- महशर के रोज़ होंगे मेरे मुस्तफा के साथ, इसी तरह जमील खैराबादी ने अपने इस शेर पर खूब दाद बटोरी ज़रूर तुमको मदीने बुलाएंगे आका- हयात जैसे भी गुज़रे गुज़ारते रहना वहीं मसीह निज़ामी मौदहवी का ये शेर खूब पसंद किया गया जो ज़बा न करे ज़िक्रे सल्ले अला- मुंह को ऐसी जबां की ज़रूरत नहीं, जिन नमाज़ों में इश्के शहे दीं न हो ऐसे सजदों की कोई फ़ज़ीलत नहीं इसी क्रम में काविश रुदौलवी ने अपने इस शेर पर खूब दाद बटोरी लौटाने अमानत मेरी बुलवाए वह दोबरा- मैं जान के भूल आऊं सामान मदीने में। संचालन कर रहे डॉ माजिद देवबंदी का ये शेर बेहद पसंद किया गया जिस पे सरकारे दोआलम की नज़र हो जाय, वो बशर मिस्ले अबु बकरो उमर हो जाय। वहीं वसीम रामपुरी के इस शेर पर श्रोताओं ने जम कर दाद दी दिल में उतरने लगता है चेहरा हुजूर का, जब देखता हूँ गुम्बदे खज़रा हुज़ूर का कलंदर निज़ामी ने पढ़ा वहा की शामो सहर देखने को मिल जाय, मुझे हुज़ूर का दर देखने को मिल जाय। नातियां मुशायरा देर रात तक बड़ी कामयाबी के साथ चलता रहा और श्रोताओं की चर्चा रही के ऐसा ऐतिहासिक नातियां मुशायरे अभी तक मौदहा की सरजमीं पर नहीं सुना गया।

# आर-आर क्रिकेट अकादमी कानपुर ने घाटमपुर को 40 रनों से हराया

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नगर के मूसानगर रोड स्थित कैप्टन सुखबासी सिंह स्मारक जनता महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित एक क्रिकेट मैच में आर-आर क्रिकेट अकादमी कानपुर ने घाटमपुर को 40 रनो से हराकर मैच जीत लिया टॉस जीत आर क्रिकेट अकादमी कानपुर ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 30 ओवरों में सभी विकेट खोकर 217 रन बनाएं जिसमें विशाल कटिहार ने 50 बनाएं धर्मेंद्र ने 45 और एवरेज यादव ने 25 रन बनाएं। घाटमपुर की तरफ से बोलिंग करते हुए साहिल कुरैशी ने चार विकेट, अर्जुन, आरुष सिंह और प्रांशु ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी घाटमपुर निर्धारित 30 ओवरों में सभी विकेट खोकर मात्र 177 रन बनाए। घाटमपुर की तरफ से बैटिंग करते हुए अर्जुन ने 29 अनमोल ने 27, आरुष ठाकुर ने 23 रन और अर्पित ने 18 रन बनाए कानपुर की तरफ से बोलिंग करते हुए धर्मेंद्र ने 6 विकेट और दास पाल ने दो विकेट लिए। मैंन ऑफ द मैच अजीत सचान उर्फ पिंटू द्वारा धर्मेंद्र को दिया गया। प्रतियोगिता सचिव भूप किशोर द्वारा सभी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया गया।

# श्री श्री 1008 संकट मोचन हनुमानजी मन्दिर से निकाली गई जन जागरण रामधुन संकीर्तन यात्रा

- हनुमान चालीसा, सुंदर कांड की वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित
- बाबा महाकाल, हनुमान जी की झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



श्री श्री 1008 संकट मोचन हनुमान जी मंदिर मैं सुंदरकांड वह हनुमान चालीसा की वर्षगांठ पर रामधुन संकीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया । विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले शहर में धूमधाम से बाबा महाकाल व बजरंगबली की आकर्षक झांकियां निकाली गई। राम धुन संकीर्तन यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से यात्रा का डाक बंगला मैदान में समापन सम्पन्न हो गया। महोबा मुख्यालय के बजरंग चौक में स्थित हनुमान जी मंदिर से जन जागरण रामधुन संकीर्तन यात्रा एवं भक्त भगवान की झांकी निकाली गई। हनुमान मंदिर में प्रत्येक शनिवार व मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ व हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है। उसी की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू महासंघ के बैनर तले आज रामधुन संकीर्तन यात्रा मुख्यालय में निकाली गई। रामधुन यात्रा बजरंग चौक से शुरू होकर आल्हा चौक, ऊदल चौक होते हुए मुख्य बाजार, बस स्टैण्ड से डीएम बंगला होते हुए वापस बजरंग चौक में समाप्त हुई रामधुन शोभायात्रा में भगवान राम की झांकी, हनुमान जी की झांकी, बाबा महाकाल की झांकी सहित दर्जनों झांकियां आकर्षण का केंद्र रही है ।

# ग्रामीणों ने चोर को पकड़कर पुलिस के हवाले किया

**कुरारा (हमीरपुर)**




कस्बा कुरारा के बेरी रोड स्थित करिया डेरा में दुकान में चोरी करते हुए चोर को पकड़कर थाना पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कस्बे के बेरी रोड के करिया डेरा वार्ड नौ के निवासी शिवकुमार पुत्र सियाराम ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीती रातनौ बजे मेरी दुकान के पास खटखट की आवाज आने पर चाचा रामसजीवन व। छोटे के साथ जाकर देखा तो एक व्यक्ति गल्ला की बोरी लेकर जाने वाला था । तभी उसको पकड़ लिया तथा पुलिस को सूचना दी तब पुलिस ने उसका नाम पता की जानकारी कर मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी का नाम बबलू पुत्र रामवतार गुप्ता निवासी कोतवाली उरई जनपद जालौन है। इस तरह चोरी की घटना बच गई।

# मामूली विवाद में दबंगों ने अधेड़ पर किया जानलेवा हमला, लहूलुहान

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**




घर के बाहर बने चबूतरे को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद में गाली गलौज के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर धारदार हथियार से हमला कर अवैध तमंचे से फायर करने का आरोप लगाया है। मारपीट के बाद फायरिंग के दौरान चोट लगने से घायल हुए अधेड़ व्यक्ति को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा पुलिस ने मामले की गहनता से जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

दरअसल मामला श्रीनगर थाना व कस्बा क्षेत्र के भैरवगंज मोहल्ले का है जहां के रहने वाले हीरा सिंह यादव का घर के बाहर बने चबूतरे को लेकर पड़ोसियों से विवाद चल रहा है। आरोप है कि शनिवार देर रात हीरा यादव अपने घर के बाहर बैठा हुआ था। तभी पड़ोसी देवीदीन कुशवाहा अपने साथी भूपेंद्र साहू के साथ दरवाज़े पर आया और गाली गलौज कर धारदार हथियार से हमला कर उसे लहुलुहान कर दिया । आरोप है कि विरोध करने पर देवीदीन कुशवाहा ने अवैध तमंचे से हीरा यादव के ऊपर फायर झोंक दिया। मारपीट की घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। जहां तैनात डॉक्टर की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉक्टर साजी राहिल ने बताया कि हीरा सिंह को गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया है उसे गंभीर चोटे आई हैं। और उसकी पीठ पर गन शॉट के निशान हैं। फिलहाल घायल को प्राथमिक उपचार के बाद वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। घटना को लेकर सीओ चरखारी रविकांत गौंड ने बताया कि श्रीनगर कस्बा क्षेत्र में चबूतरे को लेकर दो पक्षो में मारपीट की सूचना प्राप्त हुई थी मौके पर पहुँची पुलिस ने मारपीट की घटना में घायल एक पक्ष के व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है वादी की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया।

### अधेड़ महिला को बालू वाले डंपर ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

**महोबा।** पूरा मामला पनवाड़ी थाना क्षेत्र का है जहां आज रविवार को समय करीब 2:00 बजे हैबतपुरा मार्ग पर खेत से घर वापस जा रही महिला को विधायक की खदान से बालू लादने के लिए जा रहे डंपर ने टक्कर मारकर महिला को काफी दूर तक घसीट दिया जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने परिजनों को सूचना दी पर जुनून मौके पर पहुंचकर 100 नंबर 112 पुलिस सहायता पर डायल किया जब पुलिस सहायता वहां पहुंची तो उन्होंने अपनी गाड़ी से गंभीर हालत में घायल महिला को पनवाड़ी सीएससी पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला शिवरात्रि पत्नी अशोक सिंह उम्र करीब 50 वर्ष निवासी हैबतपुरा जो अपने खेत पर एन की खेती के काम के लिए गई हुई थी। कम के बाद घर वापस आते समय रास्ते में बालू लादने जा रहे डंपर ने महिला को जोरदार टक्कर मारी टक्कर के साथ-साथ महिला को काफी दूर तक घसीटते हुए ले गया। जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।राहगीरों ने परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद परिजनों ने डायल 112 पुलिस सहायता पर कॉल किया। डायल 112 मौके पर पहुंची और महिला को प्राथमिक उपचार के लिए सीएससी पनवाड़ी पहुंचाया जहां पर महिला का इलाज चल रहा है।और महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों का आरोप है कि सेवड़ी में जो बालू खदान चला रहे हैं जो जमीन के नीचे से बालू निकाल कर खदान चला रहे हैं वह बड़ी ही दबंगई से कम कर रहे हैं सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है रोजाना एक्सीडेंट हो रहे हैं लोग मुश्किलों में पड़े हुए हैं और कोई शिकायत करता है तो उसको धमकियां मिलती है परिजनों का कहना है की खदान मालिक दबंग है वह पहले भी कुछ पत्रकारों व लोगों को पीट चुके हैं।

# इनडोर एवं आउटडोर प्रतियोगिता का आयोजन

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक महोबा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा पुलिस के पुलिस लाइन में प्रतिसार निरीक्षक, शिवकुमार द्वारा पुलिस लाइन में आवासित पुलिस परिवार के बच्चों में विभिन्न प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से उनके मध्य इनडोर एवं आउटडोर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पुलिस परिवार के बच्चों को प्रतियोगिता के दौरान पेंटिंग करना, क्राफ्ट वर्क व विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें बच्चों ने अपने मनपसंद कार्टून चित्र पर रंग भरना प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें नन्हे बच्चों ने मिकी माउस, मोटू -पतलू, टॉम एंड जेरी और डोरेमोन आदि मनपसंद कार्टूनों पर रंग भर कर मोहित कर दिया। हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने अपनी सुंदर लिखाई का प्रदर्शन बढ़-चढ़कर किया। प्रतिसार निरीक्षक ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों को इस तरह की गतिविधियों में भाग लेना चाहिए और अपनी प्रतिभा को उजागर करना चाहिए। उनका कहना है कि इस तरह की गतिविधियों बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। खेलों का जीवन में बड़ा महत्व है। खेल गतिविधियों के साथ शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। इस प्रतियोगिता में सभी बच्चों द्वारा हर्षोल्लास के साथ भाग लिया गया।

**मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0**

# जिले के समस्त थानों में गठित एण्टी रोमियों टीमों ने किया क्षेत्र में भ्रमण

- महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त कर शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रति किया जागरुक

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

मिशन शक्ति अभियान फेज - 5.0 व 'शक्ति दीदी' अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत जनपद के प्रत्येक थाने में गठित मिशन शक्ति/एण्टीरोमियों पुलिस टीम द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रअन्तर्गत विभिन्न ग्राम, महत्वपूर्ण स्थलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके विरुद्ध हो रहे विभिन्न अपराध जैसे- सार्वजनिक स्थलो में छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं/ अपराधओं को रोकने के लिये एवं ऐसे अपराधों के प्रति आवाज उठाने के लिये उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया। उनकी सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यूपी-112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, महिला हेल्प लाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 इत्यादि के बारे में जानकारियां प्रदान की गई । सभी थानों में उनकी सुरक्षा/ सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा उनकी शिकायतें सुनी जाती हैं तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है।

# एसडीएम ने बीएलओ के कार्यों की ली जानकारी, दिये निर्देश

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतिम दिन एसडीएम ने नगर के बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ से अब तक किए गए कार्य की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।

भले ही निकट समय में प्रदेश में कोई चुनाव न हो पर निर्वाचन आयोग का मतदाता सूची का पुनरीक्षण अभियान जारी है जिसके तहत 31 दिसम्बर तक मतदाता बनने की निर्धारित आयु पूरी करने वाले युवाओं को मतदाता बनाया जाना है तथा सूची में बड़ी संख्या में मृत लोगो के नाम भी मतदाताओ के रूप में दर्ज है जिससे मतदाता सूची में वोटरों की संख्या ज्यादा दर्शा रही है जबकि इतने है नही और शायद इसी के चलते आयोग ने शनिवार को दो दिवसीय विशेष अभियान शुरू किया था तथा इस अभियान को धरातल पर देखने के लिए शनिवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्येय ने छौंक गांव के साथ नगर के भी बूथो का निरीक्षण किया था और रविवार को उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने नगर पालिका परिषद, एमएसबी इंटर कॉलेज, तथा आर्यकन्या पाठशाला इण्टर कालेज के अलावा नगर पालिका बालिक इण्टर कालेज स्थित बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद बीएलओ से नये मतदाताओ बढ़ोत्तरी के अलावा सूची में दर्ज मृतकों के अलावा अर्से बाहर रह रहे मतदाताओं के नामो को सूची से हटाए जाने की भी जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।

### सभी बूथों पर दिखाई गई मतदाता सूची

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** क्षेत्र के सभी बूथों पर बीएलओ के द्वारा मतदाता सूची दिखाई गई साथ ही बीएलओ के द्वारा मतदाता सूची के नाम पढ़कर सुनाया गया ।फार्म 6,7,8 के बारे में बताया गया।विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत एकीकृत आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन, दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 29 अक्टूबर से 28 नवबर 2024 तक होगी। विशेष अभियान के तहत रविवार को बूथों पर बीएलओ ने मतदाताओं से संपर्क कर मतदाता सूची पड़ कर सुनाई, यह कैम्प आगामी 23 और 24 नवंबर को भी लगेगा। इसके बाद प्राप्त दावे व आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसंबर और किया जाएगा। निर्वाचक नामावलियों को अंतिम प्रकाशन छह जनवरी 2025 को किया जाएगा।बूथ लेवल एजेंट व परिवार का मुखिया अपने स्वजन के अधिकतम 10 फार्म जमा कर सकते है। बूथ लेवल एजेंट द्वारा पूरी पुनरीक्षण अवधि में 30 फार्म जमा कराए जा सकते है। वोटर हेल्पलाइन एप गूगल प्ले स्टोर द्वारा डाउनलोड कर फार्म 6, 7, 8 मोबाइल द्वारा आनलाइन भी भरा जा सकता है। प्राथमिक विद्यालय लोधपुरवा में पंचायत सहायक बीएलओ सीमा सिंह ने बूथ पर बैठकर को नए मतदाताओं को नाम जोड़ने के लिए आवेदन प्राप्त किया। वहीं मतदाता सूची को पढ़कर मतदाताओं को सुनाई इस अवसर पर पदाभिहित प्रधानाध्यापक मोहम्मद आरिफ मौजूद रहे। इसी तरह बरदरी,बदोसराय, कटका , सोंधवा,थानाडीह, दरिगापुर सहित सभी बूथों पर बीएलओ मौजूद रहे। इस सम्बद्ध में तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा ने बताया कि सभी बूथों पर बीएलओ ने कैम्प लगाकर मतादाता सूची पढ़ कर सुनाई और छूटे हुए मतदाताओं के नाम बढ़ाने के लिए फार्म जमा करवाये वही मृतकों के नाम काटने के लिए भी सत्यापन किया गया और उनके भी फार्म भरे गए।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को पीटा

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

दहेज की मांग पूरी न होने पर दहेज के लोभियों ने एक नवविवाहिता को जमकर मारा पीटा और घर से बेघर कर, मयके पहूंचा दिया। जिसकी शिकायत पीड़ित ने जैदपुर पुलिस से करने पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

बताते चलें कि ग्राम दलसराय थाना रामनगर निवासी रीमा देवी पुत्री कृष्ण कुमार ने थाना जैदपुर में शिकायत करते हुये आरोप लगाया है कि उनका विवाह दिनांक 18 फरवरी 24 को ग्राम कोला थाना जैदपुर जिला बाराबंकी निवासी राहुल कुमार पुत्र अशोक कुमार के साथ हुआ था। दहेज में सोने की चेन व पचास हजार रुपये की मांग को लेकर राहुल, सास, ससुर अशोक, जेठ पंकज, देवर रितेश, ननद मुस्कान, लक्ष्मी, रेशम, चाचा गोविन्द, ननदोई अर्जुन, अशोक शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित किया करते थे। परन्तु प्रार्थिनी के मायके वाले अपनी गरीबी के कारण उक्त दहेज की मांग पूरी करने में असमर्थ रहे, मांग पूरी न होने पर उक्त सभी लोगो ने एकराय होकर 3 नवंम्बर 24 को प्रार्थिनी को लात घूसों लाठी-डंडो से काफी मारा पीटा और भद्दी-भद्दी गालिया देते हुए कहा कि जबतक दहेज की मांग पूरी नहीं होगी तब तक तुम्हें अपने घर में नहीं रखेंगे, और प्रार्थिनी को उसके पति राहुल उसके मायके में लाकर छोड़ दिया। परेशान हाल पीड़ित की शिकायत पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का एसडीएम ने लिया जायजा

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के लिए निर्धारित की गई विशेष तिथि 10 नवंबर को उप जिलाधिकारी मु0 शम्स तबरेज खान द्वारा मतदेय स्थल गोसूपुर, खरसतिया,चौबीसी, शरीफाबाद, चकौरा एवं मरूई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बी0 एल0 ओ0 को किसी भी मतदेय स्थल पर 1-1-2025 के आधार पर जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो रही है उन समस्त मतदाताओं का निर्वाचक नामावली में पंजीकरण करने तथा सूची में मौजूद मृतक, शिफ्टेड व डबल मतदाताओं का जांच कर विलोपन करने के अलावा लिपि त्रुटि संशोधन से कोई मतदाता छूटने न पाए। इसके लिए गहन जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

### पारिजात युवक समिति की बैठक आयोजित

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** स्वैच्छिक संस्था पारिजात युवक समित की आम सभा की बैठक लंबे समय बाद रविवार को सम्पन्न हुई। इस बैठक में 72 सदस्यों ने प्रतिभाग किया। गौरतलब है कि 33 वर्ष पूर्व गठित इस संस्था के संस्थापक अध्यक्ष पूर्व विधायक स्व0 राम नरेश रावत के निधन के बाद संस्था के सदस्यों व कार्यकारिणी के बीच पदो व नियमों एवं सम्पत्ति को लेकर खींचतान चली आ रही। पूर्व विधायक स्व0 राम नरेश रावत की धर्मपत्नी सरोज रावत और उनके पुत्र अरुण रावत से कार्यकारिणी के बीच मतभेद एवं अधिकारों को लेकर खींचतान बढ़ी हुई है। रजिस्ट्रार से लेकर जिलाधिकारी तक संस्था पर एकाधिकार का आरोप लगाकर कार्यकारिणी के अधिकांश सदस्यों ने शिकायतें किया है। रविवार को पारिजात युवक समिति की सरोज रावत के विपक्षी गुट ने आम सभा की बैठक बुलाई, इस बैठक में 72 सदस्यों ने भाग लिया और संस्था को नियमावली के अनुसार संचालित करने के तर्क देकर नए सिरे से लोगों में उत्साह भरने की कोशिश की गई। आम सभा की बैठक में कार्यकारिणी व पदाधिकारियों का चयन सर्व सम्मति से हाथ उठा कर किया गया। इस बैठक का संयोजन सुशील कुमार, शिवा नंद , विनय कुमार आदि ने सहयोग किया।

### देवर ने भाभी से की मारपीट

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** देवर ने भाभी के साथ गाली, गलौज कर मारपीट कर दी। भाभी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी देवर के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा निवासी शशि देवी ने पुलिस को बताया कि उनके देवर संजीव अक्सर उसके साथ विवाद करते रहते हैं। जिसके चलते घर में हमेशा तनाव का माहौल बना रहता है। आरोप लगाया कि रविवार की सुबह वह घर के काम कर रही थी। तभी देवर वहां आए और उसके साथ अकारण ही गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी देवर के खिलाफ कार्रवाई की है।

### आगामी बजट में कोंच-फफूंद रेल लाइन परियोजना हो शामिल : वर्मा

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** नगर से होकर रेलवे लाइन निकाले जाने के लिए आगामी बजट में इस परियोजना को शामिल किए जाने को लेकर समाजसेवी ने प्रधानमंत्री व रेलमंत्री को पत्र भेजा है। समाजसेवी देवीदयाल वर्मा ने प्रधानमंत्री व रेलमंत्री को पत्र भेजकर लिखा कि नगर की जनता आजादी के बाद से ही रेल लाइन की मांग कर रही है। कोंच से जालौन वाया औरैया फफूंद तक रेल लाइन की सर्वे रिपोर्ट 10 फरवरी 2014 को और राठ, उरई, जालौन वाया बंगरा, माधौगढ़, भिंड रेल लाइन की सर्वे रिपोर्ट 29 मार्च 2012 को भेजी जा चुकी है। लेकिन बजट के अभाव में यह रेल लाइन अब तक बननी शुरू नहीं हो पाई है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इस रेल लाइन के लिए आगामी 2025-26 के बजट में धनराशि आवंटित की जाए ताकि इस क्षेत्र के लोगों को रेल लाइन का लाभ मिल सके। साथ ही बुंदेलखंड में पिछड़े माने जाने वाले इस क्षेत्र का विकास भी हो सके।

### जमीनी विवाद में दो लोगों में हिंसक झड़प, बेटी से मारपीट

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** जमीन के विवाद को लेकर दो लोगों के बीच हुए विवाद में पुलिस ने दोनों के खिलाफकार्रवाई की है। वहीं, बेटी के साथ मारपीट करने वाले पिता के खिलाफभी पुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पर्वतपुर में गोविंद सिंह व बड़े लला के बीच जमीन को लेकर विवाद हो गया। जमीन को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्षों के बीच गाली, गलौज व मारपीट हो रही थी। इसकी सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफकार्रवाई की है। उधर, कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दहगुवां निवासी पप्पू ने अपनी बेटी के साथ मारपीट कर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई की है।

### गोपाष्टमी पर गोसेवकों ने सामूहिक रूप से की गाय-बछड़ों की पूजा-अर्चना

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** ऐतिहासिक मुरलीमनोहर तालाब स्थित श्रीगोवर्धन गोशाला में गोपाष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर गोसेवकों द्वारा सामूहिक रूप से गाय व बछड़ों की पूजा-अर्चना की गई। इसके अलावा कार्यक्रम में गाय के सामाजिक, आर्थिक एवं आध्यात्मिक लाभ के बारे में भी लोगों को बताया गया। गोपाष्टमी के महापर्व पर गोरक्षा अभियान, गोसंपदा संरक्षण शोध संस्थान एवं सुरभि संदेश के संयुक्त तत्वावधान में नगर के ऐतिहासिक मुरली मनोहर तालाब स्थित श्रीगोवर्धन गोशाला में उत्साहपूर्वक गोपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके उपरांत गो-गोपाल दर्शन व गो-ग्रास वितरण भी हुआ।

# जेठ की अश्लीलता से तंग विधवा ने पुलिस से की शिकायत, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

अपने जेठ की अश्लील हरकतों से परेशान पीड़ित विधवा महिला ने जैदपुर थाने मे की लिखित शिकायत जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

बताते चले की जैदपुर थाना क्षेत्र के एक गाँव की रहने वाली विधवा महिला ने अपने जेठ पर अश्लील हरकतें करने तथा विरोध करने पर भद्दी भद्दी गालिया देने का आरोप लगाते हुए जैदपुर थाने मे लिखित शिकायत की है पीड़ित महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया, जबकि पीड़ित महिला ने मीडिया के सामने आकर बताया कि करीब एक हफ्ता हो गया है शिकायत किये लेकिन अभी कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। जिससे मनचले जेठ के हौंसले और बुलंद होते जा रहे है मुकदमा लिखे जाने से नाराज मनचला पीड़ित महिला से मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाता है मना करने पर फिर से मारपीट किया, जब पीड़ित महिला खेत मे काम कारने जाती है तो मनचला वहां भी पहुँच कर गंदे इशारे करता है और भद्दी भद्दी गालियां देता रहता है। पीड़ित महिला ने बताया कि बाराबंकी पुलिस अधीक्षक से भी शिकायत की है।

# ओवरलोड मिट्टी लदे डंफरों से ध्वस्त सड़क ने ली बाइक सवार की जान

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



विगत एक पखवाड़े से बेधड़क बेतरीब ढंग से बांसा मार्ग पर चल रहे अनगिनत मिट्टी से भरे डम्फरो ने आखिरकार बाईक सवार एक युवक की जान ले ली शनिवार को बड़ागांव बांसा मार्ग पर अज्ञात डम्फर की चपेट मे आने से बाईक सवार दो लोग घायल हो गये थे जिसमे रविवार की सुबह एक 35 वर्षीय घायल ने ट्रामा सेन्टर मे इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

बताते चले कि विगत एक पखवाड़े से सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर के निकट से मिट्टी खनन कर जनपद मुख्यालय की ओर जा रही है इस कार्य मे अनगिनत डम्फर लगे हुए है जिससे इस मार्ग पर वर्तमान समय मे चलना मुश्किल है डम्फरो की तेज रफ्तार लोगो के लिए परेशानी का सबब बने हुए है जिसकी ग्रामीणों ने मसौली पुलिस को सूचित भी किया जिसपर प्रभारी निरीक्षक यशकांत सिंह ने डम्फरो चालको से सामान्य गति से चलाने के निर्देश दिये फिर भी डम्फर चालक अपनी हरकतों से बाज नही आ रहे हैं बेतरीब एव बेधड़क गति ने आखिरकार एक युवक की जान ले ही ली।

शनिवार को कस्बा बांसा निवासी 35 वर्षीय शिवम यादव पुत्र हनुमान यादव अपने साथी बड़ागांव निवासी रोशन यादव पुत्र अवधराम के साथ बाईक से बड़ागांव वापस आ रहे थे कि बांसा नहर पुलिया के निकट मिट्टी से भरे एक अज्ञात डम्फर ने टककर मार दी। जिसमे दोनो बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे इलाज के लिए सीएचसी बड़ागांव लाया गया लेकिन हालात गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया हालत ठीक न होने पर ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर किया जहां रबिबार की सुबह इलाज के दौरान शिवम यादव की मृत्यु हो गयी।

### प्रभारी निरीक्षक के निर्देश को किया दरकिनार

विगत पखवाड़े से तेज गति से चलने वाले अनगिनत मिट्टी से भरे डम्फरो के कारण लोगो बड़ागांव बांसा मार्ग पर निकलने से डर रहे है तेज गति होने के कारण उड़ रही मिट्टी के चलते खाद्य सामग्री बेचने वालों की सामग्री धूल के कारण नही बिक पा रही है जबकि नियम यह है कि मिट्टी को बंद कर ले जाया जाय लेकिन् डम्फर चालक किसी भी नियम को पालन नही कर रहे है सूत्रों के अनुसार प्रभारी निरीक्षक यशकांत सिंह ने डम्फर चालको से सामान्य गति से चलाने का निर्देश दिया है। यही नही अनगिनत डम्फर चलने के कारण बांसा व बड़ागांव मे हर पल जाम की स्थिति बनी रहती है।

# श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक ने बताया जन्म मृत्यु के जाल में फंसा है मनुष्य

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



मानव जीवन कर्म प्रधान है। शुभाशुभ कर्मों के कारण ही जीव बार-बार जन्म मृत्यु के जाल में फंसकर सुख-दुख रूपी फल भोगता है। जब तक भगवान की प्राप्ति नहीं होती तब तक जीव को इस बंधन से छुटकारा नहीं मिल सकता है। यह विचार बहुता धाम में डॉक्टर योगेंद्र कुमार शुक्ल के आवास पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा पारायण के अंतिम दिन आचार्य डॉ जितेंद्र नाथ पांडे कथा व्यास जी ने व्यक्त किये । आचार्य प्रवर पांडे जी ने श्रीमद् भागवत में वर्णित उद्धव और भगवान के संवाद प्रसंग की वैदुष्यपूर्ण विस्तृत विवेचना करते हुए बताया कि संसार दुःखों से भरा है ।इससे मुक्त होने के तीन मार्ग हैं। यह उपाय ज्ञान योग ,कर्म योग हैं।

भगवान कहते हैं कि मनुष्य को अपने कर्ता होने का अभिमान छोड़कर प्रत्येक कर्म का फल मुझे समर्पित कर देना चाहिए। वास्तव में भगवान ही कर्म फल प्रदाता है। संसार में भोग पदार्थों में आसक्ति छोड़कर कर्म करते हुए भगवान का चिंतन ,स्मरण ,भजन करना चाहिए।। बताया कि कर्म करते हुए सांसारिक व्यवहारों का पालन करते हुए भगवान में मन लगाना ही भक्ति योग है।

आज की कथा श्रवण करने के लिए जनपद के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडे, तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता गण प्रशासनिक अधिकारी एवं कई गांव से आए हुए सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु श्रोताओं ने कथा सुधा का पान किया। विद्वान कर्मकांडी आचार्यों के वैदिक मंगलाचरण एवं आरती तथा प्रसाद वितरण के साथ भव्य मांगलिक कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### चार दिनों से पत्नी लापता, पति ने दर्ज करायी गुमशुदगी

**जालौन (उरई)।** चार दिन से पत्नी के लापता होने की सूचना पति ने कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू की।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वीरपुरा निवासी मानसिंह हाल निवास लौना ने पुलिस को बताया कि बीती छह नवंबर को उनकी पत्नी छाया देवी शौच के लिए जाने की बात कहकर घर से निकली थी। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की। पूरे गांव में तलाश के करने के बाद नाते रिश्तेदारों और अन्य संभावित जगहों पर पूछताछ करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। पीड़ित पति ने पत्नी की सकुशल बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है। वहीं, पति की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

# बैंक कर्मी ने युवती से की छेड़छाड़

> युवती की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही : प्रभारी निरीक्षक

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

खाते पर मोबाइल नंबर लगाने के लिए घर पहुंचे बैंक कर्मी ने युवती से छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर पहुंचे परिजन उसे पकड़ पाते,उससे पहले ही बैंक कर्मी मौके से भाग निकला। पुलिस ने युवती की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है

मामला सुबेहा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। युवती ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते 9 नवंबर को वह अपने दरवाजे पर बर्तन साफ कर रही थी और उसका ढाई वर्ष का बेटा कमरे में बेड पर सोया हुआ था,

तभी अपने को बैंक कर्मी बताने वाला जनपद अमेठी थाना शुकुलबाजार झाऊ का पुरवा निवासी महेश राणा पुत्र अज्ञात उसके घर आया और खाते पर मोबाइल नंबर लगाने के लिए मोबाइल लेकर आने की बात कही ।युवती ने आरोप लगाया कि जब वह मोबाइल लेकर युवक के पास पहुंची तो उसके कमरे में बैठे कर्मी बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ कर जबरिया अपनी ओर खींचने लगा । युवती ने बताया कि शोर मचाने पर दौड़े परिजन जब तक पकड़ने में सफल हो पाते, उससे पहले ही युवक भाग निकला । परिजनों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। इसके बाद युवती ने थाने पहुंचकर कर पुलिस से मामले की शिकायत की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवती की तहरीर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# प्राधिकरण ने हाइवे के किनारे खड़े वाहनों को हटाने का चलाया अभियान

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में अनाधिकृत तरीके से हल्के भारी वाहनों को खड़ा करने वालों पर विभाग सख्त हो गया है। रविवार को जोल्हूपुर मोड़ चौराहे में अभियान चलाकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कर्मचारियों के द्वारा हाईवे में खड़े वाहनों को हटाने का अभियान चलाया गया।

मालूम हो कि झांसी कानपुर फोरलेन हाईवे सड़क के किनारे सर्विस रोड में वाहन चालक अपनी-अपनी गाड़ियों को आड़ा तिरछा खड़ा करके चले जाते हैं, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। इस मामले को संज्ञान में लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण झांसी इकाई के परियोजना निदेशक सुनील कुमार जैन के निर्देशन पर हाईवे से वाहन हटाने का अभियान प्राधिकरण के कर्मचारियों के द्वारा चलाया गया।

# दादी की भक्ति में बही भक्तिरसधार, मंगल भजनों पर झूमे भक्त

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



सार्वजनिक इण्टर कॉलेज में आयोजित श्री नारायणी मंगल महोत्सव में रविवार को देर रात्रि तक दादी जी की भक्ति की रसधार बहती नजर आई। इस अवसर पर कोलकाता से आई शुभ विख्यात मंगल पाठ वाचिक हर्षिता डिडवानिया ने मंगल पाठ किया वहीं मुजफ्फरपुर से आए भजन प्रवाहक राजीव मनमोहन सोनी बंधुओं ने एक से बढ़कर एक दादी जी की भेंट सुनाकर दादी भक्तों को निहाल कर दिया। भजन उत्सव के दौरान कोलकाता से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कृष्णा नृत्य नाटिका एवं फूलों की होली ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर वरिष्ठ सपा नेता एवं पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, जिला पंचायत अध्यक्ष राज रानी रावत विधायक दिनेश रावत, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ब्लॉक प्रमुख / जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रामदेव सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, ग्राम्यांचल सेवा समिति के कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ अवस्थी, राजकुमार झुनझुनवाला, राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह सोनू युवा भाजपा नेता राहुल सिंह चौहान पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह पूर्व प्रधान पंकज सिंह बाबा प्रधान नंबर प्रताप सिंह मनोज सिंह प्रधान अजय प्रताप सिंह पूर्व प्रधान चंद्रशेखर सिंह पूर्व प्रधान प्रेम नारायण दीक्षित, सौरभ मिश्रा,कृष्ण कुमार शुक्ला, शिवकुमार चतुर्वेदी, शशि अग्रवाल, आशुतोष झुनझुनवाला, अरूण शुक्ला, राजू भैया, शिवबहादुर सिंह,संतोष झुनझुनवाला, जितेन्द्र सिंघल, आशुतोष झुनझुनवाला, अनिल अग्रवाल, शिवओम अग्रवाल, सियाराम, दिलीप अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, सभासद महेश नारायण अग्रवाल सहित हजारों दादी भक्त उपस्थित थे।

# 15 से 25 तक होगा बूथों का गठन और मंडल अध्यक्षों के चुनाव

> 12 सदस्यीय बूथ कमेटी में तीन महिलाओं को किया जायेगा शामिल

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



रविवार को भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश संगठन चुनाव हेतु सुरेश त्रिपाठी विधायक प्रयागपुर को जनपद जालौन का जिला चुनाव अधिकारी बनाये जाने के बाद उन्होंने जिले में आकर सक्रिय सदस्यता एवं संगठनात्मक चुनाव की कार्यशाला श्री राम पैलेस उरई में संपन्न हुई।

संगठनात्मक चुनाव कार्यशाला में उन्होंने बताया कि जनपद के 19 मंडलों के चुनाव अधिकारी घोषित कर दिए गए हैं जो कि सभी मंडलों में 15 नवंबर से 25 नवंबर तक बूथों का गठन करके बूथ अध्यक्ष बनाएंगे तथा 19 मंडलों के मंडल अध्यक्षों के चुनाव संपन्न कराने के उपरांत सभी मंडल अध्यक्षों की घोषणा की जाएगी बूथ की 12 सदस्यों की टीम बनाई जाएगी जिसमे 3 महिलाएं बनाना अनिवार्य होगा संगठन का चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की। इस दौरान मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, विधायक मूलचंद निरंजन, वरिष्ठ भाजपा नेता रामलखन औदीच्य, पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश तिवारी, संजीव उपाध्याय, विवेक कुशवाहा, अरविंद चौहान, मनोज यादव के अलावा अनेकों पूर्व जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष एवं सैकडों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी में बिना बताए मदद करे

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



गूढ़ा स्थित शनिधाम पर आयोजित धार्मिक आयोजन की श्रृंखला के सातवें दिन सुदामा चरित की कथा का वर्णन कथा व्यास हर्षिता किशोरी ने किया।

शनिधाम गूढ़ा में धार्मिक आयोजन की श्रृंखला में महंत जमुनादास के नेतृत्व में नौ कुंडीय श्रीराधा बल्लभ महायज्ञ और श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास हर्षिता किशोरी ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्रीकृष्ण और सुदामाजी से समझ सकते हैं। कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र सुदामा से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। सुदामा ने द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे। द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु श्रीकृष्ण से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है, अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु श्रीकृष्ण सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे। सामने सुदामा सखा को देखकर उन्हें अपने सीने से लगा लिया। वह सुदामा को अपने महल में ले गए और उनका अभिनंदन किया। इस दृश्य को देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए। बताया कि सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। वहीं, श्रीराधा वल्लभ यज्ञ में श्रृद्धालुओं ने यज्ञ स्थल की परिक्रमा की। यज्ञाचार्य मिथिलेश महाराज ने आहुतियां दिलाई। इस मौके पर पुजारी भरत तिवारी, चंद्रभान मिश्रा, नरेश, सुभाष, राकेश अंजली, प्रिया, निशा, नीतू, बबली, रीता, मधु, संतोषी आदि मौजूद रहे।


### बेदखली

मैने अपने पुत्र दुर्वेश के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार को सरोकार नहीं होगा।

**महिपाल पुत्र लालबहादुर उर्फ लालमन नि0मो0 भटासा, थाना व तहसील कायमगंज, फर्रु0।**

### बेदखली

मेरा बैंक खाता पीएनबी शाखा फतेहगढ़ में है, जिसमें मेरा नाम नंदराम पुत्र लटूरी सिंह अंकित है, जो मेरा घरेलू नाम है। जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम सत्यम राठौर है, जो आधार कार्ड में दर्ज है। मेरे बैंक खाते में सत्यम राठौर अकिंत किया जाये।

**सत्यम राठौर पुत्र लटूरी सिंह निवासी हाजीगंज याकूतगंज, तहसील सदर, जिला फर्रुखाबाद।**

### कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद

पत्रांक:-मीमो/ न0पा0 परि0का0/2024-25 दिनांक 08/11/2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मधुरानी अग्रवान पत्नी विनोद कुमार अग्रवाल निवासी मोहल्ला बजरिया राधा कृष्णन ने पंजीकृत विक्रय/वसीयत विलेख विरासतन के आधार पर भवन संख्या 43N/53 मोहल्ला सधवाड़ा कायमगंज पर श्री रामू वर्मा पुत्र प्रेम चन्द्र के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0**

### कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद

पत्रांक:-मीमो/ न0पा0 परि0का0/2024-25 दिनांक 08/11/2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सोहेल खां पुत्र मुईन खां निवासी मोहल्ला सधवाड़ा ने पंजीकृत विक्रय/वसीयत विलेख विरासतन के आधार पर भवन संख्या 378 मोहल्ला सधवाड़ा कायमगंज पर श्री हवीव पुत्र अमीर वक्श के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0**

# चुनौतियों को स्वीकार कर ज्ञानार्जन का करें प्रयास

**छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज।**

खुबरियापुर रोड स्थित सिटी चिल्ड्रन एकेडमी विद्यालय मे रंगबिरगें परिधानों में सजे धजे नन्हें मुन्ने बच्चों ने सतरंगी रोशनी से नहाए रंगमंच पर अपनी-अपनी प्रस्तुतियों से ऐसी इन्द्रधनुषी छटा बिखेरी कि विद्यालय प्रांगण में परीलोक साकार हो गया। यह नज़ारा था एसएन प्रधान फाउण्डेशन के छात्रवृत्ति वितरण व विद्यालय के संस्थापक दिवस समारोह का। बीते दिन शाम सिटी चिल्ड्रेंस एकेडमी की खुबरियापुर शाखा में आयोजित इस समारोह में बच्चों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता से ओतप्रोत अनेक रंगारंग एवं संदेशपरक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि सीमेट्स यूनीवर्सिटी चेन्नई के पूर्व कुलपति व एसजीटी विश्वविद्यालय गुरुग्राम के पूर्व प्रो चांसलर, प्रोफेसर डॉ. राकेश कुमार शर्मा के दीप प्रज्ज्वलन करते ही पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा।



**रंगमंच पर उतरा परीलोक, झिलमिलाये नन्हें सितारे**

प्रमुख शिक्षाविद् स्वस्त एसएन प्रधान के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए प्रोफेसर शर्मा ने कहा कि बच्चों को आधुनिक चुनौतियों को स्वीकार करते हुए अधिक से अधिक ज्ञानार्जन का प्रयास करना चाहिए। विद्यालय की परंपरागत आरंभिक प्रस्तुति पीस इज़ रिलीजन के माध्यम से विश्व शान्ति एवं मानव कल्याण का संदेश देने का प्रयास किया गया। अन्य कार्यक्रमों केलिडो स्कोप, बबल्स, सुपर हीरोज़ आदि में बच्चों ने अपनी ऊर्जा व क्षमता का जबरदस्त प्रदर्शन किया। फील द पल्स कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने एरोबिक्स, जुम्बा एवं योगा का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांच से भर दिया।

**नकद पुरस्कार व ट्राफी पाकर खिले मेधावियों के चेहरे**

सिटी चिल्ड्रेंस अकादमी के भव्य संस्थापक दिवस समारोह में एसएन प्रधान फाउण्डेशन द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में चुने गये जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं की धूम रही। इस मौके पर कुल 26 विजेताओं को नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं उपहारों से नवाजा गया। अंग्रेजी भाषा की लिखित परीक्षा के स्नातक वर्ग में नेहरु कालेज छिबरामऊ की छात्रा दिव्यांशी ने प्रथम, आंशी दीक्षित ने द्वितीय, प्रियंका यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इंटरमीडिएट वर्ग में सेंट पॉल्स सीनियर सेकेन्डरी स्कूल छिबरामऊ की छात्रा अनुष्का ने प्रथम, जागरण पब्लिक स्कूल कन्नौज की छात्रा शाम्भवी दीक्षित ने द्वितीय, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज तिर्वा के छात्र क्षितिज सिंह ने तृतीय, भारतीय शिक्षा सदन इंटर कालेज सिकन्दरपुर की छात्रा कशिश ने चतुर्थ, सेंट पॉल्स सीनियर सेकेन्डरी स्कूल छिबरामऊ की छात्रा शायना दुबे ने पांचवा स्थान प्राप्त किया।

# लोकतंत्र सेनानी की अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**छिबरामऊ/सौरिख, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता बाल लोकतंत्र सेनानी के अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास सूर्य भवन पर सुबह से ही भीड़ लगने लगी वही सभी दलों के नेताओं ने पुष्प अर्पित कर अंतिम विदाई दी। लोकतंत्र सेनानी व समाजसेवी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता गिरीश चंद्र वर्मा के आकस्मिक निधन शनिवार को हो गया था।

जिनकी अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर जन सैलाब उमड़ गया छिबरामऊ विधायक का अर्चना पांडे ने शव पर झंडा उढ़कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि परम पूजनीय चाचा गिरीशचंद्र वर्मा जी जनसंघ के जमाने से हमारे पिताजी के साथ रहे और उनके तब से पार्टी के लिए संघर्ष किया वही भी पार्टी के हित के लिए सदैव कार्य करते रहे उनके अचानक हम लोगों को छोड़कर जाना असहनीय है। उनकी कभी हमेशा खलेगी। वहीं पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने लोकतंत्र सेनानी के शव पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी वहीं अंतिम यात्रा के दौरान सबको गद्दा देखकर विदा करते हुए कहा की बर्बादी का इस तरह इस असमय गोलोक गमन से अपूर्णीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई करना बहुत ही मुश्किल है।



राष्ट्रीय शोषित समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व सांसद प्रोफेसर रामबख्श वर्मा ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आज हमने अपने साथी को खो दिया है साथ रहकर हम लोगों ने कई वर्षों तक कार्य किया है उनकी याद हमेशा आती रहेगी उनकी कभी हमेशा खलेगी।

इस दौरान ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा, अध्यक्ष राहुल गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष संजय चतुर्वेदी, चौधरी मनीष यादव डंपी, डॉक्टर वीरेंद्र देव चतुर्वेदी, दिनेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता ठाकुर ,ओम चतुर्वेदी, चेतन बजरंगी, भानु यादव, विजय शुक्ला, आशुतोष, सहित कई लोग मौजूद रहे।

# डांस कंपटीशन में बच्चों ने मचाया धमाल

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

किड्जी श्री आरएस लाल देवकी ग्लोबल स्कूल के बच्चों ने डांस कंपटीशन में धमाल मचाया। इसमें 80 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। मथुरा से आए जूरी ने बच्चों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करके विजेताओं का चयन किया। डांस कंपटीशन के लिए बच्चों के चार ग्रुप बनाए गए थे। इस कंपटीशन में बच्चों ने विभिन्न नृत्य शैलियों में प्रदर्शन किया। पीजी, नर्सरी, जूनियर केजी व सीनियर केजी के पहले ग्रुप में श्रीज़िता भदौरिया ने प्रथम, तान्या चौहान ने द्वितीय व श्रीनिका ने तृतीय स्थान पाया। कक्षा 1 व 2 के दूसरे ग्रुप में सानवी ने प्रथम, याशिका ने द्वितीय व श्री ने तृतीय स्थान पाया। कक्षा 3, 4 व 5 के तीसरे ग्रुप में श्रीधारा ने प्रथम, इस्नवी शर्मा ने द्वितीय व शर्मिष्ठा शुक्ला ने तृतीय स्थान पाया और कक्षा 6, 7, 8, 9 व 10 के चौथे ग्रुप में आराध्या सिंह ने प्रथम, मान्या ने द्वितीय व आराध्या अवस्थी ने तृतीय स्थान पाया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय समिति के विमल प्रकाश ने कहा यह कंपटीशन बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच प्रदान करता है और हमें उनकी प्रतिभा को देखकर गर्व होता है,उन्होंने अंग वस्त्र के साथ प्रतीक चिन्ह भेंट करके निर्णायक मंडल की मिस करिश्मा जादौन, मिस विधि शर्मा एवं स्वयं सक्सेना को सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय समिति के शुभम कमल, प्रधानाचार्या बरखा अवस्थी, उप प्रधानाचार्या प्रतिमा शुक्ला व मुख्य अनुशासक अनूप कुमार दुबे मौजूद रहे। कार्यक्रम को सजाने संवारने में विद्यालय की शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।



# अहंकार से होता है बुद्धि का हरण : स्वामी निग्रहाचार्य

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए। अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। यह बात श्री राम सेवा समिति के तत्वाधान में अखंड आश्रम श्री हनुमान जी महाराज मंदिर ग्राम बनियानी में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस पर स्वामी निग्रहाचार्य ने कही। रविवार को उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा का प्रसंग सुनकर श्रोता भाव विभोर हो उठे। स्वामी जी ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी। तो भगवान श्रीकृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस आठवीं संतान की भी मृत्यु का भय सता रहा था। लेकिन भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ



सकते हैं। कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान को इस धरा धाम पर आना पड़ता है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। पूरा पंडाल नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैयालाल के जयकारों से गूंजने लगा। प्रतिदिन सुबह हरे रामा हरे कृष्णा संकीर्तन के साथ प्रभातफेरी निकाली जाती है। जिसके बाद प्रवचनकर्ता रामानंद जी, स्वरूपदास और अनंतदास जी महाराज के द्वारा प्रवचन भी किए जाते है। इस मौके पर कथा परीक्षित अनिल सिसौदिया व माधुरी देवी, सुभाष चंद्र गुप्ता, प्रेम सिंह, वीरेंद्र सिंह, सोनेलाल, अजय, सत्यदेव, रघुबीर, सुरेश, संतोष, सूरज, कप्तान सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

## ऑपरेशन क्लीन से होगी वाहनों की नीलामी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाली परिसर में काफी समय दिनों से खड़े मुकदमाती वाहन जो की धीरे-धीरे नष्ट हो रहे हैं। जिससे राजस्व की हानि हो रही है। साथ ही वाहनों के पुर्जो में क्षरण होने के कारण थाना परिसर में रहने वाले व आने-जाने वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य को भी गंभीर खतरे की संभावना है। कोतवाली पुलिस के हेड मोहर्रिर पवन कुमार शर्मा ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशन में वाहनों की नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिन वाहन स्वामियों के वाहन थाने पर खड़े हैं। उनके लिए नोटिस भी जारी किए जा रहे हैं। अगर वाहन स्वामी नियमानुसार 15 दिनों के अंदर अपने वाहन को रिलीज नहीं कराते हैं। तो ऑपरेशन क्लीन के तहत वाहनों को नीलाम कर दिया जाएगा।

# अक्षय नवमी पर महिलाओं ने की आंवले के पेड़ की पूजा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

**कार्तिक की नवमी को यह पर्व धूमधाम के साथ मनाती हैं महिलाएं**

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को अक्षय नवमी बनाई जाती है। अक्षय नवमी को आंवला नवमी भी कहा जाता है।

यह दिवाली के 8 दिन के बाद पड़ती है इस दिन विष्णु भगवान की पूजा के लिए बेहद शुभ दिन माना गया है धार्मिक मान्यताओं का अक्षय नवमी का वही मात्रा भाई जो वैशाख मास की तृतीया या अक्षय तृतीया का है शास्त्रों के अनुसार अच्छे नवमी के दिन किया गया आप पूर्ण कभी भी समाप्त नहीं होता है ऐसी भी ममता है कि इस दिन द्वापर युग का आरंभ हुआ था इस दिन अवल की पूजा का विशेष महत्व होता है। एक बार मां लक्ष्मी पत्र फ्री की परिक्रमा करने के लिए आए तो उनकी इच्छा हुई कि भगवान शंकर वह भगवान विष्णु की पूजा एक साथ की जाए। विष्णु भगवान को तुलसी अति प्रिय है वह शंकर जी को बेल पत्र इन दोनों बच्चों के सभी गुण अवल की वृक्ष में मौजूद है अतः देवी लक्ष्मी ने अवल के वृक्ष की पूजा की ताकि दोनों भगवान प्रसन्न हो सके जिस दिन यह पूजा की गई वह दिन कार्तिक की नवमी तिथि थी।

तभी हर वर्ष कार्तिक की नवमी को यह पर्व धूमधाम के साथ महिलाएं बनती हैं। शास्त्रों की माने तो कार्तिक की नवमी से लेकर पूर्णिमा तक भगवान विष्णु अवल के पेड़ में विद्यमान रहते हैं इसलिए इस दिन अवल की वृक्ष की पूजा की जाती है आज नगर में महिलाओं ने अवल की पूजा विधि विधान के साथ की और आमले के पेड़ की छाया में इच्छा अनुसार भोजन बनाकर भोजन ग्रहण किया। इस दौरान अंशिका दुबे, आरती दुबे,ज्योति त्रिपाठी,कोमल त्रिपाठी, संध्या त्रिपाठी, सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं।

## खबरें एक नजर में

### रात में जाग कर रहे हैं अपने खेत की रखवाली

**छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज।** सौरिख बिधूना मार्ग पर ग्राम खोजीपुर मैं 84 डिसमिल जमीन पर ग्राम लक्षी राम नगला निवासी दबंग द्वारा गरीब किसान की जमीन पर जबरियां कब्जा किया जा रहा है ग्राम रामपुरा निवासी कप्तान सिंह पुत्र श्री राम ने बताया कि उसकी जमीन बिधूना मार्ग पर है जिला पंचायत अध्यक्ष अपने गुर्गों फर्जी बैनामा दिखाकर दबंगई से कब्जा करने पर आमदार है स्थानीय प्रशासन मदद कर दे में पूर्ण समर्थ जायज कर रही है जबकि दीवानी न्यायालय मुकदमे में भी आपके विरुद्ध नोटिस जारी हैं किसी के साथ-साथ उप जिलाधिकारी छिबरामऊ के न्यायालय में 145 की कार्रवाई भी की गई है इसके बावजूद गरीब किसान की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। अपनी जमीन बचाने के लिए कप्तान सिंह का परिवार रात दिन वहीं पर रात विताकर अपनी जमीन की रखवाली कर रहा है। कप्तान सिंह ने बताया कि इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर वह तहसील समाधान दिवस में भी कर चुका है परंतु दबंगई के बल पर कब्जा करना चाह रहे हैं।

### कुत्तों के काटने से अधेड़ की मौत, बालक घायल

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** नगर में आवारा कुत्तों ने दो लोगों को काटा जिसमें अधेड़ की जान चलीं गईं बालक हुआ घायल बीतें दिनों करीब डेढ़ माह पहले कुत्तों ने अधेड़ को काट लिया था जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गय थे कस्बा समधन के मोहल्ला आज़ाद नगर निवासी निजामुद्दीन उम्र करीब 55 वर्ष पुत्र इस्लामुद्दीन को बीतें दिनों करीब डेढ़ माह पहले फर्रूखाबाद गुरसहायगंज मेन सड़क ठाकुरद्वारा के नजदीक आवारा कुत्तों ने नोच लिया था जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थें। बीता शनिवार देर शाम को उनका निधन हो गया उधर नगर के मोहल्ला सौरखी तरफ निवासी मो0 मुस्तकीम उर्फ (सरदार) का करीब 13 वर्षीय पुत्र मोहम्मद नजीर बीता शनिवार को मोहल्ले में बच्चों के साथ खेल रहा था तभी आवारा कुत्तों ने उसपर भी हमला कर काट लिया जिससे वह भी घायल हो गया है आनन-फानन में परीजनों ने उसे गांव में ही एक निजी डॉक्टर के दिखाया है।

### भूमि विवाद को लेकर मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** खेत पर सरसों की निकाई का काम कर रहे युवक से पड़ोसी खेत स्वामी ने बेबजह जाति सूचक गाली गलौज कर मारपीट की और धारदार हथियार से हमला कर शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। ग्राम तहसीपुर निवासी अमरेश दोहरे पुत्र रामदास दोहरे ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 08 नवंबर को वह अपने खेत में सरसों की निकाई का काम कर रहा था। तभी गांव के कुलदीप कटियार, सुभाष कटियार अपने अज्ञात रिश्तेदारों के साथ आए और खेत की मेड से दूर हट जाने की धमकी देते हुए जाति-सूचक गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी और धारदार हथियार से हमला कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मां-बेटी को मारपीट कर दी धमकी, रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश के चलते गांव की महिलाओं ने पीड़िता व उसकी बेटी के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया व घर मे तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मिरगावा निवासिनी जमीला बेगम पत्नी अतीक खां ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि पत्र में कहा है कि 31 अक्टूबर की सुबह करीब 10.30 बजे गांव की सितारा बेगम पत्नी हारून व उसकी पुत्री फातिमा ने रंजिश के चलते उसके दरवाजे पर आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर लात घुसों से मारा पीटा और घर में तोड़फोड़ भी की। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस में आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एक पखवारे में हुई लूटपाट की तीन घटनाएं, पुलिस के हाथ खाली

**तिर्वा।** कोतवाली क्षेत्र में पिछले एक पखवारे के दौरान लूटपाट की हुई तीन घटनाओं में पुलिस के हाथ अभी भी खाली है। तीनों घटनाओं की पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जांच पड़ताल के नाम पर कुछ लोगों से पूछताछ भी की है। पर सफलता नहीं मिल पा रही है। करीब आधा दर्जन लोगों से पुलिस आज भी पूछताछ में जुटी है। तिर्वा कस्बे के गांधी नगर मोहल्ले में एक रिटायर्ड फौजी के घर पर बदमाशों ने धावा बोलकर करीब 10 लाख रूपए व जेवरातों की लूटपाट की थी। बदमाशों ने लूटपाट के दौरान दो चचेरे भाई को मारपीट कर घायल भी कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

## युवक से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के लोगों ने युवक से बेबजह गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम बिर्रा निवासी उमेश चंद्र पुत्र सोनेलाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 09 अक्टूबर की दोपहर करीब 2.30 बजे गांव के सत्यवीर, विक्रम, सचिन, रोहित ने उसके दरवाजे पर आकर बेवजह गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी।

पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पुलिसकर्मियों को दिया सीपीआर के प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण

**आपात स्थिति में पीड़ित को बचाने के लिए यह प्रशिक्षण लोगों की जान बचाने में सक्षम बनाएगा**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के मार्गदर्शन में यातायात माह के दृष्टिगत जनपद में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किये जा रहे हैं। इसीक्रम में शहर के रिजर्व पुलिस लाइन में सीपीआर देने प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें आपात स्थिति में पीड़ित को बचाने के लिए प्राथमिक उपचार देने के उद्देश्य से पुलिसकर्मियों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया। सीपीआर एक जीवन रक्षक तकनीक है। जो हृदय गति रुकने की स्थिति में किसी व्यक्ति की जान बचाने में मदद करती है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से पुलिस कर्मियों को सीपीआर की बुनियादी तकनीकें सिखाई गई हैं। ताकि वे आपातकालीन स्थितियों में लोगों की सहायता कर सकें। यह प्रशिक्षण कानपुर की इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर एंड प्रानोदया संस्था के डॉ. सुनीत गुप्ता एवं प्रदीप टंडन द्वारा प्रदान किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हमारे पुलिसकर्मी अक्सर विभिन्न आपातकालीन स्थितियों का सामना करते हैं। सीपीआर प्रशिक्षण उन्हें इन स्थितियों में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करने और लोगों की जान बचाने में सक्षम बनाएगा। इस प्रकार के प्रयासों से न केवल पुलिस बल की कार्यकुशलता में सुधार होता है। बल्कि आम जनता के बीच भी पुलिस का विश्वास बढ़ता है।



## खेत में घूरा डाल रहे किसान की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ट्रेक्टर ट्राली से खेत में घूरा डालते समय किसान एचटी लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस का घायल हो गया। आसपास मौजूद लोग आनन फानन उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसान के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना तालग्राम के ग्राम नरुइया निवासी सोनू यादव (26) पुत्र जगदीश यादव रविवार की दोपहर बाद लगभग 03 बजे खेत में ट्रेक्टर ट्राली से घूरा डाल रहा था। तभी प्रेशर से घूरा पलटने के दौरान ट्राली एचटी लाइन में छू गई और करंट की चपेट में आने से किसान झुलस कर गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना को आसपास खेतों में काम कर रहे लोग दौड़ पड़े और आनन फानन बिजली से झुलसे किसान को सराय प्रयाग स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची तालग्राम थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्रवाई की है।

# सिया को ब्याहने जनकपुरी पहुंचे भगवान श्रीराम

**जलालाबाद में धूमधाम के साथ निकाली गई राम बारात**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे में श्रीराम चरित मानस अखिल चेतना मंच के द्वारा 42वां वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के क्रम में भव्य राम बारात निकाली गई। इस साल राम बारात को खासी भव्यता प्रदान की गई।

राम बारात की शुरुआत पूजा अर्चना से की गई। शनिवार की शाम सीता जी को ब्याहने भगवान श्रीराम जनकपुरी गए। यहां घोड़ों पर सवार होकर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुधन जनकपुरी को चले। कई स्थानों से होकर गुजरी राम बारात का जगह- जगह स्वागत हुआ। लोगों ने छतों से पुष्प वर्षा की गई। कई जगह मिष्ठान आदि का वितरण किया गया। जगह-जगह भगवान श्रीराम की आरती उतारी गई।



राम बारात में राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के स्वरूप घोड़े पर सवार थे। इसके अलावा राम बारात में भगवान गणेश, मां दुर्गा, शिव पार्वती सहित कई मनोहारी झांकियां भी शामिल थी। डीजे, बैंड भी भक्तिमय भजन और संगीत प्रस्तुत कर रहे थे। पूरा वातावरण राम की भक्ति में डूबा हुआ था। कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था में गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे, जसोदा चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

## कार व ई-रिक्शा की टक्कर मे तीन घायल

**छिबरामऊ।** कार ने ई-रिक्शा मे टक्कर लगने से तीन लोग घायल हो गए। आसपास के लोगो ने कार चलकर समझकर लोगो ने उसकी जमकर धुनाई कर दी। जिससे युवक घायल हो गया। घटना सौरिख थाना क्षेत्र के ट्रांसफर के गांव के पास की है। नादेमऊ निवासी रहमत अली अपनी पुत्री व दामाद के साथ दोपहर मे ई-रिक्शा पर सवार होकर सौरिख जा रहे थे।जैसे ही इनका रिक्शा ट्रांसफर के पास पहुंचा वैसे ही सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से ई-रिक्शा सवार तीनो लोग घायल हो गये।आसपास के लोगो ने पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस काफी देर मे पंहुचने पर वहॉ पर लोगो की भीड लग गई। और इसी बीच ई-रिक्शा चालक की लोगो से लापरवाही के आरोप लगते हुए भीड ने उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहां पर लोगो ने उसका विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

# जनता को समर्पित होंगे 100 खेल के मैदान : जिलाधिकारी



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

**डीएम बोले निराश्रित गौशालाओं में ठंड से बचाव के लिए करें बेहतर प्रबंधन**

मनरेगा के अंतर्गत जो भी विकास कार्य किए जा रहे है। उसे समय से पूरा किया जाए। खेल के मैदान एवं पौराणिक स्थलों का जीर्णोद्धार तथा सामुदायिक बागवानी व विलेज हॉट का निर्माण कार्य जनवरी के अंतिम माह तक पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाए। यह निर्देश जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए।

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में गोशाला निर्माण, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन आदि के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनवरी 2025 के अंतिम माह तक जनता को 100 खेल के मैदान एवं 25 सामुदायिक बागवानी तथा 18 पौराणिक स्थलों का जीर्णोद्धार व 16 विलेज हॉट समर्पित होंगे। कहा कि संरक्षित गोवंश प्रधान की आईडी से फीड होंगे। पशुधन प्रसार अधिकारी प्रधान से समन्वय स्थापित करते हुए भारत पशुधन एप पर संरक्षित गोवंशो की फीडिंग कराना सुनिश्चित करें। कहा कि अब निरीक्षण दौरान संरक्षित गोवंशों का सत्यापन डिजिटल ऐप के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि 176 क्रियाशील गौशालाएं है। जो अपूर्ण गौशालाएं उन्होंने यथाशीघ्र पूर्ण किया जाएं। कहा कि कोई भी निराश्रित गोवंश इधर-उधर सड़कों पर एवं किसानों के खेतों में नहीं दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि ठंड का आगमन लगभग हो चुका है। निराश्रित गौशालाओं में ठंड से बचाव हेतु बेहतर प्रबंधन किया जाए। अमृत सरोवर, मॉडल शॉप, आंगनबाड़ी केंद्र आदि निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के परिषदीय विद्यालयों में क्लास 1 से 8 तक के सभी विद्यार्थियो के लिए परीक्षा 25 नवंबर को क्लास 1 से 3 तक एवं 26 नवंबर को क्लास 4 से 8 तक की ओएमआर पर आधारित होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालयवार शील्ड प्रश्नपत्र और ओएमआर एक दिन पूर्व विद्यालय को उपलब्ध कराई जाए। शिक्षक शुचितापूर्ण ढंग से परीक्षा का आयोजन कराएंगे। परीक्षा के बाद ओएमआर शीट की स्कैनिंग अनिवार्य रूप से उसी दिन मोबाइल में परख एप के माध्यम से करनी होगी। ओएमआर शीट को सील करके 2 माह तक/ परिणाम जारी होने तक विद्यालय में सुरक्षित रखा जाएगा। परीक्षा के दिन विद्यार्थियो को उपस्थित शतप्रतिशत होनी चाहिए। इसके लिए अभिभावकों के साथ पूर्व में ही बैठक कर ली जाए।

## पुण्यतिथि पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को किया गया याद

**गुरसहायगंज,कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पुण्यतिथि पर गोष्ठी व श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर सहित क्षेत्र के तमाम लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। नगर के मोहल्ला गोपाल नगर स्थित प्रतिष्ठान पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय दादा श्री गोपाल गुप्ता की 58वीं पुण्यतिथि के अवसर पर गोष्ठी व भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव ने कहा कि उनके दादा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री गोपाल गुप्ता ने गांधी जी के साथ रहकर आजादी की लड़ाई में भाग लिया और देश को आजाद कराने में अपने जीवन का बलिदान दिया। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके बताए आदर्शों पर चलकर देश व प्रदेश के विकास व उत्थान के लिए कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है।

# किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यशाला आयोजित




कार्यशाला में मौजूद किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष व नेतागण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

शहर में भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर संगठन पर्व- 2024 की निर्वाचन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने की। मुख्य अतिथि के रूप में किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष व जनपद के संगठन चुनाव अधिकारी कामेश्वर सिंह उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा कामेश्वर सिंह ने कहा कि संगठन पर्व की राष्ट्रीय स्तर व प्रदेश स्तर की कार्यशाला आयोजित हो चुकी है। अब जिला स्तर की कार्यशाला आयोजित हो रही है। हमारी पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। जिसके 10 करोड़ से ज्यादा सदस्य हैं। भारतीय जनता पार्टी में प्रत्येक चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से होता है। वही परिवारवादी पार्टियों में एक ही परिवार से अध्यक्ष होता है। हम सब को बूथ समित का गठन करना है। बूथ समित का सही गठन ही एक अच्छे संगठन का निर्माण करता है ।बीजेपी का काम चुनाव लड़ना और जितना नहीं है। बल्कि एक सशक्त व विकसित भारत का निर्माण करना है।

निवर्तमान सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि बूथ ताकत ही असली ताकत है। कोई भी हमारा जनप्रतिनिधि इसी ताकत के बल पर खड़ा होता है। बूथ पर जाना है। और अपनी विचार धारा के व्यक्ति को बूथ समित में जोड़ना है।

विपक्षी हम सब को जातियों में बांटना चाहते हैं। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि कार्यशाला में मिले कार्यों का सही से करना है। जो भी सदस्य अभी सदस्यता अभियान में हम लोगों ने बनाए है। उनके साथ मिलकर बूथ की संरचना बनानी है। इस मौके पर विधायक कैलाश राजपूत, विधायक अर्चना पांडेय, जिला प्रभारी इंद्रपाल पटेल,रामवीर कटेरिया, हरिवक्स सिंह, सौरव कटियार, अशोक सिंह,जीतू तिवारी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# बहन की डोली उठने से पूर्व भाई की उठी अर्थी

- अज्ञात वाहन की टक्कर से जीजा साले की मौत
- आज कासगंज से आनी थी मृतक की बहन की बारात
- मृतक के पास से 40 हजार की नकदी, मोबाइल गायब

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात वाहन की टक्कर से जीजा साले की दर्दनाक मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सोमवार 11 नवम्बर को बहन की आनी थी बारात। उधर, इस घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गयीं।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बगिया मंगूलाल निवासी सुमित कुमार उम्र 21 वर्षीय पुत्र परमार सिंह फरीदाबाद ग्लोवल कैस्टर प्राइवेट कम्पनी में नौकरी करता था। सोमवार 11 नवम्बर को उसकी बहन सुमन की शादी होनी थी।

घर पर जोरशोर से तैयारियॉ चल रही थीं। सुमित अपने जीजा पिंकू उम्र 32 वर्षीय पुत्र तिलक सिंह निवासी ढकपुरा सहाबर कासगंज को फरीदाबाद से साथ लेकर हीरोहान्डा स्प्लेंडर मोटर साइकिल संख्या संख्या-एचआर 29 एएस8792 द्वारा अपने घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह मोटर साइकिल लेकर सिकन्दराराऊ हाईवे के पास पहुँचा, तभी मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार जीजा साले गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने दोनों घायलो को अलीगढ़ मेडीकल कॉलेज में ले जाकर भर्ती कराया। जहाँ डाक्टर ने जीजा साले को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही मृतक सुमित का छोटा भाई रोहित, मां गुड्डी देवी सहित पिता परमार सिंह सहित दूसरे मृतक पिंकू का बड़ा भाई हरवीर, छोटा भाई विपिन, यशवीर सहित मां राजकुमारी मेडीकल कॉलेज में पहुँचे। जहाँ दोनों के शवों को देखकर कोहराम मच गया। वहीं मृतक सुमित के पिता परमार सिंह ने बताया की मेरी बेटी सुमन की शादी दिन सोमवार 11 नमम्बर को शोले निवासी पुरसारी थाना पटियाली जनपद कासगंज के साथ होनी थी। जिसकी घर पर जोरशोर से तैयारियॉ चल रही थी। बीती रात्र सुमित अपने जीजा के साथ वापस घर लौट रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने उसकी मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों की मौत हो गई। हमें दोनों के शव मेडीकल कॉलेज में मिले। पुलिस ने जॉच पड़ताल कर दोनों के शवों का पोस्टमार्टम करवाया। वहीं हमने पुलिस से कहा सुमित ने फोन द्वारा हमें बताया की हम बहन की शादी के लिए 40 हजार रुपये और घरवालों के कपड़े लेकर आ रहे हैं। साहब हमारे पैसे सहित वो मोबाइल फोन, कपड़े कहाँ हैं, तभी पुलिस ने कहा हमें नहीं मालूम कहां हैं।


मृतकों के फाइल फोटो


रोते बिलखते मृतक के परिजन

# यू.पी. बोर्ड के परीक्षा केंद्रों की सूची 28 नवम्बर को होगी जारी

- सूचनायें न भजे जाने वाले प्रधानाचार्यों पर बोर्ड कसेगा शिकंजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा 2025 हेतु बनाये जाने वाले केंद्रों की सूची 28 नवम्बर को जारी होगी। छात्र आवंटन सहित परीक्षा केंद्रों की सूची को अंतिम रुप देते हुए 28 नवम्बर तक बोर्ड की बेबसाइट पर अपलोड किया जाना है। बोर्ड सूत्रों से हासिल जानकारी के मुताबिक जिन विद्यालयों की परीक्षा केंद्र हेतु सूचनायें समय से अपलोड नहीं कराई जायेंगी, उसे परीक्षा केंद्र पात्रता सूची से बाहर करने के साथ-साथ संबंधित प्रधानाचार्यों के विरुद्ध बोर्ड कार्यवाही करने पर भी विचार करेगा। परीक्षा केंद्र बनाये जाने हेतु प्रधानाचार्यों द्वारा अपने विद्यालयों की आधारभूत सूचनाओं को यू.पी. बोर्ड की बेबसाइट पर अपलोड की जा चुकी हैं। जनपदीय केंद्र निर्धारण समिति से अनुमोदन के पश्चात विद्यालय छात्र आवंटन संख्या सहित परीक्षा केंद्रों की सूची बोर्ड की बेबसाइड पर 15 नवम्बर तक अनिवार्य रुप से अपलोड करेंगे। विदित है कि वर्ष 2024-25 की बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल में 27,51,140 तथा इंटरमीडिएट में 26,98,446 छात्र-छात्रायें पंजीकृत हैं। फरवरी माह में प्रस्तावित बोर्ड परीक्षा में नकल माफियाओं के मंसूबों को किसी भी सूरत में कामयाब न होने देने के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा चाक चौबंद व्यवस्थाएं की गयी हैं। यहां तक कि नकल में संलिप्तता पाये जाने पर संबंधित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराये जाने के निर्देश हैं।

# एकता व भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए निकाली सशस्त्र सन्यासी पद यात्रा



पदयात्रा के दौरान सशस्त्र सन्यासी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को शहर में शिव शक्ति अखाड़ा के तहत सशस्त्र सन्यासी पद यात्रा निकाली गयी। जिसमें जगह-जगह विभिन्य सशस्त्रों का प्रदर्शन भी किया गया।शिव शक्ति अखाड़ा परिषद के प्रमुख मधुराम शरण शिवा के नेतृत्व में यात्रा बढ़पुर स्थित एक गेस्ट हॉउस से निकाली गयी। पदयात्रा में संन्यासी समुदाय के लोग सशस्त्र लेकर पैदल मार्च किया। जिसका समापन पंडाबाग में हुआ।

जिसमें सैकड़ों लोगों ने भारत माता की जय, जय हिन्द के गगनभेदी नारे लगाये। पदयात्रा के दौरान संन्यासियों ने समाज में बढ़ती असहमति और विभाजन को खत्म करने का आह्वान किया।

मधुराम शरण शिवा ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए हमें व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर एकता, सामूहिकता और भाईचारे को बढ़ावा देना होगा।

इसके बाद उन्होंने जानकारी देते हुये बताया कि सशस्त्र सन्यासी पदयात्रा के बाद रात्रि में 30 जातियों के यहां से आये भोजन को सामूहिक रुप से ग्रहण किया जायेगा। सोमवार को सन्यासी प्रवास बैठक में धार्मिक आयोजन समिति, जाति प्रमुख, युवा बहनें, युवा टोली व शस्त्रधारकों से आंतरिक शांति और देशभक्ति के महत्व के बारे में चर्चा करेंगे।

### शिव शक्ति अखाड़ा तैयार करेगा जनपद में दो सैकड़ा सशस्त्र धमयोद्धा

शिव शक्ति अखाड़ा परिषद के प्रमुख मधुराम शरण शिवा नें बताया कि दो दिन जनपद में उनका प्रवास है। जिसमें 200 सशस्त्र धर्मयोद्धा तैयार किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी भटक रही है। धार्मिक आयोजनों में वह नाचता हुआ दिखता है। जिससे विधर्मी लोग उनका मजाक बनाते हैं। अब उन्होंने 30 जातियों के युवाओं को तैयार किया है। उन्हें मंत्र, माला व भाला दिया जा रहा है। अब हिन्दू ना बंटेगा ना कटेगा अब जो बदमाशी करेगा वह कतरा जायेगा। इस दौरान हिन्दूवादी नेता राजेश मिश्रा, दिनेश मिश्रा, डॉ0 अविनाश पाण्डेय, विमलेश मिश्रा, अंकित तिवारी, सौरभ मिश्रा, विपिन अवस्थी,संट्टू मिश्रा आदि रहे।

## पुलिस ने जुआरियों को पकड़कर मुचलके पर छोड़ा

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** शनिवार देर रात थाना मेरापुर पुलिस ने गांव नगला नानकार में छापा डालकर एक दर्जन जुआरियों की धर पकड़ की। जिसमें कुछ पर नाम मात्र की नकदी दर्शाकर जुआं अधिनियम में कार्यवाही कर उन्हें थाने से ही जमानत दे दी। मेरापुर पुलिस ने छापा मारकर नगला नानकार स्थित एक चकरोड के पास झाडियों में जुआं खेल रहे पुनपालपुर निवासी दीपू उर्फ राहुल, सर्वेश, राकेश तथा बाकरपुर निवासी आशाराम एवं जनपद एटा कोतवाली नयागांव क्षेत्र के कस्बा सराय अगहत निवासी चमन को जुआं के फड़ से तास की गड्डी व नकदी सहित गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए जुआरियों की जामा तलाशी में 1150 रूपये व माल फड़ से 630 रुपये बरामद किये। क्षेत्र में चर्चा रही कि पुलिस ने एक दर्जन जुआरियों को पकड़ा था। जिसमें मात्र पांच जुआरियों पर नाम मात्र की बरामदगी दिखाकर शेष को ले देकर मामला रफादफा कर दिया गया। यह फड़ दीपावली से सज रहा था। दरोगा साधना यादव ने बताया जिन नामजद पांच आरोपितों पर जुआं अधिनियम में कार्यवाही की गई उनको थाना से मुचलकों पर जमानत दे दी गई।

# बालक पिंकू की हत्या में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मऊदरवाजा पुलिस ने थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0 192/2024 धारा-103, 238, 3(5), 61(2) बीएनएस व 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त नीलकंठ उर्फ गुरु उर्फ सोमनाथ भारद्वाज पुत्र राकेश भारद्वाज उर्फ लाला निवासी मोहल्ला रकाबगंज खुर्द थाना मऊदरवाजा को दिनांक 09.11.2024 को मुखबिर की सूचना पर हथियापुर के पास से गिरफ्तार किया।

11.09.2024 को वादी सूरजपाल जाटव पुत्र जदुनाथ जाटव निवासी रकाबगंज खुर्द थाना मऊदरवाजा पर प्रार्थना पत्र दिया था कि दिनांक 05.09.2024 को समय 10:15 बजे उसका पुत्र पिंकू उम्र 15 वर्ष तिकोना तिराहे स्थित भारद्वाज उर्फ लाला की परचून की दुकान पर काम करने गया था और उसके बाद से घर वापस नहीं आया था। अगली सुबह 06.09.2024 को उसका शव हैवतपुर गढ़िया के नाले में पड़ा मिला था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने उपरोक्त धाराओं में गुरु पुत्र राकेश भारद्वाज, राकेश भारद्वाज पुत्र नामालूम निवासीगण मोहल्ला रकाबगंज खुर्द थाना मऊदरवाजा जनपद फर्रुखाबाद व अन्य अज्ञात में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना क्षेत्राधिकारी नगर एश्वर्या उपाध्याय के द्वारा की जा रही है। विवेचना से अभियोग में अभियुक्त नीरज पुत्र राकेश भारद्वाज उर्फ लाला निवासी मोहल्ला रकाबगंज खुर्द थाना थाना मऊरवाजा का नाम प्रकाश में आया था। जिसमें राकेश भारद्वाज उर्फ लाला को 13.09.2024 को गिरफ्तार किया जा चुका है। रविवार को दूसरे अभियुक्त नीलकंठ उर्फ गुरु पुत्र राकेश भारद्वाज उर्फ लाला निवासी मोहल्ला रकाबगंज खुर्द थाना मऊदरवाजा को पुलिस ने हथियापुर के पास से गिरफ्तार कर लिया।


पुलिस हिरासत में अभियुक्त

## खबरें एक नजर में

### युवती ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मौत की सूचना पाते ही परिवार में कोहराम मच गया। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिलाँका निवासी निशा उम्र 18 वर्षीय पुत्री सुधीर कुमार ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डाक्टर जितेंद्र ने युवती को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### महिला को मारपीट कर रास्ते में छोड़कर भागे पति व देवर, मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव बख्ती नगला निवासी अनिल कुमार ने दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी बहन उषा की शादी नौ वर्ष पूर्व जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर के गांव किशनपुर निवासी मुकेश के साथ की थी। चार दिन पूर्व मुकेश व उसका भाई रक्षपाल बहन को लेकर गांव आया। गांव नूरपुर गढ़िया के निकट रास्ते में दोनों बहन को लात-घूंसे से मारपीट कर उसे छोड़कर भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर दोनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

### युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी पीड़ित ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया कि उसकी 24 वर्षीय पुत्री जिसकी शादी 12.11.2024 को होनी है, लेकिन मेरी पुत्री 07.11.2024 को रात्रि 2 से 4 बजे के बीच मोहल्ले के सचिन दिवाकर उर्फ गौरव पुत्र राम तीरथ दिवाकर अपने साथ बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### ससुरालीजनों ने विवाहिता को घर से निकाला, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** ससुरालीजनों से त्रस्त विवाहिता ने ससुरालीजनों के विरुद्ध मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव अठसैनी पहाड़पुर निवासी श्वेता देवी पत्नी अभय उर्फ आशीष पुत्र ओमपाल ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी लगभग 6 वर्ष पूर्व आशीष उर्फ अभय के साथ हुई थी। तब से ससुरालीजन व उनके परिजनों द्वारा दिए गए दान दहेज से संतुष्ट नहीं है, तभी से आए दिन पीड़िता के बताएं अनुसार उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट कर घर से निकालने की धमकी देते रहते हैं। कई बार पीड़िता को घर से निकाल भी दिया गया। बीते दिन पुनः ससुरालीजनों ने अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए घर से निकाल दिया। जिसकी सूचना पीड़िता ने अपने मायके वालों को दी। जिस पर मायके वाले आकर समझा बुझाकर एक साथ रहने की बात कही। जिस पर उक्त आरोपीगण आगबबूला हो गए और मायके पक्ष के लोगों के साथ भी मारपीट की। पीड़िता ने ने अपने पति अभय उर्फ आशीष, सास गुड्डी देवी, ससुर ओमपाल, चचिया ससुर ओम, विजय देवर, आकाश के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। थाना पुलिस ने पीड़िता को मामले में जांच पड़ताल कर कार्रवाई करने की बात कही।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर दबगों ने युवक को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** खेत में जा रहे युवक को गांव के ही दबंगों ने रास्ते में घेरकर गाली-गलौज किया। विरोध करने पर दबंगों ने जमकर मारपीट की। पीड़ित ने गांव के ही दबंग के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बराकेशव निवासी जयरतन पुत्र भूप नारायण ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह रविवार सुबह अपने खेतों की तरफ जा रहे थे, तभी गांव के ही निवासी आरोपीगणों ने पीड़ित को रास्ते में घेरकर गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़ित के बताए अनुसार उसने गाली-गलौज का विरोध किया, तो उक्त दबंगों ने पीड़ित के साथ जमकर मारपीट की। जिससे पीड़ित के कई चोटें आयीं। तब पीड़ित थाने आया और थाना पुलिस को गांव के ही दबंग नामजद आरोपी अरविंद उर्फ टिल्लू पुत्र शिवराज सिंह, राजपाल पुत्र शिवराज, गोपाल पुत्र शिवराज सिंह निवासीगढ़ ग्राम बराकेशव थाना नवाबगंज के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच पड़ताल कर न्याय दिलाने की बात कही।

# पैमाइश से नाखुश दबंगों ने दो को पीटा, मुकदमा दर्ज

- लाठी-डंडा व फावड़ा, दरांती से मारपीट व अनुपम कुमार ने मेरे ऊपर धारदार हथियार से किया हमला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

खेत की पैमाइश से नाखुश दबंग गाली-गलौज करने लगे। जब गाली-गलौज करने का विरोध किया, तो दबंगों ने पीड़ित व उसके भाई को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

पीड़ित मनोज कुमार पुत्र राम नरेश निवासी ग्राम नगला मन्न थाना नवाबगंज ने पुलिस को दी दिनांक 06.11.2023 को दी गयी तहरीर में कहा है कि समय करीब 4.30 बजे शाम को खेत की पैमाइश हो रही थी। उसी समय खेत कै पैमाइश से नाखुश अनुपम कुमार व विपिन कुमार पुत्रगण सोबरन सिंह व बृजमोहन व सुमित कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह यादव व कुलदीप सिंह व रिंकू व कुलदीप पुत्र रामवरन गाली-गलौज करने लगे। जब मैंने गाली-गलौज करने से मना किया, तो सभी लोग मेरे व मेरे भाई के साथ मारपीट करने लगे।

लाठी-डंडा व फावड़ा, दरांती से मारपीट व अनुपम कुमार ने मेरे ऊपर धारदार हथियार से हमला किया। जिससे मेरे गम्भीर चोटें आयीं। गांव के लोग आ जाने पर यह लोग वहां से चले गये और जान से मारने की धमकी दे गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### मामूली बात को लेकर दबंगों ने दंपति को पीटा, मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मामूली बात पर दबंगों ने दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

पीड़िता मीता देवी पत्नी गब्बर सिंह निवासी ग्राम सलेमपुर त्योरी थाना नवाबगंज ने थाना प्रभारी को दी गयी तहरीर में कहा है कि दिनांक 15 अगस्त 2024 को समय सुबह करीब 9 बजे गांव के निवासी विजेन्द्र व उसकी पत्नी मीरा देवी अपने जानवरों को हमारे घर के निकास रास्ते में बांधती है। जिससे वहां बरसात का पानी भर जाता है, तो मेरे पति पानी निकास को नाले की तरफ ले जाने हेतु मिट्टी का बांध लगा रहा थे तथा विजेन्द्र व उसकी पत्नी मीरा देवी, सौरभ पुत्र विजेन्द्र पीड़िता व पीड़िता के पति गब्बर सिंह, पुत्र सचिन, शिवम पुत्रगण गब्बर सिंह के साथ गाली-गलौज करने लगे। गालियों का विरोध करने पर विजेन्द्र व उसकी पत्नी मीरा देवी, सौरभ पुत्र विजेन्द्र, गौरव पुत्र चंद्रपाल ने हम लोगों के साथ लात-घूसों व लाठी-डंडों से मारपीट की। जिससे पीड़िता मीता देवी व उसके पुत्र सचिन, शिवम के चोटें आयीं। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में उपरोक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# पुलिस ने भारी रकम लेकर नाबालिग से बलात्कार का मुकदमा छेड़छाड़ में किया दर्ज

- पुलिस से शिकायत करने गयी, तो पुलिस ने बलात्कार का मामला दर्ज न कर विपक्षी पैसा लेकर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर लिया

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

खाकी का एक घिनौना चेहरा आज फिर सामने आया। एक नाबालिग से बलात्कार के मामले में पुलिस ने विपक्षी से करीब 1 लाख रुपये की रकम लेकर मामले छेड़छाड़ में दर्ज किया।

जब ग्राम प्रधान व पीड़ित ने विरोध किया, तो उनको थाने से भगा दिया, जबकि लड़की को पुलिस ने बैठाये हुये हैं और धमकी रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी पीड़ित ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 8 नवंबर की रात 12.30 बजे मेरे पुत्री छत पर अकेले लेटी थी, तभी पड़ोस का लड़का कुंदन पुत्र कप्तान सिंह मेरी पुत्री के पास आया और उसके बगल में लेट गया। जब मेरी पत्नी छत पर बाथरूम करने गई, तो उसने देखा कि कुंदन उसकी पुत्री के साथ उसका मुंह दबाकर बलात्कार कर रहा था। इस पर मेरी पत्नी ने मुझे आवाज़ लगाई और उसे पकड़ने की कोशिश की, तो उसकी शर्ट उसके हाथ में आ गई और वह वहां से भाग गया। पुलिस से शिकायत करने गयी, तो पुलिस ने बलात्कार का मामला दर्ज न कर विपक्षी पैसा लेकर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर लिया।

### प्रधान बोले हुआ बलात्कार, छेड़छाड़ नहीं


ग्राम प्रधान सोनपाल सिंह

ग्राम सुमित्रापुर के प्रधान सोनपाल सिंह ने आरोप लगाते हुए बताया कि किशोर के साथ गांव के लड़के कुंदन ने बलात्कार किया है। जब वह थाने गये और थानाध्यक्ष पर बलात्कार का मुकदमा दर्ज करने को कहा, तो थानाध्यक्ष ने उन्हें थाने से भगा दिया। प्रधान का कहना है कि पुलिस ने विपक्षी से करीब 1 लाख रुपया ले लिया है। जिसकी वजह से पुलिस बलात्कार का मुकदमा दर्ज न कर मात्र छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया। जिससे ग्रामीणों में रोष है। ऐसा ही आरोप पीड़िता के चाचा ने भी लगाया है। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# रामताल आश्रम व मंदिर के पुजारी व संतगण दो धड़ों में बंटे

- दूसरे पक्ष ने मंदिर में घुसकर 40 बोरी गेहूं, 50 बोरी धान चोरी करने की दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

रामताल मंदिर के महंत, पुजारियों ने भोलेपुर हनुमान मंदिर के महंत के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कहा है कि वह मंदिर की सम्पत्ति पर कब्जा करना चाहते हैं। महंत व पुजारियों ने जांच कराकर कार्यवाही करने की बात कही। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव कक्योिली में प्राचीन रामताल आश्रम मंदिर के नाम से भव्य मंदिर बना है। मंदिर का कार्यकाल इतिहास में भी दर्ज है। बताते चलें की एक बार मंदिर पर भंडारा हुआ था जिसका पूरे क्षेत्र के आसपास के जिलों में भी निमंत्रण भेजा गया था। जब मंदिर पर भंडारा चल रहा था तभी घी निपट गया था, तभी मंदिर के श्रद्धालुओं तथा पुजारी में एकदम सन्नाटा छा गया और उन्होंने अपने महंत को बताया, तो उन्होंने अपने सभी भक्तों को बताया कि जब भंडारे का घी चूक गया है तो रामताल मंदिर से भरवा लो। बाद में वापस कर देना। यह बात सुनकर वहां के पुजारी तथा भक्तगण रामताल आश्रम के तालाब से पानी भरकर कढ़ाई में डालने लगे और कढ़ाई में देसी घी की तरह पूड़ी बनाने लगीं। जिसका सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर आनंद उठाया तब से मंदिर इतिहास में दर्ज हो गया।

वहीं आज इस मंदिर के पुजारी व भक्तों ने थाने में फतेहगढ़ भोलेपुर हनुमान मंदिर के महंत बाबा मोहन दास पर आरोप लगाते हुए मंदिर की संपत्ति कब्जा किये जाने की बात कही तथा सभी संत थाने पर तहरीर देने गए। सभी संतजनों ने बताया कि वह बाबा बालक दास के चेले हैं तथा उनके मर जाने के बाद उनके स्वर्गवासी होने के बाद वह मंदिर के सभी कामों पूजा अर्चना गौ सेवा कृषि आदि सभी कार्य सुचारू रूप से कर रहे हैं और मंदिर परिसर में रहकर पूजा अर्चना कर रहे हैं। तहरीर में रामदास पुजारी, कन्हैया दास पुजारी, बाबा सूरज दास, बाबा गंगादास, रमेश दास, अभय रामदास सहित सभी महंत बाबा बालक दास के चेला शामिल हैं। थाना पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर कार्रवाई करने की बात कही।

**वहीं दूसरी ओर** नवाबगंज थाना क्षेत्र स्थित आश्रम रामताल मंदिर निवासी पुजारी लक्ष्मीकांत चेला स्वर्गीय बाबा बालकदास ने थाने में दी तहरीर में बताया बीते दिन 9.11.2024 की रात को अमर सिंह निवासी ग्राम कक्योली, यादराम बसंतापुर, रमेशदास पुत्र नरेश चंद्र निवासी ग्राम कक्योली, कन्हैया दास निवासी ग्राम वीरपुर ने मंदिर में घुसकर 40 बोरी गेहूं, 50 बोरी धान मंदिर में घुसकर चोरी कर लिये तथा मंदिर में रखा चढ़ावे का धन तथा घंटे चोरी से भर ले गए। तब पीड़ित ने इस बात की थाना पुलिस को तहरीर दी है। इससे साफ जाहिर हो गया है की दोनों पक्ष से साधु संत मंदिर की संपत्ति कब्जा किये जाने की कोशिश कर रहे हैं, तभी दोनों तरफ से आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी ने बताया कि मामला गंभीर है। मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और उन्हीं के निर्देशन में कार्रवाई की जाएगी।



रामताल आश्रम नवाबगंज

# अमृतपुर सरोवर पर लगी सोलर लाइट चोरी


चोरी से पूर्व का खींचा गया फोटो

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

अमृत सरोवर पर लगी सोलर लाइट व बैटरी चोर चोरी कर ले गए। सुबह पहुंचे प्रधान को मामले की जानकारी हुई। प्रधान ने पुलिस को मामले की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसा क्षेत्र के गांव बरखेड़ा में अमृत सरोवर तालाब का कुछ महीने पूर्व ही सुंदरीकरण कराया गया था। रविवार की बीती रात चोरों ने अमृत सरोवर पर लगी चार स्ट्रीट लाइट, सोलर प्लेट व बैटरी खोलकर चोरी कर ले गए। सुबह खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने मामले की सूचना ग्राम प्रधान धर्मेंद्र प्रताप को दी। मौके पर पहुंचे प्रधान ने ग्रामीणों की सहायता से आसपास क्षेत्र में चोरों की तलाश की लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने भी मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। ग्राम प्रधान के अनुसार सभी सामान की कीमत लगभग एक लाख रुपए थी। रविवार सुबह प्रधान ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया।

# बिना लाइसेंस बफैलो मीट का बड़े पैमाने पर हो रहा अवैध कारोबार

▸ लाइसेंस कारोबारी ने कार्यवाही की प्रशासन से की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


वार्ता करते उत्तम कुमार व लाइसेंस कारोबारी

जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा ने खटकपुरा स्थित शानू कुरैशी के निवास पर पत्रकार वार्ता में कहा कि बिना लाइसेंस चल रहे बूचड़खाना पर कार्यवाही की जाये। उत्तम कुमार मिश्रा ने कहा कि खुशनुमा पत्नी शानू कुरैशी के नाम से भारत सरकार द्वारा बफैलो मीट थोक बिक्री करने हेतु 23 जून को लाइसेंस जारी किया गया है।

नियमों के आधार पर स्वच्छता का पालन करते हुए वह कार्य कर रहे है और उन्नाव की सारा कम्पनी से फ्रीजर में मीट रखकर फर्रुखाबाद लाकर बिक्री करते है। जिस कारण अन्य 85 से 90 लोग भी व्यापार करते है। उनके पास लाइसेंस नहीं है। वह ताजा मीट सस्ते दामों में बेंच रहे है। जिसका विरोध करने पर लाइसेंस धारक खुशनुमा पत्नी शानू कुरैशी को अन्य मीट विक्रेताओं ने बहिष्कार करते हुए समाज में हुक्का पानी बंद कर दिया है और पुलिस की सांठगांठ से मीट बेंचने का कार्य कर रहे है।

बिना लाइसेंस खुलेआम पशुओं की हत्या की जा रही है। इस संबंध में मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन खुशनुमा के पति शानू कुरैशी, वसीम हुसैन, नदीम कुरैशी, मोहम्मद असगर कुरैशी ने पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है। खाद एवं रसद विभाग को इस घटना की जानकारी है। सभी दुकानदार 1500 रुपये प्रति महीना एकत्र कर ऊपर तक पहुंचाते है। जिस कारण उन पर कार्यवाही नहीं की गई है। लाइसेंस धारक खुशनुमा की दुकान से लोग मीट नहीं खरीद रहे है। जिस कारण आये दिन मीट खराब हो जाता है। इस घटना को लेकर कार्यवाही की मांग की है और समाज के द्वारा बहिष्कार किये जाने पर रोष जताया है। 4 सितम्बर को मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा था।

जिसकी जांच आयी है अभी तक कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाया कि सांठगांठ के चलते मीट का कारोबार अवैध रुप से किया जा रहा है और रोजाना सैकड़ों पशुओं की बिना लाइसेंस धारक हत्या कर रहे है।

वार्ता में कार्यवाही की मांग की गई। इस दौरान उत्तम कुमार मिश्रा, वशीर हुसैन, मोहम्मद असगर कुरैशी, नदीम कुरैशी, नरेन्द्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# चार दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा 12 से 15 नवम्बर तक

▸ 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


यज्ञ के दौरान मौजूद भक्तगण

गायत्री परिवार हरिद्वार के तत्वाधान में नवाबगंज ब्लाक के ग्राम कनासी में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम 12 नवम्बर से 15 नवम्बर तक चलेगा।

प्रज्ञा पुराण व कथा महायज्ञ के साथ-साथ विभिन्न संस्कारों का आयोजन किया जायेगा। शांति कुंज हरिद्वार द्वारा नारी सशक्तिकरण वर्ष घोषित किया गया है। जिसके अन्तर्गत 12 नवम्बर को महिलाओं की सामूहिक कलश यात्रा पूरे क्षेत्र में निकाली जायेगी। जनपद से महिलायें आकर प्रतिभाग करेगी। गायत्री महायज्ञ पुराण कथा को जन-जन तक पहुंचाने व सफल बनाने हेतु रविवार से गांव-गांव पांच कुंडीय यज्ञ आयोजित किये जा रहे है। रविवार को कनासी में यज्ञ का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। गायत्री शक्तिपीठ फूस बंगला, कायमगंज व मझोला शक्तिपीठ के सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तन मन धन से जुटे हुए है।

देशवासियों को संगठित व संस्कारित, शिक्षित करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 4 दिवसीय कार्यक्रम चेतन पब्लिक स्कूल कनासी नवाबगंज में सम्पन्न होगा। जिसकी व्यवस्था राकेश शर्मा देख रहे है।

# एसडीएम ने नये मतदाताओं के फार्म-6 भरवाने के लिए किया जागरुक



जानकारी देते एसडीएम व फार्म भरवाते राजकिशोर शुक्ला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत पूरे जनपद में बीएलओ द्वारा नये मतदाताओं के लिए फार्म-6 भरकर जमा किये जा रहे है। साथ ही जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी इस कार्यक्रम में लोगों को जानकारी दे रहे है। एसडीएम सदर ने बढ़पुर क्रिश्चियन इंटर कालेज व बद्री विशाल डिग्री कालेज के बूथों का निरीक्षण किया और बीएलओ व आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को जानकारियां दी और कहा कि वार्डो में जाकर लोगों को जागरुक करें और छूट हुए मतदाताओं का वोट बनाकर फार्म भरकर जमा करवायें। साथ ही कायमगंज के बूथ संख्या 111 प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में दस वोट बनाये गये। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत पदाभिहित अधिकारी राजकिशोर शुक्ल, बीएलओ समोद कुमार, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खेतल सिंह और सदस्य जयवीर सिंह के प्रयास से पांच महिलाओं एवं पांच पुरुषों के फार्म-6 भरकर नये वोट बनाये गये। वहीं फार्म सात भरकर एक मृतक मतदाता का विलोपन किया गया। राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी रहेगा। जिसमें नये वोटर बनाने, संशोधन एवं विलोपन संबंधी कार्य किया जाएगा।


श्रमदान करते गंगा समिति के पदाधिकारी

## गंगा समिति ने श्रमदान कर चलाया स्वच्छता अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मां गंगा सेवा समिति द्वारा बरगदिया घाट पहुंचकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। सप्ताहिक स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत मां गंगा सेवा समिति के पदाधिकारियों ने श्रमदान करते हुए साफ सफाई के प्रति प्रेरित किया। 12 नवंबर को होने वाले तुलसी विवाह आयोजन को ध्यान में रखते हुए घाट पर साफ-सफाई की और मार्ग का निरीक्षण किया। समिति के पदाधिकारियों ने संपूर्ण मार्ग के पुनर्निर्माण ना होने के प्रति नाराजगी जतायी और प्रशासन से अविलंब बरगदिया घाट मार्ग ठीक कराने की मांग की है।जिससे 12 नवम्बर को तुलसी विवाह के दौरान निकलने वाली शोभायात्रा में कोई असुविधा न हो। इस अवसर पर नीटू मिश्र, जय ओम, किशन बाथम, रवि मिश्रा, आलोक चतुर्वेदी, राजीव वर्मा, लौकी गुप्ता, गौरी मिश्रा, श्रृष्टि मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# हिन्दू सेना ने टोका घाट स्थित गौशाला में किया गौ पूजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


गौ पूजन करते हिन्दूवादी नेता

अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना के द्वारा टोका घाट स्थिति गौशाला में गौ पूजन किया गया तथा गौमाता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने के लिए विचार व्यक्त किए। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष के दिशा निर्देश मिलने के बाद आगे की रूपरेखा तय की जाएगी। भारत में गौ माता का विशेष महत्व है। विभिन्न पर्वों पर गायों को पूजा जाता है। गोपाष्टमी के पर्व पर गाय के पूजन का महत्व है।

इस दिन गुड चना के अलावा दाना चारा आदि खिलाकर गौमाता का पूजन किया जाता है। अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने गोपाष्टमी पर्व को पूजन के साथ धूमधाम से मनाया और गौ माता के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव कौशलेंद्र द्विवेदी, क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवम त्रिपाठी, अखिलेश पाण्डेय, बिजेंद्र गुप्ता, जितेंद्र अग्रवाल, मुकेश कुमार, अतुल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# भारतीय नारी संयुक्त संस्कारों की जननी है: मिथलेश तिवारी



मातृ शक्ति सम्मेलन में विचार व्यक्त करती डॉ. रजनी सरीन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संस्कार भारती के तत्वाधान में बढ़पुर स्थित उत्सव गेस्ट हाउस में प्रांतीय कला साधक संगम द्वारा हिन्दू परिवार में मातृ शक्ति के योगदान पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में पहुंची पं. विरजू महाराज कथक संस्थान लखनऊ की उपाध्यक्ष मिथलेश तिवारी, डॉ. रजनी सरीन ने विचार व्यक्त किये। मुख्य अतिथि मिथलेश तिवारी ने कहा कि भारतीय नारी की व्याख्या हिन्दू समाज जिसमें संयुक्त संस्कारों की जननी है, धर्म, कर्म, सभ्यता के दैवीय दर्शन होते है। वर्तमान समय में हमारी प्राचीन सभ्यता को पश्चिमी लोग नष्ट करने में लगे है। हमें उनसे सावधान रहना है और समाज में हर एक के जीवन में तनाव है उसे मुक्त करना है। हमें अपनी रहन, सहन, खान-पान, वेषभूषा, संस्कारवान, अध्यात्म व भारतीय दर्शन में समरसता बनाये रखना है और बच्चों को संस्कारवान बनाना है। मातृ शक्ति के नाते हमें भी इस दायित्व का निर्वाह्न करना चाहिए। डॉ. रजनी सरीन ने कहा कि भारतीयता पर हमें गर्व है।

समाज की सैकड़ों महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया और भारतीय संस्कृति और परिवार व समाज तथा राष्ट्र में कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पूनम पाण्डेय, आकांक्षा सक्सेना, सुमन राठौर, प्रीती तिवारी, रजनी लौगानी, सीमा गुप्ता, सुनीता सक्सेना, संध्या राजपूत, रमा पाण्डेय, इंदू शुक्ला, वर्षा कश्यप, नेहा श्रीवास्तव, अंजू चौहान, सिमरन सिंधी, रंजना झा, बंधना मिश्रा, साधना श्रीवास्तव, अर्चना द्विवेदी, पूनम पाण्डेय, कविता शुक्ला, शिवांगी, अंजू आदि लोग मौजूद रहे। सभी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# बाल दिवस के रुप में ब्रह्माकुमारी केंद्र पर मनाया चाचा नेहरु का जन्मदिन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बाल दिवस कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व बीके शोभा बहन

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय जटवारा जदीद सेवा केंद्र पर रविवार को चाचा नेहरू के जन्मदिन के उपलक्ष में बाल दिवस बड़े ही उमंगो के साथ मनाया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शोभा बहन ने कहा 10 नवंबर को परिवहन और विज्ञान दिवस को बाल दिवस के रूप में मना रहे हैं।

सभी नन्हे मुन्ने बच्चों ने रेल, सड़क, हवा, जल इत्यादि को पौधे लगाकर प्रदूषण को दूर करने का संकल्प लेते हुए अपने अधिकारों, शिक्षा और कल्याण के महत्व को कैसे उजागर करें विषय पर चर्चा कर मनाया। उन्होंने कहा कि बच्चों को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, श्रीकृष्ण जैसे गुणों को हंसना, खेलना, सीखना, समाज की नई पीढ़ी के लिए जरूरी है। आज के बच्चे ही कल के नेता अभिनेता वैज्ञानिक कला के कलाकार और समाज के निर्माणकर्ता बनेंगे। सब बच्चों को सबसे अच्छी नैतिक शिक्षा चरित्र निर्माण के साथ राजयोग प्राणायाम दया और करुणा को नैतिक मूल्य में शामिल करना चाहिए। पूनम बहन ने राजयोग का अभ्यास कमेंट्री कराकर अनुभव कराया। एकता बहन ने बच्चों को तिलक लगाकर एक सुंदर गीत भी प्रस्तुत किया। संतोष बहन ने कहा बच्चे हमारी दुनिया का भविष्य हैं। इसलिए उनको अच्छी दिशा की ओर प्रेरित करना हमारा दायित्व है। मनोरमा शर्मा ने कहा कि आज हमारे बीच चमकते हुए चैतन्य सितारों का उत्सव है। राधा बहन ने कहा कि भारत के शिक्षकों का कर्तव्य है कि वह हमारे बच्चों को सोचने की और काम करने की शक्ति भर दे। जिससे वह बड़े होकर सदाचारी बनकर नेक कार्य कर सके।

मनोज दीक्षित ने कहा कि हमें अपने सपनों को साकार करना और अपनी कल्पनाओं को ऊंची उड़ान देना कितना महत्वपूर्ण है। बच्चों ने नाटक शांति का दाता कौन संवाद गीत, कविता, डांस, कब्बली, खेलकूद कर बाल दिवस मनाया। आकांक्षा, खुशी, छवि, वरुण, युवराज, उत्कर्ष, मानव नीर, पलक, साक्षी, पीयू आदि बच्चों ने भाग लिया। संचालन सुआलाल मिश्रा ने किया।

## दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में युवक समेत दो घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** दो मोटर साइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत में युवक समेत दो लोग घायल हो गे। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों की हालत गम्भीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज के सामने रविवार को दो बाइकों की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गयी। जिसमें युवक हर्षित पुत्र पप्पू व प्रियांशी पुत्री विजय घायल हो गये। बताते हैं कि घटना के बाद मौके पर काफी भीड़ लग गयी। घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को 108 एंबूलेंस को सूचना देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां डॉक्टर विकास पटेल ने गंभीर रूप से घायल युवक युवती को भर्ती कर उनका उपचार शुरु कर दिया। वहीं घटना के संबंध में युवक व युवती के परिजनों को सूचना दे दी गयी है।

# धूमधाम से निकाली गई खाटू श्याम की निशान यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


निशान यात्रा में मौजूद भक्तगण

फतेहगढ़ के मोहल्ला ग्रानगंज से विशाल एवं भव्य द्वितीय खाटू श्याम निशान यात्रा निकाली गई।

निशान यात्रा में मुख्य अतिथि भाजपा नेता व सभासद शशांक शेखर मिश्रा ने पहुंचकर निशान का पूजन किया एवं रथ पर विराजित खाटू श्याम जी को तिलक लगाकर, माला पहनकर भोग एवं इत्र लगाकर यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा आयोजक बालकिशन श्रीवास्तव एवं गोविंद राठौर ने अतिथि शशांक को पटुका पहनाकर आभार जताया। निशान यात्रा में आसपास के क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही। निशान यात्रा ग्रानगंज से छोटी जेल चौराहे होकर सकवाई मोहम्मदाबाद स्थित खाटू श्याम मंदिर पर पहुंची।

वहां पर खाटू श्याम भगवान के मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन किया। जिसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ। यात्रा में आयोजक बालकिशन श्रीवास्तव, गोविंद राठौर, मुकेश गुप्ता, चंदन श्रीवास्तव, शुभम मिश्रा, राहुल मिश्रा, हृदेश, अनुज वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## एकजुट होंगे तो मजबूत होंगे: नंदकिशोर दुबे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के जिला सचिव नंदकिशोर दुबे ने भाजपा के बयान को लेकर बलटवार किया जायेगा। पूर्व में दिये गये मुख्यमंत्री द्वारा बयान में बटेंगे तो कटेंगे पर पलटवार करते हुए नंद किशोर दुबे ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा था कि एकजुट होंगे तो मजबूत होंगे। इसी नारे को मजबूती देते हुए जिला सचिव नंद किशोर दुबे ने पार्टी कार्यालय आवास विकास पर होर्डिंग लगाकर समाज को जागरुक कर रहे है। उन्होंने स्लोगन वाला होर्डिंग लगाया और कहा कि हम एकजुट होकर मजबूत होंगे। पोस्टर लगने के बाद डाली गयी पोस्ट को लेकर चर्चा है कि एकजुट होंगे तो मजबूत होंगे। हिन्दू, मुस्लिम, सिख, इसाई आपस में भाई-भाई, 2027 में देगें सपा का साथ, आदि स्लोगन लिखे है। जो सोशल मीडिया पर लोग वायरल कर रहे है।

# प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्हा, पुनि सब विप्रन्ह आयुष दीन्हा

▸ रविवार को मानस सम्मेलन का हुआ समापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कथा का श्रवण करवाती प्रीती रामायणी मौजूद भक्तगण

डीपीबीपी कॉलेज मदारवाड़ी में आयोजित सम्मेलन के समापन अवसर पर मानस मनीषियों ने कहा कि सनातन धर्म विश्व का सबसे पुराना धर्म है मानस हमें हमारे धर्म के प्रति कर्तव्यों का बोध कराता है, धर्म है तो हम हैं, धर्म नहीं होगा तो हम भी नहीं होंगे। श्री राम राज्याभिषेक की चर्चा करते हुए मानस भूषण अरिमर्दन शास्त्री ने कहा कि कलियुग में रामराज्य नहीं अराजकता हैं। यह तो त्रेता युग में ही संभव था। राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका निभाने के लिए नई पीढ़ी में राष्ट्रवाद की भावना जागृत करना धर्म गुरुओं व शिक्षकों का दायित्व है।

महोबा से आई मानस मंजरी राजकुमारी ने अपने भजनों से श्री राम कथा की अमृत वर्षा करते हुए रामचरितमानस को पढ़ना कितना आवश्यक है। उससे कहीं ज्यादा आवश्यक है कि श्री राम के चरित्र को जीवन में उतर जाए। प्रीति रामायणी ने कहा कि सनातन धर्म विश्व में शांति भाईचारा प्रेम का संदेश देता है। रामायण की पूजा करने के स्थान पर उसकी शिक्षाओं को जीवन में उतरे साधना शर्मा रामायणी ने कहा कि मानव रामचरितमानस को पढ़ना सुना तो आवश्यक है। उससे कहीं अधिक आवश्यक है मानस के विभिन्न चरित्रों से प्रेरणा लेकर उनकी शिक्षाओं को जीवन में उतरे संचालक संत कवि ब्रज किशोर सिंह किशोर ने किया। राम राज्याभिषेक आरती के साथ पांच दिवसीय मानस सम्मेलन का समापन करते हुए संयोजक भारत सिंह ने सभी का आभार प्रकट किया।

मीडिया प्रभारी राजेश निराला ने मानस मनीषियों, समिति के जुड़े सदस्यों को सम्मानित किया डॉ0 बीडी शर्मा, चंदन सिंह, गगन सिंह, मुकेश सिंह, शकुंतला कन्नौजिया, शारदा सिंह, मधु गुप्ता, अभिनव राम, बलराम सिंह, चिंटू कनौजिया, स्वरूप राजपूत, अजय राजपूत, प्रशांत कुमार सिंह आदि ने व्यवस्था में सहयोग किया।

# पांचाल शोध एवं विकास समिति ने मनाया फर्रुखाबाद का स्थापना दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचाल शोध एवं विकास समिति के तत्वाधान में रविवार को फर्रुखाबाद जनपद का स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्यमंत्री द्वारा प्रत्येक जनपद को अपना स्थापना दिवस मनाने के लिए आवाहन किया गया था। वर्तमान और भावी पीढ़ी अपने गौरवशाली इतिहास से परिचित हो सके। संस्था के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह सोमवंशी ने कहा कि जो अपना इतिहास भूल जाता है, उसका सांस्कृतिक और नैतिक पतन हो जाता है। प्राचीन कपिल मुनि की भूमि की है। जिसने सांख्य दर्शन का प्रतिपादन किया। प्राचीन पांचाल क्षेत्र का इतिहास पूरे देश के इतिहास में महत्व रखता है। संयुक्त सचिव भूपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा है कि 10 नवम्बर 1801 को अवध के नवाब से अंग्रेजों ने फर्रुखाबाद जनपद स्थापित करने की शुरुआत की। जिसके बाद यहां मिन्ट मास्टर की नियुक्ति की गई, जो रेवेन्यू कलेक्शन के अधिकारी थे। उन्होंने कहा कि जनपद के इतिहास वैदिक युग, त्रेता युग, द्वापर युग से लेकर आधुनिक काल तक कि महत्वपूर्ण घटनाओं का साक्षी रहा है। प्रो0 मुकेश राठौर ने कहा कि वर्तमान सरकार जनपद के पर्यटन स्थलों के विकास का कार्य कर रही है जो सराहनीय है। सचिव भानु प्रकाश मिश्र ने कहा कि यहां जन्मी द्रौपदी आज भी इस बात की प्रतीक है कि नारी की अस्मिता से खेलने वाले का समूल नाश हो जाता है। संचालन महेश पाल सिंह उपकारी ने किया। इस मौके पर अनिल प्रताप सिंह, अनिल सिंह, श्वेता दुबे, एमआर पाल, मो0 आकिब खान, निहारिका पटेल आदि उपस्थित रहे।

# पारस हेल्थ कानपुर व सिटी हॉस्पिटल ने किया हेल्थ कैम्प आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



वार्ता में मौजूद चिकित्सक

सामुदायिक स्वास्थ्य तक पहुंच बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पारस हेल्थ कानपुर ने सिटी हॉस्पिटल फर्रुखाबाद के साथ मिलकर एक निःशुल्क सुपर स्पेशलिटी हेल्थ कैम्प का आयोजन किया। कैम्प में 100 से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। सभी ने कैंसर, हृदय रोग, किडनी की बीमारी व अन्य बीमारियों समेत निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया। सिटी हॉस्टिपल द्वारा आयोजित कैम्प में पारस हेल्थ कानपुर के 11 डॉक्टरों की एक स्किल्ड टीम शामिल हुई। सभी ने लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों को रोकने में मदद करने के लिए स्वास्थ लाइफस्टाइल बनाये रखने पर मेडिकल परीक्षण के दौरा बहुमूल्य जानकारी दी। पारस हेल्थ के मेडिकल पैनल में कॉर्डियोलॉजी, कॉर्डियक सर्जरी, ऑन्कोलॉजी, ऑन्को सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, जीआईसी सर्जरी अन्य विशेषज्ञ शामिल थे। डॉ. राकेश अरोड़ा, डॉ. नीलेश अग्रवाल, डॉ. पवन करेला, डॉ. अभिमन्यु कडापथ्री, आशुतोष सिंह, डॉ. आदित्य नरुला, डॉ. गोपाल शुक्ला, डॉ. योगेश कुमार, शांतनु सरकार सेल्स एण्ड मार्केटिंग हेड ने विचार रखे। सभी ने मानसिक एवं स्वास्थ्य हेल्थ केयर आदतों के महत्व को समझाया। पारस हेल्थ के डॉ. सौमित्र भारद्वाज, क्षेत्रीय निदेशक ने बताया कि पारस हेल्थ में हम गुणवत्ता पूर्ण हेल्थ केयर को सुलभ बनाने और प्रीवेंटिव केयर को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हेल्थ कैम्प न केवल निःशुल्क कंसल्टेशन दिया गया, बल्कि लॉन्ग टर्म स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली आवश्यक लाइफस्टाइल की आदतों को साझा किया गया। लक्ष्य एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो।

जिससे स्वास्थ्य सेवा समुदाय के बीच ले जाये। पारस हेल्थ के प्रतिनिधियों स्वास्थ के प्रति समर्पण के महत्व को दर्शाया। यह अस्पताल आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का भी हिस्सा है, जो मरीजों के लिए हेल्थ केयर की पहुंच को ज्यादा लोगों तक पहुंचाता है। सर्जरी सहित विभिन्न एक्सपर्टीज में व्यापक सेवाओं के साथ पारस हेल्थ इस क्षेत्र में हेल्थ केयर लैंडस्पेक को बेहतर बनाने के लिए सक्रिय रुप से काम कर रहा है।

# जिला युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन 12 नवंबर को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नेहरू युवा केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय विभाग के तत्वाधान में महियसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में आयोजित किया जाएगा। जिला युवा अधिकारी सोनिका चंद्रा के द्वारा समस्त कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम में युवाओं के लिये विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। जिनमें समूह लोक नृत्य, एकल लोकनृत्य, समूह लोकगीत, एकल लोकगीत, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता, मोबाइल फोटोग्राफी, साइंस मेला, कविता लेखन की प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला, कविता लेखन का विषय पंच प्रण रहेगा। समूह लोकनृत्य प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 7 हजार, 5 हजार व 3 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं साइंस मेला का आयोजन समूह एवं एकल दोनों के लिए किया जाएगा। समूह साइंस मेला में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 7 हजार, 5 हजार व 3 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं एकल साइंस मेला में 3 हजार, 2 हजार, 1500 प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को दिया जाएगा। कविता लेखन, पेंटिंग, मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता में विजेताओं को 2500, 1500, 1000 की राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की जायेगी। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागी को 5 हजार, 2500, 1500 की राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की जाएगी। सभी प्रतियोगिता में 15-29 आयु वर्ग के युवा जो की जिले के मूल निवासी हो आवेदन कर सकते है।

# व्यापारी समुदाय सम्मान का पात्र : धनखड़

**अनुसंधान व नवाचार में निवेश वर्तमान और भविष्य में निवेश है**



एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि व्यापार, व्यवसाय, वाणिज्य और उद्योग से जुड़े लोगों को व्यवस्था का दबाव महसूस नहीं होना चाहिए। वे समाज में सम्मान के पात्र हैं और अर्थव्यवस्था के चालक तथा सामाजिक सद्भाव में योगदानकर्ता हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी (मेट्स) के रजत जयंती समारोह के समापन को संबोधित कर रहे थे।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि 'आर्थिक राष्ट्रवाद' के सिद्धांतों का पालन करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विदेशी मुद्रा बचाने और स्थानीय उद्योग को बढ़ावा देने के लिए जरूरी है कि अनावश्यक आयात पर अंकुश लगे। उन्होंने कहा कि व्यापार, व्यवसाय, वाणिज्य और उद्योग से जुड़े हमारे लोगों को व्यवस्था का दबाव महसूस नहीं होना चाहिए।

वे समाज में सम्मान के पात्र हैं। वे धन सृजक, नौकरी प्रदाता, अर्थव्यवस्था के चालक और सामाजिक सद्भाव में योगदानकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार में लगे लोगों ने समाज को वापस लौटाने की कला सीख ली है। यहां तक कि हमारा स्वतंत्रता आंदोलन भी उनके महत्वपूर्ण योगदान को चिह्नित करता है। इस दौरान उपराष्ट्रपति ने मतभेद को स्वीकार करने को भारतीय सभ्यता का अंग बताया और समाजिक समरसता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक नहीं है कि दूसरा अपनी बात कहे और हम उसे मानें ही। पर उसकी बात न सुनना, उस पर चिंतन और मंथन न करना, यह हमारी सभ्यता का अंग नहीं है। विभिन्न मत रखरना एक ऊर्जा है। इससे ही व्यक्ति को स्वयं को सही करने की अनुमति मिलती है और कुछ नहीं तो सिक्के का दूसरा पहलू तो दिखता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता के बिना बाकी सब अर्थहीन हो जाता हैं। सामाजिक समरसता हमारा आभूषण है। जब हम सहिष्णु होते हैं और सामाजिक समरसता का ध्यान रखते हैं, तो हर कोई सुख अनुभव करता है। हर कार्य करते समय ये देखिए कि सामाजिक समरसता बढ़े। उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसी संस्थान की पहचान उसके संकाय से होती है। इंफ्रास्ट्रक्चर संस्थान की जरूरत है लेकिन फैकल्टी उसकी खुशबू है। अनुसंधान और नवाचार में निवेश वर्तमान और भविष्य में निवेश है। नवाचार और अनुसंधान अर्थव्यवस्था के प्रेरक इंजन हैं।

## विधानसभा चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंकना है : लालू यादव

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव रविवार को कोडरमा के मरकच्चो पहुंचे। उन्होंने चुनावी सभा को संबोधित कर राजद प्रत्याशी सुभाष यादव को वोट कर विजयी बनाने की अपील की। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने अपने पुराने अंदाज में ही सभा को संबोधित किया। हेलिकॉप्टर खराब होने पर वे सड़क मार्ग से ही कोडरमा पहुंचे। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि आज सुबह उन्हें देखकर हेलिकॉप्टर डर गया। इसलिए सड़क मार्ग से गाड़ी में सो कर आए हैं। राजद सुप्रीम लालू प्रसाद यादव ने कहा कि पूरे देश में इंडिया गठबंधन मजबूत है। झारखंड में भी यह गठबंधन काफी मजबूत स्थिति में है। इस विधानसभा चुनाव में भाजपा को उखाड़ कर फेंक देना है। आप सभी राजद प्रत्याशी सुभाष यादव को भारी मतों से जीत दिलाएं। लालू प्रसाद ने कहा कि सुभाष यादव बहादुर आदमी हैं। इसलिए उन्हें कोडरमा से उम्मीदवार बनाया गया है। सभा को उम्मीदवार सुभाष यादव के अलावा जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने भी सम्बोधित किया।

# किसानों को तीन लाख तक का कर्ज माफ और बेरोजगारों को भत्ता देने का वादा

**महाराष्ट्र विस चुनाव के लिए महाअघाड़ी का घोषणा पत्र किया जारी**



एजेंसी

**मुंबई।** अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को मुंबई में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए महाविकास आघाड़ी (एमवीए) का घोषणा पत्र जारी किया है। महाविकास आघाड़ी ने महाराष्ट्र के किसानों का तीन लाख रुपये तक का

कर्ज माफ करने, महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा और हर वर्ष पांच सौ रुपये में छह रसोईगैस सिलेंडर और बेरोजगारों को चार हजार रुपये प्रतिमाह देने का वादा किया है। रविवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एसपी) की नेता सुप्रिया सुले, शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राऊत सहित एमवीए ने नेता की मौजूदगी में कांग्रेस के राष्ट्रीय के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाविकास आघाड़ी का घोषणा पत्र जारी किया।

इस मौके पर मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि महाविकास आघाड़ी ने महाराष्ट्र के लिए पांच गारंटी घोषित की थी। हमारी पांच गारंटी महाराष्ट्र में सभी के कल्याण में सहायक होंगी। इसके तहत महाराष्ट्र के प्रत्येक परिवार को लगभग 3 लाख रुपये वार्षिक सहायता मिलेगी। हमारी महालक्ष्मी योजना सभी महिलाओं को वित्तीय सहायता देगी, जिन्हें हर महीने 3000 रुपये दिए जाएंगे। हम महाराष्ट्र की महिलाओं के लिए एक मुफ्त बस सेवा शुरू करेंगे। खडगे ने कहा कि जब हमने कर्नाटक में महिलाओं के लिए योजना शुरु की थी, तो भाजपा ने उसका मखौल उड़ाया था। लेकिन बाद में इन लोगों ने चुनाव को देख महाराष्ट्र में हमारी नकल कर योजना शुरु की। खडगे ने कहा कि महिलाओं को राहत मिले, इसलिए हर वर्ष छह रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये कीमत पर दिए जाएंगे। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि अगर आगामी विधानसभा चुनाव में महा विकास आघाड़ी चुनी गई तो महाराष्ट्र में जातिगत जनगणना कराई जाएगी। इसके साथ ही आरक्षण की मर्यादा की 50 प्रतिशत को खत्म कर दिया जाएगा। खडगे ने कहा कि तेलांगना में जातिगत जनगणना शुरु कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना लोगों को बांटने के लिए नहीं, बल्कि यह पता लगाने के लिए की जा रही है कि लोगों का जीवनस्तर किस तरह का है। किस जाति के लोगों को सरकारी लाभ मिल रहा है ।

# समुद्र में 39 दिन की यात्रा कर ऑस्ट्रेलिया पहुंची भारतीय नौसेना की नौकायन पोत तारिणी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** समुद्र में 39 दिन की चुनौतीपूर्ण यात्रा के बाद भारतीय नौसेना की नौकायन पोत तारिणी %नाविका सागर परिक्रमा% के दूसरे चरण में ऑस्ट्रेलिया के फ्रेमेंटल में बंदरगाह पर पहुंच गई है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने 2 अक्टूबर को गोवा से इस ऐतिहासिक अभियान को हरी झंडी दिखाई थी। इस अभियान में दो महिला नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के. और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए भारतीय नौसेना के पोत तारिणी से ऐतिहासिक जल यात्रा पर निकलीं हैं।

यह ऐतिहासिक घटना नौसेना के समुद्री नौकायन इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि यह भारतीय महिलाओं की नौकायन पोत से दुनिया की पहली परिक्रमा है। यह अभियान भारत के समुद्री प्रयासों का प्रतीक है, जो वैश्विक समुद्री गतिविधियों में देश की प्रमुखता और उत्कृष्टता और महिला सशक्तिकरण के प्रति भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अब तक दोनों महिला अधिकारियों ने गोवा से 4900 नॉटिकल मील की दूरी तय की है। इन्होंने 16 अक्टूबर को भूमध्य रेखा और 27 अक्टूबर को मकर रेखा को पार किया है। नौसेना के अनुसार इस 38 दिन की नॉनस्टॉप यात्रा के दौरान लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए की जोड़ी ने शांत से लेकर गंभीर मौसम की स्थिति का सामना किया। वैश्विक परिक्रमा अभियान चला रहीं दोनों महिला अधिकारी 9 नवंबर को भारतीय समयानुसार लगभग 14.30 बजे ऑस्ट्रेलिया के फ्रेमेंटल में बंदरगाह पर पहुंचीं। अभियान की प्रगति पर नौसेना प्रमुख एडमिरल त्रिपाठी खुद बारीकी से नजर रखकर प्रतिदिन अपडेट ले रहे हैं। दिवाली की पूर्व संध्या पर उन्होंने चालक दल के सदस्यों से बातचीत की और पाया कि वे अपने मिशन के लिए पूरी तरह से प्रेरित और समर्पित हैं।

### बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 11वें हाथी की मौत, चार माह के हाथी शावक ने तोड़ा दम

**उमरिया।** मध्य प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथियों की मौत का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बीते दिनों 10 हाथियों की मौत के बाद अब हाथी शावक की भी मौत हो गई। जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर रेंज क्षेत्र में 3 दिन पूर्व नन्हा हाथी शावक बीमार हालत में मिला था, जिसको तत्काल रेस्क्यू कर पार्क प्रबंधन ताला हाथी कैम्प ले आया था। जहां डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया था, लेकिन रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उप संचालक प्रकाश कुमार वर्मा ने बताया कि पनपथा बफर रेंज अंतर्गत खारी बड़ी टोला बीट के कक्ष क्रमांक आरएफ 179 पटपरहा हार से 1 जंगली हाथी का बच्चा झुंड से बिछड़ कर लावारिस अचेत बीमार अवस्था में मिला था। जिसका उपचार करवाया गया और इसको रामा हाथी कैम्प में रखा गया। लेकिन रविवार सुबह 6 बजकर 06 मिनट पर उसकी मौत हो गई।

# वक्फ बोर्ड की आड़ में मठ मंदिरों की भूमी कब्जा करने के दिन हुए समाप्त

समृद्धि न्यूज



**ऋषिकेश।** भाजपा के फायर ब्रांड नेता व उन्नाव के सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि भारत में वक्फ बोर्ड की आड़ में सेना व रेलवे सहित मठ मंदिरों की भूमि कब्जा करने के दिन समाप्त हो गए। यह बात रविवार को साक्षी महाराज ने ब्रह्मपुरी में श्री राम तप स्थली में आयोजित स्वामी दयानंद दास के 71 वें जन्म उत्सव के दौरान संतो को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि सन्तों के संघर्ष व भगवान राम के आशीर्वाद से 500 वर्ष से संघर्ष कर रहे सनातनधर्म से जुड़े लोगों का राम का मंदिर बन गया है। उन्होंने हिंदू समाज को एकजुट होने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी? द्वारा किए गए उद्घोष एक रहो अनेक रहो, राष्ट्रीय की रक्षा के लिए बंटोगे, तो कटोगे। सनातन धर्म को बचाने के लिए एक रहो नारे को हिंदू समाज लिए प्रेरणा बताते हुए कहा कि जब जब हिंदू समाज बंटा देश कटा है, जिसका परिणाम उत्तर प्रदेश में हो रहे उपचुनाव के दौरान हिंदू समाज की एकता से पता चलेगा, जहां सभी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार भारी बहुमत से जीत रहे हैं। महामंडलेश्वर स्वामी दया राम दास ने कहा कि जब तक हिंदू हैं वहां सनातन संस्कृति सुरक्षित है, परन्तु आज भी कुछ राजनीतिक दल देश को 77 साल से देश को बांटने का कार्य कर रहे है, जिसका परिणाम है कि उत्तराखंड की संस्कृति के साथ यहां की डेमोग्राफी भी बदल रही है।

## खबरें एक नजर में

### रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव आज आएंगे भारत

**नयी दिल्ली।** रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव सोमवार को भारत-रूस अंतरसरकारी आयोग की बैठक में भाग लेने के लिए दो दिन की यात्रा पर यहां आएंगे। रूस के राजदूतावास ने आज यहां यह जानकारी देते हुए कहा कि श्री मंतुरोव भारत की दो दिन की कामकाजी यात्रा पर सोमवार को मुंबई में रूसी-भारतीय बिजनेस फोरम के पूर्ण सत्र में भाग लेंगे। रूसी राजदूतावास की विज्ञप्ति के अनुसार इस आयोजन का उद्देश्य दोनों देशों के उद्यमियों के बीच सहयोग संबंधों का विस्तार करना है। फोरम में औद्योगिक सहयोग, परिवहन और रसद, वित्त, डिजिटल प्रौद्योगिकियों और अंतरक्षेत्रीय संबंधों सहित बातचीत के वर्तमान क्षेत्रों पर विषयगत सत्र शामिल होंगे। इसका आयोजन बिजनेस काउंसिल फॉर कोऑपरेशन विद इंडिया और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा किया जाता है। रूसी राजदूतावास के अनुसार 12 नवंबर को नयी दिल्ली में श्री मंतुरोव विदेश मंत्री डॉ. सुब्रमण्यम जयशंकर के साथ व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग पर रूसी-भारतीय अंतर सरकारी आयोग के 25वें सत्र की संयुक्त रूप से अध्यक्षता करेंगे। रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री की कई द्विपक्षीय बैठकों की भी योजना है।

### क्वेटा रेलवे स्टेशन विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 26

**क्वेटा (पाकिस्तान)।** क्वेटा रेलवे स्टेशन पर शनिवार को हुए आत्मघाती विस्फोट में कम से कम 26 लोग मारे गए और 62 घायल हो गए। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान, विशेष रूप से बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में पिछले साल आतंकवाद से संबंधित घटनाओं में तेज वृद्धि देखी गई है। 'डॉन न्यूज' ने प्रांतीय स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता वसीम बेग के हवाले से बताया कि विस्फोट में दो लोगों की मौत के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई, जबकि 62 अन्य घायल हो गए। डॉन न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, क्वेटा डिवीजन के आयुक्त हमजा शफकत ने कहा कि विस्फोट मुख्य रूप से कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर एक आत्मघाती हमला था, जबकि नागरिकों को भी निशाना बनाया गया था।

### सड़क दुर्घटना में तीन महिला मजदूरों की मौत, 13 घायल

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर के बकावंड-जगदलपुर मार्ग पर शनिवार रात सड़क दुर्घटना में तीन महिलाओं की मौत हो गई तथा 13 अन्य घायल हो गये जिसमें पांच महिलाओं की हालत गंभीर है। बकावंड थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने रविवार को बताया कि पाड़ापोर स्थित एक फर्म हाउस में काम करके कल रात 19 महिला मजदूर एक पिकअप वाहन में सवार होकर अपने गांव की ओर जा रहे थे। इस बीच ग्राम राजनगर के पास विपरित दिशा आती हुई वाहन के साथ टक्कर हो जाने से घटनास्थल पर तीन महिलाओं की मौत हो गई। वहीं तेरह लोग घायल हो गए जिसमें पांच की हालत गंभीर है। घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है। मृतकों की पहचान पुन्नी, दयावती तथा मदम के रुप में की गयी है।

### व्हाइट हाउस में 13 नवंबर को बाइडेन और ट्रम्प की मुलाकात

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन बुधवार को व्हाइट हाउस में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात करेंगे। व्हाइट हाउस की तरफ से शनिवार को दी गई जानकारी के मुताबिक 13 नवंबर को सुबह 11 बजे बाइडेन और ट्रम्प ओवल ऑफिस में मुलाकात करेंगे। यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब ट्रम्प की व्हाइट हाउस में वापसी होने तारीख नजदीक आ रही है। अमेरिका में 5 नवंबर के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में ऐतिहासिक वापसी की। इस चुनाव में ट्रम्प ने अपनी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को हराया। इसके साथ ही वह अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति चुने गए। ट्रम्प की इस जबर्दस्त जीत के बाद राष्ट्रपति बाइडेन ने सत्ता के व्यवस्थित हस्तांतरण का वायदा करते हुए ट्रम्प को फोन कर उनकी चुनावी जीत पर बधाई दी थी।

### महंगाई आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह गिरावट में रहे घरेलू शेयर बाजार की नजर अगले सप्ताह अक्टूबर के जारी होने वाले खुदरा एवं थोक महंगाई आंकड़ों पर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 237.8 अंक अर्थात 0.3 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 79486.32 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 156.15 अंक यानी 0.64 प्रतिशत कमजोर होकर 24148.20 अंक पर बंद हुआ।

### जापान में भारी बारिश के कारण हाई अलर्ट जारी

**टोक्यो।** जापान की मौसम एजेंसी ने रविवार को दक्षिणी प्रांत में हो रही तेज बारिश को लेकर ओकिनावा निवासियों से भूस्खलन और अन्य आपदाओं के लिए हाई अलर्ट पर रहने का आग्रह किया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने कहा कि नम हवा बहने के कारण रविवार को ओकिनावा में वायुमंडलीय स्थितियां बहुत अस्थिर हैं, उत्तरी हिस्से में बारिश के बादल विकसित हो रहे हैं।

# अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित हुई वेटनर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप

**प्रतियोगिता में अनिल कुमार ने तीन स्वर्ण पदक सहित कांस्य पदक किया अपने नाम**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अमेठी स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आठ नवम्बर से 10 नवम्बर तक तीन दिवसीय नेशनल वेटनर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें राजधानी के आलमबाग स्थित सवारी व मालडिब्बा कारखाना में कार्यरत अनिल कुमार ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। उन्होंने इस चैम्पियनशिप में अलग-अलग स्पर्धा में तीन स्वर्ण पदक सहित व एक कांस्य पदक सहित कुल चार पदक अपने नाम किए।

इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता अर्जुन अवार्ड तथा पदम् श्री विजेता सुधा सिंह ने किया। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों जैसे हरियाणा, पंजाब, गुजरात, हैदराबाद, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, बंगाल आदि राज्यों के खिलाड़ियों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर अमेठी विधायक महाराजी प्रजापति ने डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में विजेताओं को मेडल देकर उनका सम्मान किया। प्रतियोगिता में चार पदक जीतने वाले अनिल कुमार का चयन 20वीं मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप थाइलैंड के लिए हुआ। इससे पहले भी अनिल कुमार कई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीत चुके हैं।

### हिन्दू मंदिर पर हमले के खिलाफ कनाडा उच्चायोग के बाहर सिखों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कनाडा में हिन्दू मंदिर पर हुए हमले के खिलाफ रविवार को सिखों ने दिल्ली स्थित कनाडा उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के चलते दिल्ली में कनाडाई उच्चायोग के बाहर बड़ी संख्या पुलिस बल तैनात रहा है। कनाडा के उच्चायोग, चाणक्यपुरी जा रहे हिंदू सिख ग्लोबल फोरम के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने तीन मूर्ति मार्ग पर रोक दिया। इस दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ लोगों ने जमकर नारेबाजी की। इन लोगों के हाथों में विभिन्न नारे लिखे पोस्टर लिए हुए थे, जिसमें हिन्दू सिख एकता और श्री गुरु तेग बहादुर साहिबजी का बलिदान, नहीं बंटेगा हिन्दुस्थान के नारे लिखे हुए थे। उल्लेखनीय है कि कनाडा के टोरंटो के पास ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर के साथ मिलकर आयोजित एक वाणिज्य दूतावास शिविर के बाहर भारत विरोधी खालिस्तानी तत्वों ने रविवार 3 नवंबर को हिंसक व्यवधान पैदा किया था।

# अवैध बांग्लादेशियों को जेल या उनके देश भेजना भाजपा का संकल्प : डॉ. मोहन यादव

एजेंसी




**झारखंड/भोपाल ।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को झारखंड के दुमका जिले की पोरैयाहाट विधानसभा के सरैयाहाट तथा देवघर जिले की सारद और मोहनपुर विधानसभाओं में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं डंके की चोट पर कह रहा हूं कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बांग्लादेश घुसपैठियों के वोट नहीं चाहिए। ये घुसपैठिए या तो जेल भेजे जाएंगे या फिर वापस बांग्लादेश की सीमा में चले जाएं, यही भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है। आप सभी से मेरा निवेदन है कि ये चुनाव बहुत जिम्मेदारी का चुनाव है।

आपने देखा है कि किस तरह कंस के रास्ते पर चल रहे कांग्रेस और हेमंत सोरेन जैसे लोग सत्ता पर कब्जा करके बैठ गए थे और चोर, लुटेरे, उठाईगीर सब इकट्ठे हो गए थे। इसलिए आप सभी ये संकल्प लीजिए कि आने वाली 13 तारीख को जब तक हर घर के वोट भाजपा को नहीं डल जाते, तब तक चैन से नहीं बैठेंगे।

**भगवान बिरसा मुंडा ने अपने प्राण भारतमाता को समर्पित किए**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब से अयोध्या में भगवान राम मुस्कुराए हैं, उसका पूरे देश में अलग ही आनंद है। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार दीपावली मनाई गई है। हम जय-जय श्रीराम का गगनभेदी नारा लगाते हैं, तो हमारे लिए आनंद दोगुना हो जाता है। लेकिन विरोधी पार्टी वालों के होश उड़ जाते हैं। वह घबरा जाते हैं और उनकी छाती ठंडी हो जाती है। उनको लगता है कि उनके सिर पर हथौड़े पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब सनातन धर्म की जय-जयकार होती है, तो हमें हमारा गौरवशाली अतीत याद आता है।

**बेईमानों को बॉय-बॉय करेगी भाजपा**

डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार हर गरीब का जीवन बदलने और उसके जीवन में खुशहाली लाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने नारा दिया है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास।

# पाक ने 22 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में जीती वनडे सीरीज

एजेंसी




**पर्थ।** पाकिस्तान टीम ने तीसरे एवं आखिरी वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ पाकिस्तान टीम ने तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में 22 साल बाद द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीती है। इससे पहले पाकिस्तान टीम ने 2002 में ऑस्ट्रेलिया में उसके खिलाफ 2-1 से वनडे सीरीज जीती थी।

मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली पाकिस्तान टीम ने पर्थ में खेले गए इस निर्णायक मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। ऑस्ट्रेलिया टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 31.5 ओवर में 140 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में पाकिस्तान की टीम ने 26.5 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया ने पहला वनडे दो विकेट से जीता था। इसके बाद दूसरे वनडे में पाकिस्तान टीम ने वापसी की और नौ विकेट से जीत हासिल की। तीसरा वनडे जीतने के बाद पाकिस्तान ने सीरीज अपने नाम कर ली। अब दोनों टीमों के बीच 14 नवंबर से तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 140 रन बनाए। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन सीन एबॉट ने बनाए। एबॉट ने 41 गेंदों का सामना करते हुए 30 रन की पारी खेली।

उनके अलावा मैथ्यू शॉर्ट 22 रन, एरॉन हार्डी 12 रन, एडम जैम्पा 13 रन, जेक फ्रेज मैकगर्क 7 रन, कप्तान जोश इंगलिस 7 रन, कूपर कोनोली 7 रन, मार्कस स्टोइनिस ने 8 रन बनाए।

लांस मॉरिस और ग्लेन मैक्सवेल खाता भी नहीं खोल सके। स्पेंसर जॉनसन 12 रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की ओर से शाहीन अफरीदी और नसीम शाह ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि हारिस रऊफ ने दो विकेट और मोहम्मद हसनैन को एक विकेट मिला। जवाब में 141 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम ने अच्छी शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज सैम अयूब और अब्दुल्ला शफीक ने 84 रन की साझेदारी की। शफीक 53 गेंद में 37 रन और सैम 52 गेंदों में 42 रन बनाकर आउट हुए। बाबर आजम 28 रन और मोहम्मद रिजवान 30 रन बनाकर नाबाद रहे और टीम को जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से दोनों विकेट लांस मॉरिस ने लिए।

## भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

**कैनबेरा।** ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज यानी बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। दोनों टीमों के बीच सीरीज की शुरुआत 22 नवंबर से हो रही है। पहला मैच पर्थ में खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को पहले टेस्ट के लिए 13 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान किया। दल में युवा नाथन मैकस्वीनी को शामिल किया गया है। मैकस्वीनी ने हाल ही में भारत-ए के खिलाफ अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया है। इसके अलावा विकेटकीपर जोश इंगलिस को भी पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। इनके अलावा बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ टीम को मजबूती प्रदान करेंगे। इनके अलावा ट्रैविस हेड और मिचेल मार्श तथा विकेटकीपर एलेक्स कैरी शामिल हैं। तेज गेंदबाजों में कप्तान पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के साथ स्कॉट बोलैंड शामिल हैं। स्पिन गेंदाबाजी में अनुभवी नाथन लियोन दिखेंगे। चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली का मानना ??है कि टीम अच्छी तरह से संतुलित है और उनका अनुमान है कि यदि मैकस्वीनी को पदार्पण का मौका मिलता है तो वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बेली ने कहा कि मैकस्वीनी ने वे गुण प्रदर्शित किए हैं जिनके बारे में हमारा मानना है कि वे टेस्ट क्रिकेट के लिए उन्हें अच्छी तरह तैयार करेंगे। साथ ही घरेलू क्रिकेट में उनका हालिया रिकॉर्ड अच्छा है। उन्होंने कहा, ''इसी तरह, जोश शेफील्ड शील्ड प्रतियोगिता में शानदार फॉर्म में रहे और वह टेस्ट टीम में जगह पाने का हकदार है। उन्होंने कहा कि टीम संतुलित है और एंड्रयू तथा पैट को एक रोमांचक श्रृंखला के लिए आवश्यक विकल्प प्रदान करती है।

**पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम :** पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, नाथन मैकस्वीनी, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क।

### कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में अगले 24 घंटों के दौरान बर्फबारी के आसार

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में अगले 24 घंटों के दौरान बारिश और बर्फबारी होने के आसार हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर ने रविवार को अगले 24 घंटों के दौरान कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी का अनुमान जताया है। मौसम कार्यालय ने कहा कि रविवार को मौसम आमतौर पर बादल छाए रहेंगे और अगले 24 घंटों के दौरान ऊंचाई वाले इलाकों और उत्तर में तथा मध्य कश्मीर के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और बर्फबारी का अनुमान है। मौसम विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार 12 से 14 नवंबर तक मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा। कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों और छिटपुट स्थानों पर 15 से 16 नवंबर तक हल्की बारिश होने का अनुमान है। कश्मीर मौसम के स्वतंत्र पर्यवेक्षक फैजान आरिफ ने कहा कि एक ताजा कमजोर पश्चिमी विक्षोभ (डब्ल्यूडी) रविवार रात से जम्मू-कश्मीर को प्रभावित करने के लिए तैयार है।

# कनाडा : हिंदू मंदिर में हमला मामले में एक और आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी

**ब्रैम्पटन।** कनाडा के ब्रैम्पटन में पिछले दिनों एक हिंदू मंदिर में किए गए उपद्रव को लेकर पुलिस ने एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान खालिस्तान समर्थक इंद्रजीत गोसाल (35) के रूप में हुई है। हथियार से हमले के आरोपित इंद्रजीत गोसाल को 8 नवंबर को गिरफ्तार किया था। हालांकि उसे बाद में कुछ शर्तों पर रिहा कर दिया गया। उसे बाद में ब्रैम्पटन में ओन्टारियो कोर्ट ऑफ जस्टिस में पेश होना है।

कनाडा की पील पुलिस ने अपने बयान में कहा कि इस अपराध में शामिल और संदिग्धों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए घटना के करीब एक सौ वीडियो की जांच की जा रही है। इन वीडियो में लोग झंडे और डंडों का इस्तेमाल कर दूसरे लोगों पर हमला करते दिख रहे थे। उल्लेखनीय है कि 3 नवंबर को खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों ने ओंटारियो के ग्रेटर टोरंटो क्षेत्र के ब्रैम्पटन शहर स्थित हिंदू सभा मंदिर में लोगों पर हमला कर दिया था। खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों ने मंदिर अधिकारियों और भारतीय वाणिज्य दूतावास की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बाधा डाली थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट साझा कर हमले की निंदा की थी। इसके अलावा भारतीय उच्चायोग ने कनाडा में एक वाणिज्य दूतावास शिविर के बाहर भारत विरोधी÷ तत्वों द्वारा किए गए हिंसक व्यवधान की निंदा की। ओंटारियो के नेपियन क्षेत्र से सांसद चंद्र आर्य ने भी एक्स पर पोस्ट कर कहा, कुछ नेता जानबूझकर इस हमले के लिए खालिस्तानियों को जिम्मेदार ठहराने और उनका जिक्र करने से बच रहे हैं।